


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सहेजना होगा वर्षा का कीमती जल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -133, पृष्ठ 14+4, मूल्य: -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 9 जून 2024


आज का मौसम | 45.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 19 : 01




बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं...14


## मंत्री वीआईपी कल्चर छोड़ फील्ड में उतरें, जनता की सुनें : मुख्यमंत्री

- जनता के लिए है सरकार, उनकी समस्याएं सख्ती से निपटाएं
- लोकसभा चुनाव में निराशाजनक परिणामों के बाद योगी की दो टूक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से आए निराशाजनक परिणामों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने मंत्रियों के साथ बैठक की। लोकभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने जहां पार्टी के कमजोर प्रदर्शन के कारणों का फीडबैक लिया वहीं मंत्रियों को वीआईपी कल्चर छोड़कर फील्ड में उतरकर आमजन से संवाद रखने और उनकी समस्याएं निपटाने की सख्त हिदायत दी। मंत्रिपरिषद की इस बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य मौजूद नहीं थे। दोनों ही दिल्ली दौरे पर है।



लखनऊ में बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने चुनाव बाद नये सिरे से जनहित के काम में जुट जाने को उत्साहित करते हुए मंत्रियों को संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता का मंत्र देकर जनता के बीच जाने को कहा। उन्होंने कहा है कि सरकार जनता के लिए हैं, हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है, ऐसे में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का समाधान होना ही चाहिए। जहां भी समस्या हो, मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराएं।

## देश को मिले 355 जांबाज अफसर



भारतीय सैन्य अकादमी के ऐतिहासिक चैटवुड भवन के ठीक सामने जश्न मनाते कैडेट्स। ● एजेंसी

- आईएमए की पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी के इतिहास में शनिवार को एक और गौरवमयी पल जुड़ गया। 355 नौजवान युवा कैडेट्स भारतीय सेना में बतौर अफसर शामिल हो गए। अकादमी से 394 जेंटलमैन कैडेट्स पास आउट हुए, इसमें मित्र देशों के भी 39 जेंटलमैन कैडेट सैन्य अफसर बन गए। पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर मिला। परेड के बाद जेंटलमैन कैडेट ने जब परिजनों के हाथों से बैज पहने तो उनकी खुशी देखने लायक थी।

इस बार रिव्यूइंग अफसर के रूप में उत्तरी कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार पहुंचे थे जिन्होंने परेड की सलामी ली। उन्होंने युवा अफसरों को हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। इस दौरान सेना के हेलीकॉप्टरों ने सेना में इन जांबाज अफसरों का स्वागत करते हुए आसमान से पुष्प वर्षा की। पीओपी सेरेमनी में भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन और डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल आलोक नरेश भी उपस्थित रहे। आईएमए में 154वां नियमित और 137वां तकनीकी ग्रेजुएट कोर्स संपन्न हुआ।

# आज तीसरी बार मोदी

### शपथ ग्रहण समारोह में सात देशों के राष्ट्राध्यक्ष व आठ हजार अतिथि होंगे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी का रविवार को तीसरी बार राजतिलक होगा। वह राष्ट्रपति भवन में अपने मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने वाले सदस्यों के साथ शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन प्रांगण में शपथ दिलाएंगी।

प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का रिकार्ड दोहराएंगे। समारोह में कई पड़ोसी देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ कुल आठ हजार आमंत्रित लोग शामिल होंगे। समारोह के मंच और अतिथियों के लिए बैठने के मंच की साज सज्जा के बारे में राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को एक वीडियो जारी किया गया। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिये अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनियां तैनात की जा रही हैं। शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचीं। समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत पहुंचेंगे।

**सजा राष्ट्रपति भवन**



शपथ समारोह के लिए सजाया गया राष्ट्रपति भवन। ● एजेंसी

### मंत्रिपरिषद में 40 चेहरे, 20 नए



- अनुभव व नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में करीब 40 सदस्यों को शामिल किया गया है।जिनमें गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 लोग शामिल किए गए हैं। वहीं, महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ाएंगे। सूत्रों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगू देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य मोदी के मंत्रिमंडल में दिखायी देने की संभावना है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता, कृषि, ग्रामीण विकास, भारी उद्योग, उद्योग एवं वाणिज्य आदि में भाजपा एवं सहयोगी दलों के नये चेहरे दिखेंगे। यह भी संभव है कि बड़े मंत्रालयों में पुराने कैबिनेट मंत्रियों के साथ सहयोगी दलों के राज्य मंत्री भी दिखायी दें।

### पहली महिला लोको पायलट समेत 10 सदस्य होंगे शामिल

शपथ ग्रहण समारोह में पहली लोको पायलट सुरेखा यादव समेत दल के 10 लोको पायलटों को नई दिल्ली में आमंत्रित किया गया है। वह सोलापुर और मुंबई में सीएसएमटी के बीच चलने वाली सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली महिला लोको पायलट हैं।

## सपा संसदीय दल के नेता होंगे अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी संसदीय दल के नेता होंगे। यह प्रस्ताव दिल्ली में होने वाली अगली बैठक में लाया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों की बैठक के बाद पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी।



- दिल्ली में होगी औपचारिक घोषणा

सपा मुखिया की अध्यक्षता में संपन्न बैठक की जानकारी देते हुए चौधरी ने बताया कि चुने सांसदों को बधाई देने के साथ ही पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया है। बड़े पैमाने पर जनता का समर्थन मिलने से पार्टी की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है। जनता की समस्याओं को उठाना, उनके हित में अपनी बात रखने को समाजवादियों का संघर्ष लोकसभा में जारी रहेगा। बैठक में पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, प्रो. रामगोपाल यादव, शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिम्पल यादव, राजेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

## राहुल बन सकते हैं विपक्ष के नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस कार्य समिति ने राहुल गांधी को सर्वसम्मति से लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया और कहा कि गांधी ही लोकसभा में पार्टी के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठा सकते हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा जयराम रमेश ने समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी।


वेणुगोपाल ने कहा कि कार्य समिति ने सर्वसम्मति से राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद संभालने का अनुरोध किया गया है, जिस पर उन्होंने कहा है कि वह बहुत जल्द फैसला लेंगे। यह पूछे जाने पर कि गांधी रायबरेली या वायनाड में से अपने पास कौर सी सीट रखेंगे उन्होंने कहा कि इस बारे में तीन-चार दिन में फैसला लिया जाएगा। चर्चा हैकि वह वायनाड की सीट को छोड़ सकते हैं।



सीपीपी की बैठक के लिए जाते राहुल और सोनिया।

### सोनिया सीपीपी की प्रमुख

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से पार्टी संसदीय दल (सीपीपी) का प्रमुख चुना गया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा उन्होंने नेतृत्व करने का अधिकार खो दिया है।



## सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने गोली मार कर की आत्महत्या

**मुरादाबाद।** सपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने शनिवार सुबह खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।



घटना शनिवार को मझोला थाना क्षेत्र में बुद्धि विहार में उनके आवास पर हुई। उनका शव आवास के निचले तल पर बने कमरे में मिला है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अवाक हैं। घटना सुबह सवा आठ से 8.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोपहर तक घटना के कारण की जांच करते रहे।

## पत्नी-पुत्री सहित सीओ सिटी पर रिपोर्ट

- पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को सीओ सिटी पद से हटाया
- एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज हुआ मारपीट का मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बस्ती जिले में तैनात सीओ सिटी की महिला मित्र ने उन पर, उनकी पत्नी व पुत्री के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, सीओ सिटी को लेकर जिले एवं पुलिस विभाग में चर्चा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने शनिवार दोपहर आरोपी सीओ को पद से हटाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अटैच कर दिया। सीओ रुदौली को अब सीओ सिटी बनाया है।

महिला डाक्टर ने सीओ विनय सिंह चौहान पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह राजस्थान स्वास्थ्य विभाग में राज्य नियंत्रण अधिकारी के रूप में तैनात हैं। उसके पति राजस्थान के एक नगर निगम में तैनात हैं। सीओ विनय सिंह चौहान से उनका पांच वर्ष पुराना रिश्ता है। उनकी लगातार मुलाकातें होती रहती हैं। महिला डाक्टर ने दी गई तहरीर में बताया कि 26 मई 2024 को वह राजस्थान से बस्ती सीओ विनय सिंह से मिलने सरकारी आवास पहुंची थी। तभी अचानक विनय सिंह की पत्नी और पुत्री पहुंची और उसे पीटने लगी। इसके बाद महिला कांस्टेबल को बुलवाकर भी मुझे पीटा गया। उस समय विनय सिंह ने मुझे गिरफ्तार भी कराया। घटना के बाद मैंने मौखिक रूप से एसएचओ महिला थाना और बस्ती के एएसपी को पूरी बात बताई। इस दौरान एएसपी बस्ती ने घटना के लिए मुझे सोच-समझकर जवाब देने को कहा। महिला डाक्टर ने बताया कि विनय ने मुझे छोड़कर अपने परिवार का साथ दिया।

विनय ने कहा कि तुम मर जाओ, मैं अपने परिवार का साथ नहीं छोड़ुंगा। जबकि सीओ मेरे साथ पांच साल से जुड़े हैं और कई बार विवाह से जुड़ी बातें भी हो चुकी हैं। पीड़ित महिला की तहरीर पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी सीओ, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ धारा 342, 323, 341, 504, 34 के अलावा एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज किया है।

## भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों की अब खैर नहीं

- सॉल्वर गैंग और पेपर लीक से निपटने के लिए प्रदेश सरकार जल्द लाएगी नया कानून
- योगी ने रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने को चयन आयोग के अध्यक्षों के साथ की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पेपर लीक व साल्वर गैंग जैसी अराजक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठोर कानून लाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस तरह के अपराध में संलिप्त हर अपराधी के खिलाफ ऐसी कठोरतम कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने। चयन आयोगों को परीक्षा से पूर्व, परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद शासन स्तर के शीर्ष अधिकारियों तथा एसटीएफ के संपर्क में रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक के बाद विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों व चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि पेपर सेट करने की प्रक्रिया, उनकी छपाई, कोषागार तक पहुंचाने, कोषागार से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने, परीक्षा केंद्र की व्यवस्था, परीक्षा के बाद ओएमआर आयोग तक पहुंचाने, ओएमआर की स्कैनिंग, परिणाम तैयार करने सहित पूरी व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग एजेंसियों को उनका भलीभांति रिकॉर्ड जांच करने के बाद दायित्व दें। हर पाली में 2 या अधिक पेपर सेट जरूर होने चाहिए। हर सेट के प्रश्नपत्र की छपाई भी अलग-अलग एजेंसी का माध्यम से करायी जानी चाहिए। तलाशी लेने के लिए महिला कर्मियों की तैनाती जरूर हो। आयोग भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर समय से जारी करें।

केंद्र व्यवस्थापक के रूप में दूसरे संस्थान के प्रधानाचार्य को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। जिलाधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को भी व्यवस्था से जोड़ें। गड़बड़ी हुई तो इनकी भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। यह भी कहा कि राजकीय इंटर कालेज, डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज अथवा साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड वाले शैक्षिक संस्थान ही परीक्षा केंद्र बनाए जाएं। सभी परीक्षा केंद्र शहरी क्षेत्र में हों, सीसीटीवी से लैस हों।

### शिक्षा सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र

प्राथमिक, माध्यमिक, प्राविधिक, व्यावसायिक आदि शिक्षण संस्थानों में शिक्षक चयन की प्रक्रिया में बड़ा सुधार करते हुए हाल ही में शिक्षा सेवा आयोग का गठन किया गया है। इसके सदस्य नामित किए जा चुके हैं, अध्यक्ष की नियुक्ति भी यथाशीघ्र कर दी जाएगी। सभी विभाग नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो।

## एक नजर

### रामोजी राव के निधन पर योगी ने जताया शोक

अमृत विचार,लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामोजी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन रामोजी राव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। योगी ने मीडिया और फिल्म उद्योग में उनके योगदान को अभूतपूर्व और अतुलनीय करार दिया है।

### सपा नेता डीपी यादव के निधन से अखिलेश दुखी

अमृत विचार,लखनऊ: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सपा के मुरादाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव (58वर्ष) के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# जिनके पास स्थाई लाइसेंस उनसे सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं

नीरज मिश्र,लखनऊ



▸▸ प्रदेश में हादसों के कारणों पर हर साल तैयार होती है रिपोर्ट

▸▸ 28,752 दुर्घटनाएं हुईं लाइसेंस धारकों से

**अमृत विचार:** आमतौर पर धारणा रहती है कि जिनके पास वैध या पक्के लाइसेंस नहीं हैं और उन्होंने वाहन चलाने की ट्रेनिंग ठीक से नहीं ली है। ऐसे में सबसे अधिक हादसे बिना लाइसेंस वाले ही करते हैं। लेकिन सच में ऐसा नहीं है। सबसे ज्यादा हादसे वैध लाइसेंस धारक ही करते हैं। यह हम नहीं बल्कि हर साल तैयार होने वाली रिपोर्ट कह रही है। बीते कैलेंडर वर्ष-2023 के आए प्रदेश के आंकड़े बताते हैं कि इनमें सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं वैध स्थायी लाइसेंस वालों से हुई हैं। दरअसल दुर्घटना के बाद सबसे पहले वाहन चलाने वाले के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की जाती है। इसी से पता चलता है कि उसके पास वैध डीएल है या नहीं।

**सबसे ज्यादा होती है दुर्घटनाए:** अच्छे मार्ग और उस पर अनियंत्रित गति में फर्राटा भरते वाहनों से सबसे अधिक दुर्घटनाएं नेशनल हाइवे पर होती हैं। बीते वर्ष एनएचआई पर 9,971 हादसे हुए। इसमें 5,679 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक्सप्रेस-वे पर 3,275 हादसों में 1,761 लोगों की मौत हुई। वहीं एनएच से जुड़े अन्य विभागों पर 1,938 घटनाओं में 1,006 लोग काल कवलित हुए।

### ये है आंकड़ा

बीते वर्ष का जो आंकड़ा आया है उनमें करीब 28,752 एक्सीडेंट वैध लाइसेंस धारकों के हिस्से आए हैं। तो लर्नर लाइसेंस वालों ने 2,830 और बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने वालों ने 3,534 दुर्घटनाएं की हैं। इनमें से 9,418 लोग ऐसे भी हैं जिनसे घातक एक्सीडेंट हुए हैं। इनसे बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं।

### 2023 में हुईं दुर्घटनाएं

| लाइसेंस के प्रकार | हादसों की संख्या |
|---|---|
| वैध लाइसेंस धारक | 28,752 |
| लर्नर लाइसेंस | 2,830 |
| बिना लाइसेंस | 3,534 |

"हादसे लापरवाही के कारण होते हैं। मामूली सी असावधानी हादसे का सबब बन सकती है। ऐसा नहीं है कि लाइसेंस धारक हादसे करते हैं। दरअसल लंबे समय से वाहन चला रहा लाइसेंसधारक व्यक्ति थोड़ा लापरवाह हो जाता है। इसी को लेकर विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उम्मीद है कि सुधार आएगा।

**–पुष्पसेन सत्यार्थी,** अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

# आश्रम पद्धति विद्यालयों को मिले प्रधानाचार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रवक्ताओं की प्रोन्नति

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग के संचालित 22 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों (आश्रम पद्धति विद्यालय) में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की गई है। ये नियुक्ति यहां पढ़ाने वाले प्रवक्ताओं को प्रोन्नति देकर की गई है। राज्य सरकार का इसके पीछे उद्देश्य इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करने का है। इसी वर्ष फरवरी माह में भी 11 प्रवक्ताओं को प्रोन्नति देकर प्रधानाचार्य बनाया गया था।

दरअसल, आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा 103 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि विद्यालयों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है, ताकि विद्यालयों के प्रशासनिक कार्यों के साथ तकनीक आधारित शिक्षा के ढांचे को और मजबूत किया जा सके।

### मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का मिला आमंत्रण

**अमृत विचार,लखनऊः** नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में उप्र. से भी काफी संख्या में भाजपा नेता शामिल होंगे। इस समारोह के लिए राष्ट्रपति भवन की ओर से मुख्यमंत्री के अलावा राज्य के सभी मंत्रियों, मौजूदा और पूर्व सांसदों, राज्यसभा और विधान परिषद सदस्यों के अलावा प्रदेश और जिला स्तरीय पदाधिकारियों को भी आमंत्रण पत्र भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह में उन प्रत्याशियों को भी आमंत्रित किया गया है, जो इस बार चुनाव हार गए हैं। इनके अलावा लोकसभा विस्तारक, प्रदेश संगठन के सभी 44 पदाधिकारियों, सभी मोर्चा के अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है।

# अभियंताओं की लापरवाही ले रही लोगों की जान

## जमीन व भवन के निकट से गुजरी बिजली लाइनों से हो रहे हादसे

रमेश चन्द्र, लखनऊ

▸▸ नहीं दुरुस्त हो रहीं बिजली की जर्जर लाइनें

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति से जुड़े अभियंताओं की लापरवाही से आम लोगों की जान जा रही है। जर्जर बिजली लाइनें न बदले जाने व जमीन-भवन से निर्धारित दूरी पर लाइनों के न होने के कारण लोग करंट की चपेट में आ रहे हैं। पिछले दिनों राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।

राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए आरडीएसएस योजना (रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) चल रही है। इस योजना में ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, उपकेंद्रों की 'ओवरलोडिंग'कम करने, बिजली चोरी रोकने व दुर्घटनाओं से बचाव के लिए नंगे तारों की जगह एबीसी केबिल बिछाये जाने, आवश्यक स्थानों पर बिजली खंभे लगाये जाने आदि कार्य शामिल हैं। इस योजना के तहत स्वीकृत साढे.सोलह हजार रुपये से सुधार कार्य चल रहा है।

पावर कॉरपोरेशन व सहायक वितरण कंपनियों के अफसरों की ओर से इस योजना पर तेजी से सुधार कार्य होने का दावा किया जा रहा है, पर धरातल पर सुधार कार्य का असर नहीं दिख रहा है। स्थानीय खराबियों के कारण भीषण गर्मी में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोग बेहाल हैं। इस बीच, बिजली लाइनों की चपेट में आने से लोग मौत के शिकार हो रहे हैं।

### लखीमपुर में बुजुर्ग की मौत पर रिपोर्ट तलब

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने लखीमपुर में बिजली लाइन की चपेट में आने से बुजुर्ग राम पाल भार्गव के मौत प्रकरण को गंभीरता से लिया है। कॉरपोरेशन ने लखीमपुर के संबंधित अधीक्षण अभियंता को मामले की जांच कर रिपोर्ट कॉरपोरेशन में भेजने को कहा है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद दोषी अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में बिजली आपूर्ति सुधार के साथ ही करंट से हो रही मौत की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित बिजली निगमों व अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। अफसरों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने को कहा गया है। इस पर ध्यान न देने वाले अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**–जीडी द्विवेदी, निदेशक वितरण, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन**

### प्रमुख घटनाएं

- बीते दिन लखीमपुर में मजरा बहोरी पुरवा निवासी 60 साल के रामपाल भार्गव खेत में घास काटने गए थे, वापस लौटते वक्त वह इस लाइन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।
- सात मई को हरदोई जिले के हरपालपुर में गांव में फसल की रखवाली कर रहे पति को खाना देने गई पत्नी हेमकली पर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया। करंट की चपेट में आई पत्नी को बचाने के लिए पति भी पहुंच गया। घटना में दोनों की मौत हो गई।
- 22 मई को फतेहपुर के मलवां क्षेत्र में ट्रैक्टर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई थी।
- 11 मार्च को गाजीपुर में बरातियों से भरी बस हाईटेंशन की लाइन की चपेट में आ गई थी। इस घटना में आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी लाइन ठीक नहीं की गई थी। घटना के बाद अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अवर अभियंता को निलंबित किया गया था, जबकि एक संविदा कर्मी की सेवा समाप्त कर दी गई थी।

# ग्रीन कोल प्रोजेक्ट से बनाएगी आत्मनिर्भर

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ग्रीन कोल प्रोजेक्ट के जरिये प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की कवायद कर रही है। इसके तहत नोएडा में प्रतिदिन 900 टीपीडी क्षमता का प्लांट शीघ्र स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से प्रतिदिन 200 टन ग्रीन कोल और एक हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। यह वेस्ट टू एनर्जी के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी एमबीएल का प्रोजेक्ट है। अधिकारियों ने बताया कि एनटीपीसी ने नगर निगम के कचरे से चार साल पहले कचरे से टॉरिफाइड चारकोल बनाने की योजना बनाई थी।

# पांच मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों को नहीं मिल रही प्रोन्नति

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ डेढ़ साल से प्रमोशन न होने के बावजूद चुप है चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय

**अमृत विचार:** एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज की योजना अंतर्गत प्रथम चरण में शुरू होने वाले पांच ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कालेजों में शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं मिल रही है। बीते डेढ़ साल से प्रमोशन न होने के बावजूद चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय चुप्पी साधे है।

अयोध्या, बस्ती, शाहजहांपुर, बहराइच व फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज में बीते लगभग डेढ़ साल से शिक्षकों के प्रमोशन नहीं हुए हैं। हर कॉलेज में करीब 20-20 शिक्षक, अर्थात लगभग 100 शिक्षक पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। अयोध्या मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार का कहना है कि एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर तीन साल की सेवाएं देने के बाद प्रोफेसर पद पर प्रमोशन दिया जाता है, जो कि दिये जा चुके हैं। असिस्टेंट पद पर चार साल सेवाएं देने के बाद एसोसिएट पद पर पदोन्नति दी जाती है। मेरे कार्यकाल में उनके चार साल पूरे नहीं हुए थे।



स्टॉफ ऑफिसर पूर्णेंदु सिंह को रैंक लगाते डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

### प्रोन्नति के बाद डीजीपी ने स्टॉफ आफिसर को लगाया रैंक

**अमृत विचार,लखनऊ :** उप्र. पुलिस में 53 अपर पुलिस अधीक्षकों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में पदोन्नति होने के बाद शनिवार को आयोजित अपर पुलिस अधीक्षकों की पिपिंग सेरेमनी में डीजीपी प्रशांत कुमार ने अपने स्टॉफ ऑफिसर पूर्णेंदु सिंह एवं एएसपी शुभ्रा भाष्कर को रैंक लगाया। इस दौरान डीजीपी ने सभी 53 अपर पुलिस अधीक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 16 विधानसभा सीटों पर हो सकता है उपचुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लोस. चुनाव लड़ने वाले नौ विधायक अब बन गए हैं सांसद

▸▸ भाजपा के पांच और सपा के चार विधायक हैं शामिल

**अमृत विचार:** उप्र. में शीघ्र 16 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो सकते हैं। लोस. चुनाव लड़ने वाले नौ विधायक अब सांसद बन गए हैं। इसमें भाजपा के पांच और सपा के अखिलेश यादव समेत चार एमएलए शामिल हैं।

इसके अलावा सपा राज्यसभा चुनाव में पार्टी लाइन से अलग जाकर वोट करने वाले छह विधायकों की सदस्यता भी खत्म कराना चाहती है। इसमें मनोज पांडेय, अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह, राकेश पांडे, आशुतोष मौर्या और विनोद चतुर्वेदी शामिल हैं। वहीं, सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा सुनाए जाने के साथ उनकी विधानसभा की सदस्यता भी समाप्त हो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव दोनों ने अपनी-अपनी बैठकों में अपने पार्टीजनों, नेताओं से उप चुनावों के लिए कमर कस लेने को कहा है।

# दिसंबर तक पूरा हो जाए रियल टाइम खतौनी का काम

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ने रियल टाइम खतौनी के काम को बचे हुए जिलों में दिसंबर तक पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। 10 जिलों में यह काम लगभग पूरा कर लिया गया है। इनमें चार जिलों ने 100 प्रतिशत रियल टाइम खतौनी पूरी कर ली गई है जबकि छह जिलों में 99 प्रतिशत से अधिक काम हो चुका है।

दरअसल, सभी जिलों को देखते हुए औसतन रियल टाइम खतौनी का काम 95.7 प्रतिशत पूरा हो चुका है और सबसे खराब प्रदर्शन वाले जिलों में 72 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। राजस्व विभाग दिसंबर तक सभी जिलों में शत प्रतिशत खतौनी को डिजिटली उपलब्ध कराने लगेगा।

# ढाई करोड़ का गोल्ड लोन फ्रॉड करने वाला बैंक मैनेजर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ महाराष्ट्र के थाणे स्थित फेडरल बैंक का था मैनेजर

**अमृत विचार:** महाराष्ट्र के थाणे स्थित फेडरल बैंक में बतौर मैनेजर ढाई करोड़ के गोल्ड लोन का फ्राड करने वाला आरोपी राजधानी में गिरफ्तार किया गया है। फ्राड के बाद थाणे में मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ था, तभी से थाणे क्राइम ब्रांच और उप्र. एसटीएफ तलाश रही थी।

एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश कुमार शुक्ल ने बताया कि जौनपुर के मछली शहर निवासी गिरिजा शंकर तिवारी थाणे में फेडरल बैंक का मैनेजर था। शनिवार को आरोपी को सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के खेवली हसनपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी गिरिजा शंकर ने पूछताछ पर बताया कि वह वर्ष 2009 से विभिन्न बैंक एवं इंश्योरेंस कम्पनियों में पदस्थ रहा तथा दिसंबर 2021 से फैड बैंक महाराष्ट्र में ब्रान्च मैनेजर के पद पर रहते हुए, ग्राहकों से कम ब्याज दर पर गोल्ड लोन देने के लिए गोल्ड जमा करवाता रहा था। लेकिन उस गोल्ड को अपने पास ही रखे रहा। गोल्ड लोन की धनराशि भी ग्राहकों को स्वंय ही दी गई। बाद में गिरिजाशंकर गायब हो गया ।

# राहुल वायनाड सीट से दे सकते हैं इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हो रही चर्चा

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में लाने की कवायद के बीच उनके दो सीटों में से एक सीट को छोड़ने की चर्चा शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में चर्चा है कि राहुल केरल की वायनाड सीट छोड़ सकते हैं। प्रदेश के नेताओं ने राहुल गांधी से रायबरेली सीट न छोड़े जाने की अपील की है।

2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़े थे। वह अमेठी से चुनाव हार गये थे, जबकि वायनाड सीट पर उन्हें विजय हासिल हुई थी। 2024 के चुनाव में भी वह वायनाड सीट के साथ ही रायबरेली सीट से चुनाव मैदान में उतरे। नेहरू-गांधी परिवार की ओर से विरासत समझी जाने वाली इस सीट पर राहुल ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को हराकर जीत हासिल की। जबकि वायनाड सीट पर उन्होंने 3,64,422 मतों से जीत हासिल की है। 2019 में उन्होंने चार लाख से ज्यादा मतों के अंतर से चुनाव जीता था।

शनिवार को दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में इस प्रकरण पर चर्चा हुई। इस पर औपचारिक फैसला 17 जून से पहले आने की संभावना जताई जा रही है। बैठक में केरल के नेताओं ने वायनाड की जनता की भावनाओं को अवगत कराया। बताया गया कि वायनाड के लोग उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में चाहते हैं, जबकि प्रदेश में कांग्रेस की नेता विधानमंडल दलआराधना मिश्रा ने रायबरेली सीट अपने पास रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह पारंपरिक पारिवारिक सीट है। पीढ़ियों से चली आ रही है।

# आईजीआरएस पर मिले आवेदनों का तेजी से हो निस्तारण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर बधाई दी। साथ ही, सांसद निर्वाचित होने वाले मंत्रीगणों को बधाई दी। यहां जनसुनवाई को वरीयता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिगण हों, अन्य जनप्रतिनिधि हों अथवा अधिकारी, कर्मचारी, हर किसी की यह जिम्मेदारी है कि आईजीआरएस पर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण किया जाए।

इसी क्रम में योगी ने कहा कि आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर आने वाले आवेदनों को लेकर थाना, तहसील और जिला स्तर हो रही प्रगति की मंत्रिगण भी समीक्षा करें। उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठकों के लिए ई- कैबिनेट व्यवस्था और सभी विभागों में ई- ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया।



बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

▸▸ आवेदनों को लेकर थाना, तहसील व जिला स्तर पर हो रही प्रगति की मंत्री भी करें समीक्षा

विभागीय कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। इसमें हर विभाग की जिम्मेदारी पहले से तय है। यह मंत्रीगणों की जिम्मेदारी है कि वह लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा करें, जहां गड़बड़ी हो तत्काल सुधार कराएं। वहीं भावी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पौधारोपण, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण के कार्यक्रम होने हैं। इनकी सफलता के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में मंत्रीगण योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का खर्च किया जाना तय किया जाए।

### योगी के कुछ खास सुझाव

- विभागीय बजट का सदुपयोग तेजी के साथ करें।
- मंत्रीगण अनावश्यक प्रतिक्रिया देने से बचें।
- कोर्ट के निर्णयों पर भी टिप्पणी करने से पहले सोचें।
- मंत्री होने के नाते कोई भी शिकायती पत्र न लिखें।
- मोबाइल फोन पर बात करने में सतर्कता बरतें।
- जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाएं

### दोनों उप मुख्यमंत्रियों का न रहना बना चर्चा की विषय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उप्र. से भाजपा को लगे झटके के बाद से यहां से लेकर दिल्ली तक मंथन जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शनिवार को मंत्रियों की बुलाई बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्रियों ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य का मौजूद न होना चौंकाने वाला रहा। राजनीति और शासन के गलियारों में इसकी चर्चा रही। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली में हुई संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद दोनों उपमुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी लखनऊ वापसी के बजाय शनिवार को दिल्ली में ही बने रहे। इधर लखनऊ की बैठक में सहयोगी दलों की तरफ से आशीष पटेल, ओम प्रकाश राजभर संजय निषाद और अनिल कुमार मौजूद रहे। इनके अलावा मंत्री से सांसद बने अनूप वाल्मीकि और जितिन प्रसाद भी यहां आए। इन्हीं मंत्रियों में से एक ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दिल्ली से ऋषिकेश जाएंगे। वहीं केशव मौर्य के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

### ओपी राजभर ने दी प्रतिक्रिया

योगी की बैठक से निकले सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने मीडिया कहा कि अपने-अपने विभागों में बेहतर काम करने के लिए कहा गया है। पार्टी की हार-जीत पर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोनों उपमुख्यमंत्रियों अनुपस्थिति पर कहा कि दिल्ली में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह है, जहां दोनों मौजूद रहेंगे।

### समस्याओं का समय सीमा के अंदर हो समाधान

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भी अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। इस दौरान योगी ने हर पीड़ित से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए पीड़ितों को भी योगी ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर डीएम स्तर से ही सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए।

# जून तक पहुंच जाए पहली तिमाही की पेंशन

**अमृत विचार,लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए वित्तीय वर्ष के पहली तिमाही की वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन व कुष्ठावस्था पेंशन की राशि 30 जून तक पात्र लोगों के बैंक खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में हर पात्र व्यक्ति को इन पेंशन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए अभियान चलाकर नए लाभार्थियों को जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को लोक भवन में पेंशन योजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में 55.68 लाख वृद्धजनों, 33.54 लाख निराश्रित महिलाओं व 10.40 लाख दिव्यांगजन को हर माह एक हजार की धनराशि पेंशन के रूप में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। इसी प्रकार, 11,551 कुष्ठ पीड़ितों को हर मह तीन हजार की पेंशन उपलब्ध कराई जा रही है।

# भाजपा का स्पीकर नहीं होना चाहिए

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी(आप) के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, भाजपा के स्पीकर से लोकतंत्र को खतरा है इसलिए यदि टीडीपी की मांग पूरी नहीं की जाएगी तो इंडिया गठबंधन इस पर विचार करेगा। उन्होंने कहा भाजपा का स्पीकर नही होना चाहिए वरना भाजपा आसानी से पार्टियाँ तोड़ेगी, सांसदों को निलंबित करेगी,

गोमती नगर पार्टी कार्यालय में शनिवार को प्रेस काफ्रेंस में उन्होंने मतगणना में धांधली की आशंका जाहिर करते हुए कहा कि फर्रुखाबाद, बांसगांव और फूलपुर की सीटों पर भाजपा के जीत का अंतर दो से चार हजार है। वो भी तब जब काउंटिंग के अंतिम समय में बिजली काट दी गई थी। क्या बिजली काट कर कोई खेला किया गया है ? संजय सिंह ने कहा भाजपा से जनता का विश्वास घटता जा रहा है, साल 2014 की तुलना में भाजपा की 160 सीटे कम आयी, 2019 की तुलना में 63 सीट कम आयी। इस मौके पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह और दिनेश सिंह पटेल मौजूद रहे ।




प्रेसवार्ता के दौरान आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह। अमृत विचार

▸▸ स्पीकर के सहारे भाजपा पार्टियां तोड़ेगी : संजय

# पीडीए है सपा का वास्तविक एजेंडा: अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटेगी पार्टी

**अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा का वास्तविक एजेंडा पीडीए (पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक) है जिसमें सामाजिक न्याय की अवधारणा है। यह एक पड़ाव है। समाजवादी व्यवस्था परिवर्तन के रास्ते पर चलने के लिए संकल्पित है। अब हमें सन् 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी करनी होगी।

पार्टी मुख्यालय में शनिवार को अखिलेश यादव, सपा के नवनिर्वाचित सांसदों को संबोधित कर रहे थे। सभी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति कोई विश्वास नहीं है। सत्ता में रहते हुए संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया है। भाजपा सत्ता का दुरूपयोग करने को अपना अधिकार मानती है। भाजपा विपक्ष से नफरत करती है और उसके नेताओं का उपहास उड़ाती है। उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाती है।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा के चुनाव परिणामों ने साम्प्रदायिकता को सदैव के लिए महत्वहीन कर दिया है।

# अमेरिका के बैंक प्रतिनिधियों ने तलाशी संभावनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बैंक ऑफ अमेरिका के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से मुलाकात की। बैंक प्रतिनिधियों ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर जानकारी ली।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की बढ़ती आर्थिक ताकत व रणनीतिक सुधारों, प्रमुख परियोजनाओं व निवेश के अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य में हो रहे परिवर्तन पर चर्चा की। कृषि, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, अवस्थापना व ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश पर चर्चा हुई। औद्योगिक विकास आयुक्त ने प्रदेश को देश में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताते हुए प्रदेश में अनुकूल माहौल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश देश का सर्वाधिक हवाई अड्डे व एक मात्र रैपिड रेल प्रणाली वाला राज्य है। प्रदेश में वाराणसी को हल्दिया से जोड़ने वाले एक मल्टी-नोडल अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल है। साथ ही, देश के कुल एक्सप्रेसवे का लगभग 45 प्रतिशत प्रदेश में है। कृषि क्षमता और प्रभावी सिंचाई प्रणाली के आधार पर सामाजिक-आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन किया जा सकता है।



बैंक ऑफ अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता करते औद्योगिक विकास आयुक्त।

▸▸ 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने की औद्योगिक विकास आयुक्त से मुलाकात


डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।


मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।


साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848


हजरतगंज में प्रताप भवन के बाहर नीट परिणाम के विरोध और दोबारा टेस्ट कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी। अमृत विचार

# नीट परिणाम पर सवाल अभ्यर्थी कर रहे बवाल

## राजधानी में लगातार दूसरे दिन किया प्रदर्शन

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

▶▶ देर से टेस्ट शुरू करने वाले केन्द्र के अभ्यर्थियों को प्रति मिनट मिले 4 अंक

**अमृत विचार:** एमबीबीएस में प्रवेश के लिए होने वाले नीट में गड़बड़ी की परत दर परत खुल रही है। परिणाम के विरोध में अभ्यर्थी और कोचिंग संचालक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। तीन अभ्यर्थी आत्महत्या भी कर चुके हैं।कई संगठन भी विरोध में आगे आए हैं और न्याय न मिलने तक आंदोलन की घोषणा कर दी है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को आठ जुलाई को तलब किया है।

मेरठ में आईएमए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) के पूर्व अध्यक्ष डॉ.अनिल नौसान ने बताया कि पहली बार देख रहा हूं कि किसी सेंटर में परीक्षा देर से शुरू होने पर अभ्यर्थियों को एक मिनट के बदले चार अंक दिये गए। मतलब 15 मिनट देर से शुरू होने वाले सेंटर के परीक्षार्थियों को 60 अंक और 25 मिनट देरी पर 100 अंक दिये गए हैं।

पुख्ता तो नहीं मगर कई केन्द्रों पर 15 मिनट से लेकर 30 मिनट तक देर से परीक्षा शुरू करने की जानकारी मिल रही है। इसे एनटीए ने भी स्वीकार किया है। ऐसे ग्रेस मार्क देने का परीक्षा के पूर्व कोई प्रावधान नहीं था। इस संबंध में कोई नोटिफिकेशन भी जारी नहीं हुआ था।

पूरी प्रक्रिया संदेह के घेरे में है। डॉ.अनिल ने बताया कि नीट में अभ्यर्थियों को 180 मिनट में 180 प्रश्नों का जवाब देना होता है। शुरूआती चरण में अभ्यर्थी आसान सवाल हल करते हैं, अंत में जटिल प्रश्नों को समय देते हैं, क्योंकि गलत उत्तर में अंक कटते भी हैं।

### पेपर लीक होने के बाद भी एनटीए मान नहीं रहा है

लखनऊ में नीट की तैयारी कराने वाले कोचिंग संचालक ने कहा कि 5 मई को परीक्षा के दिन पटना में डस्टर कार में प्रवेश पत्र के साथ लड़के पकड़े गए थे। उन्होंने बताया था कि एक दिन पूर्व ही पेपर के जवाब रटा दिये गए थे। उन लड़कों के खिलाफ शास्त्रीनगर थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इकोनॉमी आफेंस यूनिट (ईओयू) कमेटी क्पेक्षरा लीक की पुष्टि करने पर न्यायालय से आरोपियों की जमानत खारिज कर दी गई थी। बावजूद एनटीए अपने को सही साबित करने पर तुला है। उन्होंने कहा, सोची समझी रणनीति के तहत ही 14 जून 2024 को आने वाले परिणाम, मतगणना के दिन चार जून को घोषित कर दिया गया है।

### क्या है मामला

4 मई को संपन्न नीट का परिणाम तय तिथि के 10 दिन पहले घोषित कर दिया गया। हरियाणा में झज्जर जिले के एक ही सेंटर के आठ अभ्यर्थी मेरिट में आ गए। 67 अभ्यर्थियों को 720 में 720 अंक मिले। मेरिट में शामिल कई अभ्यर्थियों को 720 में 718 व 719 मिले हैं। लखनऊ में केजीएमयू के डॉ.समीर मिश्र का कहना है कि एक सवाल न करने पर चार अंक कम होते हैं, गलत होने पर पांच अंक कटते हैं, यानि एक सवाल न करने पर 716 अंक गलत होने पर 715 अंक प्राप्त होंगे, फिर 718 व 719 अंक कैसे मिल सकते हैं। अन्य प्रमाण देते हुए उन्होंने बताया कि मेरिट में शामिल जान्हवी ने 179 प्रश्न हल किए थे, इनमें 163 सही थे 16 गलत। उसके अंक बनते हैं 636 मगर, एनटीए द्वारा उसे पूरे 720 मिले हैं। किस आधार पर ग्रेस मार्क दिया गया है।

### मौसम

धूप तेज रहेगी लू चलने की संभावना है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| $42.5^0$ | $28.4^0$ |

### शहर में आज

- सरोजनी नगर स्थित साई सेंटर में 31वीं यूपी ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 7:00 बजे।
- बड़े इमामबाड़े में मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर की बरसी पर मजलिस- 8:30 बजे।
- सीएसआईआर-एनबीआरआई में बोगनविलिया महोत्सव 10:00 बजे।
- आशियाना के वेन्यू चैन्सेलर क्लब में लखनऊ व्यापार मंडल इकाई महिला इकाई की कुकिंग प्रतियोगिता- 12:00 बजे।
- हजरतगंज के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का सेवा संकल्प दिवस-12:15 बजे।
- उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में चेतना साहित्य परिषद के तत्वावधान में दो काव्य कृतियों का लोकार्पण- 3:00 बजे।
- कैंट स्थित दिलकुशा फुटबॉल मैदान पर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के मैच 4:00 बजे।
- समर बिहार सेन्ट्रल पार्क में सुरभि कल्चरल ग्रुप के गौरैया संरक्षण अभियान- 6:00 बजे।
- गुरुद्वारा नाका हिंडोला में सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम - 6:30 बजे।

### रोडवेज कर रहा लू से बचाव के लिए जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन निगम यात्रियों को गर्मी और लू से बचने के लिए जागरूक कर रहा है। शनिवार को आलमबाग कैसरबाग, चारबाग और अवध बस स्टेशन पर एनाउंसमेंट से यात्रियों को लू से बचने के लिए 10 तरह के उपाय बताए जा रहे थे। पूछताछ काउंटर पर भी पंफलेट चस्पा हैं।

# बुलडोजर देख आवास आवंटन प्रमाणपत्र लेने दौड़े आवंटी

## अकबरनगर में सोमवार से दो शिफ्ट में ध्वस्तीकरण करेगा एलडीए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अकबरनगर में शनिवार को एलडीए का बुलडोजर पहुंचा तो आवास आवंटन प्रमाणपत्र लेने आवंटियों ने शिविर की ओर दौड़ लगा दी। पुलिस फोर्स की मौजूदगी में एक तरफ आवंटन पत्र बांटे जा रहे थे तो दूसरी तरफ पहले तोड़े गए अवैध भवनों का मलबा उठाया जा रहा था। सोमवार से एलडीए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करेगा।

एलडीए ने अकबरनगर के 1679 विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में आवास का आवंटन पत्र दे दिया है। इसमें से 150 विस्थापितों को मकान पर कब्जा भी मिल चुका है। आवंटनपत्र लेने वाले कई विस्थापित अकबरनगर के आवास खाली नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा ज्यादातर विस्थापितों ने आवंटनपत्र नहीं ले रहे थे। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर एलडीए की टीम ने शनिवार को अकबरनगर में आवास आवंटन पत्र प्राप्त करने का अनाउंसमेंट कराया। भारी फोर्स के साथ बुलडोजर और डंपर भी पहुंचे थे। बुलडोजर देखकर आवंटी एलडीए की ओर से लगाए गए आवास आवंटन वितरण शिविर पहुंचे लगे।


अकबरनगर में पहले ध्वस्त किए गए भवनों का मलबा उठाती पोकलैंड। अमृत विचार

▶▶ पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हटाया गया ढहाए गए भवनों का मलबा


अकबरनगर में लगाए गए लखनऊ विकास प्राधिकरण के शिविर में आवास आवंटन प्रमाणपत्र लेने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

### आवंटियों को मौके पर दिलाया जाएगा भवन का कब्जा

अकबरनगर के विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में आवंटित मकानों का मौके पर कब्जा दिलाया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की दो शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गयी है। पहली शिफ्ट में सुबह सात से दो बजे तक और दूसरी शिफ्ट में दोपहर दो से रात 9 बजे तक कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

अकबरनगर में एलडीए सोमवार से दो शिफ्टों में बुलडोजर चलाएगा। पहली शिफ्ट सुबह सात से 12 बजे तक और दूसरी दोपहर तीन से रात आठ बजे तक चलेगी। एलडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारियों, अभियंताओं और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए अलग-अलग टीमें बना दी हैं। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में जिला प्रशासन, पुलिस व नगर निगम कार्रवाई में सहयोग करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अकबरनगर में कुकरैल बंधे और नदी की जमीन पर बने 1168 मकान तोड़े जाने हैं।

# अचानक डायवर्जन से परेशान हुए वाहन चालक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ अकबरनगर में मकानों का मलबा उठाना बना वजह

**अमृत विचार:** अकबरनगर में शनिवार को ध्वस्त किए गए मकानों का मलबा उठाने के दौरान निशातगंज से पॉलीटेक्निक जाने वाली लेन को वैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया। इससे एक तरफ की लेन में वाहनों की लंबी कतार लग गई।

अचानक रूट डायवर्जन पहले से लोगों को पता नहीं था। इससे वाहन चालक तेज धूप में पसीना बहाते रहे। जाम का असर अकबरनगर, बादशाहनगर से लेकर पॉलीटेक्निक चौराहे तक रहा। अयोध्या रोड में जुड़ने वाले सम्पर्क मार्गों के लोगों को भी जाम का सामना करना पड़ा। दरअसल अकबरनगर में शनिवार को ध्वस्त किए गए मकानों का मलबा उठाने का काम किया गया। ऐहतियात के तौर पर एक तरफ की सड़क पर वैरिकेडिंग कर दी गई।

दोनों लेन के वाहन एक ही लेन से गुजरने लगे, इसके कारण लोगों को जाम में फंसने पड़ा। जाम के कारण बादशाहनगर, शक्तिनगर सर्वोदय नगर, निशातगंज समेत महानगर की तरफ से अयोध्या रोह जाने वाले वाहन चालकों को परेशान होना पड़ा। जाम में सबसे ज्यादा परेशानी बाइक व ई -रिक्शा पर बैठी सवारियों को हुई।

# कटिया उतारते कैमरे में कैद हो गए 12 बिजली चोर

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** बिजली विभाग ने शनिवार को बिजली चोरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। पुराने शहर के नूरबाड़ी में कटिया उतारते 12 से अधिक बिजली चोर ड्रोन कैमरे में कैद हो गए। टीम में शामिल अधिकारियों ने बिजली चोरों की केबल जब्त करने के साथ एफआईआर भी दर्ज कराई है। अधिकारियों के अनुसार कि कटिया से बिजली जलाने वाले लोग हर साल विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे कटियाबाजों की ड्रोन कैमरों से ही निगरानी कराई जाएगी।

नूरबाड़ी उपकेंद्र का लोड लगातार बढ़ रहा था। इससे आपूर्ति गड़बड़ा रही थी। अधिकारियों ने छानबीन कराईतो पता चला कि कटिया फंसाकर बिजली चोरी की जा रही है। सकरी गलियों में बिजली चोरों को पकड़ने के लिए रणनीति के तहत शनिवार को टीम सीढ़ियां और साज सामान लेकर पहुंची। लोगों को लगा कि खंभों पर चढ़कर कनेक्शन काटे जाएंगे। इसी बीच कुछ छत पर चढ़कर कटिया उतारने में लग गए। घरों के ऊपर उड़ रहे ड्रोन कैमरे में कटियाबाजों की फोटो खींच ली। टीम ने चूबतरा, शाहनजफ रोड़, दरगाह सहित कई इलाकों से 12 से ज्यादा बिजली चोर पकड़े गए। उपकेंद्र के एसडीओ अखिलेश यादव ने कहा कि सकरी गलियों के छोटे-छोटे घरों में कटिया फंसाकर बिजली चोरी पकड़ना चुनौतीपूर्ण है, इसलिए ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है। ड्रोन से सर्च ऑपरेशन चलता रहेगा।


नूरबाड़ी में बिजली विभाग के अभियान के दौरान ड्रोन कैमरे में कैद हुईं कटिया उतारती महिला की तस्वीरें। अमृत

▶▶ चूबतरा, शाहनजफ रोड़, दरगाह समेत कई इलाकों में चला अभियान

▶▶ नूरबाड़ी उपकेंद्र का लोड बढ़ने पर मैदान में उतरी थी टीम

### शारदानगर में भी बिजली चोरी पकड़ी

अमृत विचार, लखनऊ : नीलमथा के शारदानगर में शनिवार को बिजली चोरी पकड़ी गई। पकड़े गए लोगों ने जांच टीम के साथ अभद्रता और हंगामा किया। एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि एक मस्जिद में पांच एसी चल रहे थे। पीछे बने दो मंजिला मकान में 9 किरायेदार बाईपास कर बिजली चोरी कर रहे थे। मस्जिद और मकान दोनों का मालिक कैयूम पाया गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार मकान मालिक किरायेदारों से बिजली के एवज में प्रति महीने एक हजार रुपये लेता था। चोरी से ई-रिक्शा भी चार्ज करवाता था।

अव्यवस्था | सेवानिवृत्त पति की मृत्यु के बाद भी नहीं मिला रिटायरमेंट का पैसा

# पेंशन अदालत में फफक कर रोईं प्रतापगढ़ की राधा

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय में शनिवार को पेंशन अदालत लगाई गई। इसमें प्रतापगढ़ से आईं राधा देवी अपनी समस्या बताते हुए फफक कर रोने लगीं। सुनवाई कर रहे निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन ने उन्हें ढांढस बंधाकर पूरी बात सुनी और कागज देखे। उन्होंने पंद्रह दिन में बची धनराशि उनके खाते में भिजवाने का आश्वासन दिया। अदालत में कुल सात मामले आए, इसमें तीन का निस्तारण मौके पर दिया गया। चार लोगों को जल्द मामले निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया।


पेंशन अदालत में शिकायतें सुनते विकास चंद्र अग्रवाल। अमृत विचार

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से प्रत्येक महीने के दूसरे शनिवार को निगम मुख्यालय में पेंशन अदालत का आयोजन किया जाता है। इस बार पेंशन अदालत का आयोजन निगम के निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन विकास चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। लेखाधिकारी और निगम के कई अधिकारी मौजूद रहे। प्रतापगढ़ की राधादेवी बेटे अरुण के साथ पेंशन अदालत पहुंचीं।

▶▶ पांच साल से बेटा पेंशन और धनराशि के लिए लगा रहा है मुख्यालय के चक्कर

उन्होंने बताया कि पति राम किशोर कुशल श्रमिक पद से 2019 में रिटायर हो गए थे। 2022 में उनका निधन हो चुका है, लेकिन अभी तक न ही रिटायरमेंट का पैसा मिला है और न ही अभी तक पेंशन ही शुरू हुई है। बेटा पांच साल से मध्यांचल मुख्यालय के चक्कर लगा रहा है। अग्रवाल को अपनी समस्या बताते हुए राधा देवी फफक पड़ीं। अग्रवाल ने उन्हें ढांढस बंधाया। उन्हें 15 दिन में पूरे प्रकरण पर कार्रवाई कर पेंशन और बची रकम दिलाने का आश्वासन दिया।

### सेवानिवृत्ति के सात वर्ष बाद भी नहीं बंधी पेंशन

रामदीन ने बताया कि 2017 में लेसा ऐशबाग डिवीजन से सेवानिवृत्त हुए थे, लेकिन अभी तक सेवानिवृत्ति का पैसा नहीं मिला है। इसको लेकर वह कई बार गुहार लगा चुके है। उपकेंद्र और एसडीओ के यहां दौड़ भी लगा चुके हैं। उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं निकल पाया है। 15 दिन में समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। 2004 में सेवानिवृत्त हुए पूरन लाल मेहंदीरत्ता ने बताया कि वेतन विसंगति के एक मामले में 2011 से लड़ाई लड़ रहे हैं। अब उनकी उम्र 76 साल हो गई है। 13 साल से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन आज तक समाधान नहीं हुआ है। उनका कहना था कि 1982, 1984 और 85 का वेतन निर्धारण न होने से पेंशन कम मिल रही है।

# बढ़ते भाव ने हरी सब्जियों को किया 'लाल'



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ बढ़ते तापक्रम और लोकल माल की कमी से कीमतों में इजाफा

**अमृत विचार :** बढ़ते तापक्रम और लोकल माल की कमी के कारण हरी सब्जियों के दाम में अचानक करीब डेढ़ गुने का इजाफा हुआ है। यह तेजी करीब हफ्तेभर में आई है। इनमें तरोई, लौकी, पालक, धनिया, पुदीना, कद्दू, टमाटर, नींबू आदि सब्जियां शामिल हैं।

थोक हो या फुटकर मंडी सभी में हरी सब्जियां महंगी हैं। दुबग्गा के आढ़ती शाहनवाज हुसैन बताते हैं कि माल महंगा है।

"हफ्तेभर में हरी सब्जियां तेज हो गई हैं। थोक मंडी से ही सब्जियां महंगी मिल रही हैं। आढ़ती कहते हैं कि बढ़ते तापक्रम की वजह से हरी सब्जियों का लोकल बाजार अब लगभग समापन की ओर है। किसान भी हरी सब्जियों को लेकर अब कम ही आढ़तों पर आ रहे हैं। इससे माल महंगा मिल रहा है। यही वजह है कि हरी सब्जियां महंगी हो गई हैं।

-अमित भगत, फुटकर सब्जी विक्रेता

**फुटकर मंडी** (कीमत रुपये प्रति किलो)

| सब्जी | हफ्तेभर पहले | अब |
|---|---|---|
| तोरई | 15 से 20 | 25 से 30 |
| लौकी | 15 से 20 | 30 से 40 |
| कद्दू | 15 से 20 | 30 से 40 |
| पालक | 20 से 25 | 30 से 40 |
| धनिया | 80 से 100 | 150 से 180 |
| पुदीना | 30 से 40 | 60 से 80 |
| शिमला मिर्च | 50 से 60 | 80 से 100 |
| प्याज | 25 -30 | 30 से 40 |
| टमाटर | 15 से 20 | 30 से 40 |
| नींबू | 80 से 100 | 100 से 120 |




## एक नजर

### छात्रा को मिली अमेरिकी स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की छात्रा हिबा फातिमा को उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका की हॉफस्ट्रा यूनिवर्सिटी द्वारा 1,16,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप मिली है। हिबा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्च शिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी।

### पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड शनिवार को जारी कर दिये गए हैं। छात्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की वेबसाइट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 13 से 20 जून तक होगा। इसके लिए सभी तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। इस बार चार लाख छात्र- छात्राओं ने आवेदन किया है। ऑनलाइन माध्यम से होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए लखनऊ में 18 परीक्षा केंद्रों समेत प्रदेश भर में 207 परीक्षा केंद्र बनाए गए है।

### राजधानी में बीएड प्रवेश परीक्षा आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में यूपी राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार को 27 केंद्रों पर किया जाएगा। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच जिलों में कुल 27 केंद्र बनाये गए हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुल 12,857 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिसके लिए लखनऊ में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, यहां 7,328 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। हरदोई और रायबरेली में भी तीन-तीन परीक्षा केंद्र तय किए गए हैं। जहां क्रमश 1,549 और 1,284 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। इसी तरह लखीमपुर में बने चार केंद्र पर 1,717 ओर सीतापुर के दो केंद्र पर 979 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा केंद्रों को परीक्षा से संबंधित सभी दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# 10वीं पास छात्रों की राह आसान करेगी विद्याधन छात्रवृत्ति

## किसी भी बोर्ड के शैक्षिक सत्र 2023-24 में पास हुए छात्र कर सकते है आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी, सीबीएसई व सीआईएससीई बोर्ड सहित अन्य किसी भी बोर्ड से शैक्षिक सत्र 2023-24 में 10वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्रों के लिए विद्याधन छात्रवृत्ति आगे की पढ़ाई की रहा आसान करेंगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

छात्रों को अपना नामांकन कराने के लिए www.vidyadhan.org पोर्टल पर जाना होगा। इसके लिए बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत अंकों से अधिक या आठ सीजीपीए (दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 65 प्रतिशत अंकों या 6.5 सीजीपीए ) अंकों के साथ पास होना जरूरी है।



▸▸ माध्यमिक शिक्षा निदेशक का आदेश, अधिक से अधिक बच्चों के कराये जाएं आवेदन

> योजना में अनुमन्य सभी बोर्ड के विद्यालय प्रबंधन को निर्देश है कि वे विद्याधन छात्रवृति योजना के पात्र विद्यार्थियों को आवेदन के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित करें। जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभांवित हो सकें।
>
> -डॉ.दिनेश कुमार, विज्ञान प्रगति अधिकारी, लखनऊ मंडल

### ये मानक हैं निर्धारित

- परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम हो
- आवेदन के लिए विद्यार्थी की एक फोटो
- 2024 में उत्तीर्ण हाईस्कूल परीक्षा का अंक व प्रमाण पत्र
- अंक व प्रमाण पत्र की डाउनलोड कॉपी भी दे सकते हैं

**आवेदन की अंतिम तिथि :** आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। अधिक से अधिक बच्चे आवेदन कर सकें इसके लिए सभी जिलों के अधिकारियों को माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव की ओर से भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**बच्चों को मिलती है ये सहायता राशि :** विद्याधन छात्रवृत्ति में चयनितों को इंटरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्राप्ति के लिए 10 हजार रुपये प्रतिवर्ष दिए जाएंगे। छात्रों का प्रदर्शन अच्छा रहा तो स्नातक की डिग्री कोर्स के लिए भी 15 हजार से 75 हजार रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृति धनराशि प्रदान की जायेगी।

# लखनऊ विवि में हुआ जनादेश का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सयुंक्त छात्र मोर्चा ने विश्वविद्यालय में निकाला मार्च

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद शनिवार को सयुंक्त छात्र मोर्चा ने लखनऊ विश्वविद्यालय में जनादेश का स्वागत करते हुए पैदल मार्च निकाला। इस दौरान संयुक्त छात्र मोर्चा के सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी।

मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि देश की जनता का यह जनादेश नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ है, चुनाव आयोग समेत तमाम संस्थाओं को नियंत्रित करने के बावजूद इंडिया गठबंधन को प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में सफलता मिली है।

इस मौके पर समाजवादी छात्र-सभा से धीरज दार्शनिक, अतुल शुक्ला, हरीश रावत हेम सिंह , तौकील गाजी , नवनीत, इरफान खान, उदित मिश्रा, मोहन शुक्ला के साथ विश्वविद्यालय के सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।




लखनऊ विश्वविद्यालय में पैदल मार्च निकालते संयुक्त छात्र मोर्चा के सदस्य। अमृत विचार

# बच्चों को स्कूल नहीं भेजने पर बताने होंगे 18 कारण

## हर स्कूल के एक किलोमीटर के दायरे में चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 6 से 14 वर्ष का कोई भी बच्चा स्कूल नहीं जा रहा है तो उसके माता-पिता को इसके लिए 18 कारण बताने होंगे। उसके बाद भी बच्चे को हर हाल में पढ़ने के लिए स्कूल भेजना होगा। इसके लिए डोर-टू डोर सर्वे की शुरूआत 17 जून से शुरू हो जायेगी।

हर विद्यालय की शिक्षक की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने एक किलोमीटर के दायरे में सर्वे कर ऐसे बच्चे का पता लगाए जो 6 से 14 वर्ष के हैं और वह विद्यालय नहीं जा रहे हैं। प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में होने वाले सर्वेक्षण के दौरान शिक्षकों को जहां भी ऐसे आउट ऑफ स्कूल बच्चें मिलेंगे, उनके माता-पिता या अभिभावकों से बच्चे के स्कूल नहीं आने के 18 कारण लिखित रूप से पूछे जाएंगे।

**सभी बीएसए की भी जिम्मेदारी :** बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को कैसे नियमित रूप से स्कूल लाया जाए, इसके लिए बीएसए को भी जिम्मेदारी दी गई है। सर्वेक्षण में 18 बिंदुओं की जानकारी एकत्र कर पूरी रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक की होगी। सभी बीएसए को 31 अगस्त तक रिपोर्ट महानिदेशक को भेजनी होगी।



> प्रदेश में संचालित 'शारदा कार्यक्रम' के तहत परिवार सर्वेक्षण कराया जाएगा। जिसमें शिक्षा से दूर बच्चों को विद्यालय तक लाने का प्रयास किया जायेगा।
>
> -कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक

### अभिभावकों को देनी होगी ये जानकारी

- बच्चे को स्कूल भेजने में क्या परेशानी है।
- क्या बच्चा घर के कामों में लगा है।
- गैराज या खेती-किसानी के काम में तो नहीं लगा है।
- परिवार में बच्चों की संख्या कितनी है।
- अन्य बच्चे कितना पढ़े हैं।
- कक्षा में अधिक बच्चों की वजह से तो स्कूल नहीं छोड़ा है।
- विद्यालय में शिक्षक का व्यवहार बच्चे को कैसा लगता है।

### निपुण विद्यालय की वार्षिक योजना जारी

**अमृत विचार :** स्कूलों में 'निपुण विद्यालय' की वार्षिक कार्ययोजना जारी हो चुकी है। वर्तमान शैक्षिक सत्र में डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से विद्यालयों का अक्टूबर, 2024, दिसंबर, 2024 व फरवरी, 2025 में आकलन कराया जायेगा। इसमें किसी विद्यालय की प्रत्येक कक्षा में 80% से अधिक बच्चों के निपुण पाये जाने पर विद्यालय को निपुण विद्यालय घोषित किया जायेगा। इसके लिए विद्यालयों को तीन श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। जिसमें प्रशिक्षुओं के माध्यम से निर्धारित अवधि में बीईओ की ओर से परीक्षण किया जायेगा। विकासखंड से संबंधित विद्यालयों की सूची में कोई भी संशोधन 12 जून तक संशोधित किया जायेगा। बीईओ की प्रस्तावित सूची पर बीएसए 15 जून तक अंतिम निर्णय लेंगे। इस सूची को पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।

### स्कूल खुलते ही शुरू होगी रैंकिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** इसी माह सरकारी स्कूल खुलते ही उनकी रैंकिंग शुरू होगी। इस संबंध में महानिदेशक की ओर से आदेश जारी कर दिये गये हैं। इसमें 21 बिंदुओं पर रैंकिंग की जायेगी और अलग-अलग बिंदुओं के अनुसार अंक भी निर्धारित किए गए हैं।

जर्जर विद्यालय, पीएमश्री मुख्यमंत्री मॉडल, कंपोजिट और मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालयों की प्रगति के लिए जारी निर्माण कार्य के लिए 5 से 10 अंक दिये जाएंगे। पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन और एआरपी व एसआरजी के पर्यवेक्षण के लिए 5-5 अंक दिए जाएंगे। छात्र उपस्थिति व भोजन वितरण की बेहतर स्थिति के लिए 10 अंक मिलेंगे।

केजीबीवी में बालिका व स्टाफ की उपस्थिति, रिक्त पदों को भरे जाने के प्रगति के लिए 5-5 अंक निर्धारित किए गये हैं। पाठ्य पुस्तक व कार्यपुस्तिका वितरण में सहभागिता के साथ प्रेरणा पोर्टल पर पंजीकृत बच्चों में डीबीटी प्रतिशत के लिए 5-5 अंक दिए जायेंगे। आउट आफ स्कूल बच्चों की मैपिंग के लिए 5 अंक, बच्चों की दैनिक उपस्थित भरे जाने के लिए 2 अंक, सूचना नियमित अपडेट के लिए 5 अंक, अवमुक्त बजट राशि के लिए 5 अंक समेत अन्य बिंदुओं के लिए अंक निर्धारित किए गए हैं।

### प्रोस्थेटिक्स व आर्थोटिक्स में आवेदन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स पाठ्यक्रम में आवेदन शुरू हो गये हैं। आवेदन के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाना होगा। प्रोस्थेटिक एवं आर्थोटिक (बीपीओ) मुख्य रूप से चिकित्सा सहायक उपकरण डिजाइन सम्बन्धित है जो छात्र-छात्राएं प्रोस्थेटिस्ट व आर्थोटिस्ट बनना चाहते हैं, वह कैरियर विकल्प के रूप में इसे चुन सकते हैं। ये कोर्स में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। बीपीओ में आवेदन की अंतिम 30 जून और एमपीओ में आवेदन के लिए 30 जुलाई है।

# संस्कृत विश्वविद्यालय में 10 से जमा करें आवेदन शुल्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 18 से विषय चयन के लिए पोर्टल पर विकल्प उपलब्ध कराया जायेगा

**अमृत विचार :** गोमती नगर स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आवेदन शुरू हो गए हैं। प्राक्शास्त्री, शास्त्री, आचार्य, शिक्षाशास्त्री के तृतीय एवं पंचम सत्रार्ध में प्रवेश लेने के लिए छात्र 10 से 17 जून तक समर्थ पोर्टल पर शुल्क जमा कर सकते हैं। शुल्क जमा करने के बाद 18 जून से विषय चयन के लिए पोर्टल पर विकल्प उपलब्ध कराया जायेगा।

विश्वविद्यालय निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि सीयूईटी का फार्म न भर पाने वाले विश्वविद्यालय में प्राक्शास्त्री(10+1), शास्त्री (स्नातक) के लिए अलग-अलग विषय व्याकरण, व्याकरण प्रतिष्ठा न्याय, संस्कृत साहित्य, वेद, फलित ज्योतिष, सिद्धान्त ज्योतिष, बौद्धदर्शन, हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, कम्प्यूटर, शारीरिक शिक्षा, योग, पर्यावरण तथा आचार्य (परास्नातक)- व्याकरण, संस्कृत साहित्य, वेद, फलित ज्योतिष, में प्रवेश के लिए परीक्षा के माध्यम से सीधे प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए परिसर की वेबसाइट के माध्यम से फार्म भरे जा रहे हैं।

# 11 को जैन समाज मनाएगा श्रुत पंचमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 23 जून तक होगा संस्कार शिविर का आयोजन

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान आगामी 11 जून को श्रुत पंचमी- प्राकृत भाषा दिवस का आयोजन करेगा। लखनऊ के आशियाना और इंदिरा नगर के जैन मन्दिरों के अलावा मैनपुरी के कुरावली स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में श्रुत पंचमी मनाई जायेगी।


संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि लगभग 2300 वर्ष पूर्व श्रुत पंचमी के दिन प्रथम जैन शास्त्र षट्खंडागम की रचना प्राकृत भाषा में दो मुनिराजों भूतबलि और पुष्पदंत ने की थी। उन्होंने बताया कि जैन महिला मंडल आशियाना और दिगम्बर जैन सेवा समिति की ओर से श्रुत पंचमी का आयोजन चन्द्र प्रकाश जैन और अल्पना जैन के संयोजन में आचार्य विवेक सागर के मार्गदर्शन में मनाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि इंदिरा नगर दिगम्बर जैन सेवा संस्थान के सहयोग से जैन मंदिर इंदिरा नगर में 11 से 23 जून तक जैन संस्कृति संस्कार शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर रोजाना सुबह 6.30 बजे से 9.30 बजे तक मंत्री अभिषेक जैन और पीके जैन की देख-रेख में चलेगा।

### मित्र का काव्य संग्रह लेने बिलग्राम से लखनऊ आ गए वयोवृद्ध साहित्यकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** वरिष्ठ साहित्यकार रघोत्तम शुक्ल के काव्य संग्रह त्रिवेणी की समीक्षा अमृत विचार की साप्ताहिक मैगजीन लोक दर्पण में प्रकाशित हुई। इस समीक्षा को हरदोई की तहसील बिलग्राम निवासी वरिष्ठ साहित्यकार जयनारायण अवस्थी ने पढ़ा। वह रघोत्तम शुक्ल के 50 साल पुराने मित्र हैं। इतने पुराने मित्र की काव्य कृति की समीक्षा पढ़कर वह इतने अभिभूत हुए कि मित्र से मिलने लखनऊ पहुंच गए।

86 वर्षीय जयनारायण अवस्थी की कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने रघोत्तम शुक्ल से मुलाकात की और काव्य संग्रह त्रिवेणी हासिल कर वह बिलग्राम वापस लौट गए।



वरिष्ठ साहित्यकार रघोत्तम शुक्ल का काव्य संग्रह लेने लखनऊ आए वरिष्ठ साहित्यकार जयनारायण अवस्थी। अमृत विचार

# किस्सागोई में नामचीन लेखकों ने सुनाए किस्से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, हिन्दुस्तानी अकादमी प्रयागराज और डेल्फिक एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के सभागार में किस्सागोई का कार्यक्रम परछाईं का आयोजन किया गया। प्रख्यात व्यंग्यकार सुभाष चंदर की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में लखनऊ दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्र मुख्य अतिथि थे।

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम में सुभाष चंदर व डॉ. रिंकल शर्मा (दिल्ली), डॉ. रश्मिशील, सुधा शुक्ला, आचार्य अनीता मिश्रा और सुशील चन्द्र श्रीवास्तव (लखनऊ) कात्यायनी सिंह (सासाराम), डॉ. तूलिका सेठ (गाजियाबाद) और डॉ. सिम्मी वर्मा (मुम्बई) ने अपने-अपने किस्से सुनाकर लोगों को भावविभोर कर दिया।

संस्थान की महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता ने बताया कि किस्सागोई कार्यक्रम के जरिये समाज के विभिन्न पक्षों को सामने रखना है। आत्मप्रकाश मिश्र ने कहा कि किस्सागोई का बहुआयामी स्वरूप है।



कार्यक्रम के दौरान लेखक को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

▸▸ कार्यक्रम परछाईं का किया गया आयोजन

# डाक टिकट ने याद दिलाया गुजरा जमाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शान-ए-अवध संस्था की ओर से शनिवार को आशियाना स्थित एक होटल में एंटीक मुद्रा उत्सव की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें सदियों पुराने नोट, सिक्के और डाक टिकट लोगों को दिखाए गए। देश की आजादी के पहले से अब तक की इन धरोहरों पर लोगों की निगाहे टिकी रह गई। प्रदर्शनी में लोगों ने इन ऐतिहासिक चीजों के बारे में जानकारी भी ली।

शान-ए-अवध एंटीक मुद्रा उत्सव में विशेष तरह के सिक्के, डाक टिकट, नोट की प्रदर्शनी लगाई गई। शहर में डाक टिकट का संग्रह करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। देश की आजादी से लेकर अब तक जो भी विशेष तरह के टिकट, सिक्के और नोट जारी किए गए है, उन्हें प्रदर्शनी में देख लोग आश्चर्यचकित हुए। इस मुद्रा उत्सव का उद्घाटन पूर्व डीजीपी विजय कुमार ने किया।

संस्था के संचालक सुदीप खेड़ीया ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य हमारी धरोहर एवं संस्कृति को आम जनता तक पहुंचाना है। रविवार को प्रदर्शनी का आखिरी दिन है। सैकड़ों की संख्या में लोग प्रदर्शनी देखने आए। प्रदर्शनी में अब्दुल रहीम, डॉ. उज्जवला साहा, जीबी सिंह, मनोज मिश्रा एवं मो. शाहिद उपस्थित रहे।






कार्यक्रम में प्रदर्शित ऐतिहासिक सिक्का व डाक टिकट। अमृत विचार

▸▸ शान-ए-अवध उत्सव में दिखा ऐतिहासिक वस्तुओं का संग्रह

साक्षात्कार | उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने शुरू की मुहिम

# शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करेगा शिया वक्फ बोर्ड

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड आगामी दिनों में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम करेगा। इस ख़्वाब को हकीकत में बदलने के लिए बोर्ड अपनी आमदनी को बढ़ाने के हर संभव उपाय कर रहा है। यह बात शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने अमृत विचार से खास बातचीत में कही।

अली जैदी ने बताया कि बेसहारा लोगों की मदद, हर बच्चे की शिक्षा का इंतजाम और सभी को तुरंत इलाज की व्यवस्था कराने के लिए छोटे स्तर पर काम शुरू किया गया।कई जिलों में चैरिटेबल क्लीनिक खोले गए हैं। वक्फ में आमदनी का एक हिस्सा शिक्षा पर खर्च किया जा रहा है। गरीब बच्चों की फीस जमा कराने का इंतजाम किया जा रहा है। बेसहारा लोगों की मदद के लिए मुतवल्लियों को प्रेरित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियां खराब प्रबंधन और लूट खसोट का शिकार हुई हैं। जिन हाथों में प्रबंधन रहा, उन्होंने न तो आमदनी बढ़ाई और न ही संपत्ति को सुरक्षित रखे जाने का कोई इंतजाम किया। ढाई साल पहले जब बोर्ड का कार्यभार संभाला था तब इसकी सालाना आय 37 लाख थी। जो अब बढ़कर सवा करोड़ रुपये हो चुकी है।

वक्फ संपत्तियों के संबंध में अधिकांश मुकदमे बोर्ड हार जाता था।अब 95 फीसदी मुकदमों में जीत मिल रही है। जैदी ने बताया कि उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय से वेतन की प्रक्रिया शुरू की।

**दरगाह जोगीपुरा में लगवाया सोलर प्लांटः** दरगाह जोगीपुरा पर 40 लाख का बिजली बिल बकाया था। उसे स्थानीय लोगों की मदद से अदा करवाया। साथ ही वहां 50 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवा दिया। हालात बेहतर हुए तो जोगीपुरा के एक व्यक्ति ने साढ़े तीन बीघा में बनी कोठी दरगाह को सौंप दी।



शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी

### अतिक्रमण-भ्रष्टाचार के खिलाफ छेड़ी जंग

बोर्ड के चेयरमैन ने बताया कि आगरा में शहीद-ए-सालिस की मजार का कैश बॉक्स मुतवल्ली ने खुलवाकर उसमें से पैसे निकाले लेकिन वीडियोग्राफी नहीं कराई। वक्फ के खाते को अपने एकाउंट के पेटीएम से जोड़ लिया और पैसे खर्च किए गए। बोर्ड ने जो भी आदेश भेजे उन्होंने किसी को नहीं माना। उनका कार्यकाल पूरा हो गया तो मुतवल्ली का नवीनीकरण नहीं किया। वहां प्रशासक नियुक्त कर दिया।

### अफसरों को वक्फ एक्ट पढ़ाने की जरूरत

अली जैदी ने बताया कि साल 1862, 1897, 1932 और 1965 में जमीनों के बंदोबस्त रिकार्ड सरकार ने बनवाए। कोई भी जमीन वक्फ की है या नहीं इसे जांचने के लिए इसी रिकार्ड को देखने की जरूरत होती है। वक्फ की जमीनों की खरीद-फरोख्त के लिए राजस्व के कागजात में ही हेरफेर होता है। अगर राजस्व अधिकारियों को वक्फ एक्ट की जानकारी हो तो वक्फ संपत्तियां बर्बादी से बचाई जा सकती है।

## एक नजर

### कुरकुरे लेने निकली 10 वर्षीया बालिका लापता

**अमृत विचार, लखनऊ** : आलमबाग थाना क्षेत्र में रिश्तेदार के घर से कुरकुरे लेने दुकान पर निकली 10 वर्षीया बालिका संदिग्ध हालात में लापता हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन ने तलाश शुरू की, लेकिन उसका पता नहीं चला। अनहोनी की आशंका को देखते हुए परिजनों ने बालिका के गुमशुदगी की रिपोर्ट आलमबाग थाने में दर्ज कराई है।

### इंफ्रा कंपनी के मैनेजर पर बाइक सवारों ने किया हमला

**अमृत विचार, लखनऊ** : पीजीआई क्षेत्र में इंफ्रा कंपनी के मैनेजर रानू तिवारी पर कार व बाइक सवारों ने हमला कर दिया। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, गुरुवार शाम करीब छह बजे वे ऑफिस से निकले थे। रास्ते में कल्ली पश्चिम सरथुवा के पास कार और बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। रानू के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 18 गोवंश बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, काकोरी** : काकोरी पुलिस ने शनिवार को डीसीएम से ले जाए जा रहे 18 गोवंश बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नईम निवासी पीपली नायक, थाना टांडा, जिला रामपुर, मुनव्वर निवासी खैरहना, थाना महराजगंज, जिला रायबरेली और इब्राहिम निवासी केतारपुर, थाना शुकुल बाजार, जिला अमेठी के रूप में हुई। आरोपियों को आगरा एक्सप्रेसवे से गिरफ्तार किया गया।

### ससुराल वालों पर दर्ज कराई दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

**अमृत विचार, काकोरी** : दुबग्गा थाना क्षेत्र के सैथा गांव निवासी रामरती ने पुत्री के ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया, पुत्री कीर्ति की शादी नितिन शर्मा निवासी खुजौली थाना मोहनलालगंज से हुई थी। शादी के बाद से ही पति नितिन समेत अन्य दहेज की मांग को लेकर पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुत्री मायके में रहती है। पुलिस ने पति समेत अन्य के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### रुपयों के लेन-देन में दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

**अमृत विचार, लखनऊ** : मड़ियांव थाना अंतर्गत नौबस्ता निवासी सोनेन्द्र वर्मा ने बताया कि मोहल्ले के राजकुमार को एक लाख रुपये उधार दिए थे। दो महीने में लौटाने की बात हुई थी। तय समय पर राजकुमार ने रुपये नहीं लौटाए। सोनेन्द्र ने मांगे तो विवाद होने पर दोनों पक्षों से लाठी-डण्डे चलने लगे। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस पहुंची तो हंगामा कर रहे कई लोग भाग निकले। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। सोनेन्द्र और राजकुमार ने मामले में शिकायती पत्र दिया है। पुलिस का कहना है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# तीसरी मंजिल पर आग में फंसे परिवार को साड़ी के सहारे निकाला

## सरोजनीनगर में साईं फार्मा की बिल्डिंग के दूसरे तल पर लगी थी आग, बचाव अभियान शुरू करने से पहले पानी डालकर पूरी बिल्डिंग को करना पड़ा ठंडा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नंबर आठ में साईं फार्मा बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर शुक्रवार रात करीब ढाई बजे आग लग गई। लपटें व धुएं के बीच तीसरी मंजिल पर मौजूद पांच लोग फंस गए। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने फंसे लोगों को बिल्डिंग के पीछे के हिस्से में साड़ी की रस्सी बनाकर किसी तरह निकाला। करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया जा सका।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार ने बताया रात ढाई बजे मो. आवेश नाम के व्यक्ति ने आग लगने और बिल्डिंग में कुछ लोगों की फंसे होने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही एफएसओ सरोजनीनगर सुमित प्रताप सिंह की टीम और हजरतगंज की टीम मौके पर पहुंची। बताया कि आग साईं फार्मा की बिल्डिंग के दूसरे तल पर लगी थी। आग काफी फैल चुकी थी। ऊपरी हिस्से में कुछ लोग फंसे थे। बिल्डिंग की दीवारें गर्म होने के कारण लोग उतर नहीं पा रहे थे। इसके चलते एक टीम सामने की तरफ से पानी डालकर बिल्डिंग को ठंडा करने लगी।

### फायर एग्जिट नहीं होने से परिवार फंसा, भेजी जाएगा नोटिस

एफएसओ सरोजनीनगर ने बताया कि बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर टेंट का काम है। पहली मंजिल पर दवाई का काम, दूसरे पर ऑफिस और तीसरी मंजिल पर मो. आवेश परिवार के साथ रहते हैं। एफएसओ ने बताया कि बिल्डिंग में आग से बचाव के कोई उपाय नहीं थे। फायर एग्जिट न होने के कारण पूरा परिवार फंसा था। ऐसे में संबंधित को नोटिस भेजा जाएगा। कोई जवाब न मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

दूसरी टीम ने सीढ़ी के जरिए आग पर काबू पाना शुरू किया गया। जबकि तीसरी टीम ऊपर फंसे लोगों से लगातार बातचीत कर रही थी। बिल्डिंग को पानी डालकर ठंडा किया गया। इस दौरान तीसरी टीम ने साड़ी की रस्सी बनाकर ऊपर फंसे मो. आवेश, जाहिद अली, हुस्न आरा खातून, मो. जकरिया और सुन्दूस इरम को सुरक्षित निकाल लिया। उन्हें चोट भी लग गई। टीम ने लगातार दो घंटे पंपिंग कर आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी भी फोर्स के साथ पहुंचे और फंसे लोगों को बाहर निकालने में सहयोग किया।



सरोजनीनगर की बिल्डिंग में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

## कर्मियों को आपदा से निपटने के गुर सिखाए

**अमृत विचार, सरोजनीनगरः** सरोजनीनगर क्षेत्र के इंडियन ऑयल के टर्मिनल पर शनिवार को आग लगने या अन्य आपात कालीन स्थिति से निपटने के लिये कर्मचारियों को गुर सिखाए गए।

मुख्य टर्मिनल प्रबंधक ने अग्निशमन उपकरण समेत अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं भी परखीं। जांच में सब ठीक मिला। मुख्य टर्मिनल प्रबंधक गौरव देव के नेतृत्व में अग्निशमन दल के लीडर सुनील कुमार पांडेय, सत्यांशु सिंह आदि ने मॉकड्रिल में हिस्सा लिया। नरेश सोंगगड़ी, नितिन शुक्ला, अमरेंद्र सिंह, डॉ. अरुण सोनकर, ऋषिकेश शर्मा, उत्कर्ष चौधरी मौजूद रहे।

# जमीन के लिए जल समाधि लेने पहुंचे किसान, गोमती में कूदीं महिलाएं

## छह घंटे तक हुआ हंगामा, तत्कालीन अफसरों पर कार्रवाई के आश्वासन पर माने

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

**अमृत विचार :** 22 वर्ष पहले जारी पट्टे की जमीन पर कब्जा न मिलने और संबंधित पत्रावलियां गायब होने से नाराज किसान और महिलाएं शनिवार को गोमती नदी में जल समाधि लेने पर अड़ गए। कुछ महिलाएं नदी में कूद गईं। सूचना पर कई थानों की पुलिस फोर्स, पीएसी और एसडीएम पहुंचे। तत्कालीन अफसरों पर रिपोर्ट दर्ज कराने व पत्रावलियों को लेकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देकर किसानों व महिलाओं को शांत कराया गया। छह घंटे के हंगामे के बाद किसान व महिलाएं घर जाने को तैयार हुए।

बीकेटी तहसील अंतर्गत सुल्तानपुर, अकड़रिया गांव में वर्ष 2002 में ग्राम पंचायत की तरफ से भूमिहीन 104 किसानों को खेती योग्य पट्टे आवंटित किए गए थे। बाद में चकबंदी प्रक्रिया में इन किसानों की जमीन के साथ तहसील मुख्यालय से संबंधित पत्रावलियां भी गायब हो गई थीं। वर्षों से सैकड़ों किसान अपनी जमीन और संबंधित कागजात पाने के लिए तहसील से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। इस बीच, कई किसानों की मौत भी हो चुकी है। अब उनके परिजन भी चक्कर काट कर थक चुके हैं।

शनिवार को सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष सुबह 8 बजे इटौंजा थाना क्षेत्र स्थित गोमती नदी पर बने बसहरी पुल के नीचे पहुंचे और जल समाधि लेने पर अड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वो नहीं माने। इस बीच, मौके पर उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी, तहसीलदार मलिहाबाद वंदना कुशवाहा, एडीसीपी जितेंद्र कुमार दुबे, एसीपी सुजीत कुमार दुबे समेत कई थानों की पुलिस फोर्स और पीएससी बुला ली गई। अफसरों ने किसी तरह समझा बुझा कर जल समाधि लेने जा रहीं महिलाओं और पुरुषों को रोका। बीकेटी उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने किसानों को बताया कि उनके पट्टों की पत्रावलियों को तहसील मुख्यालय में तलाशा गया, लेकिन संबंधित दस्तावेज नहीं मिले। उन्होंने किसानों को तत्कालीन अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कराने का भरोसा दिया। दोपहर करीब 2:30 बजे किसान लौट गए।

**प्रशासन ने गिरवाई पार्किंग की बाउंड्रीवॉल :** किसानों के प्रदर्शन के बीच बीकेटी व मलिहाबाद तहसील प्रशासन नीलांश वाटर पार्क पहुंचा। शिकायत की गई कि जमीन ग्राम पंचायत बदैंया की गाटा संख्या 971 रकबा 0.645 हे., गाटा संख्या 995 रकबा 0.582 हे. व गाटा संख्या 996 रकबा 0.013 हे., टिकरी कला स्थित गाटा संख्या 186 रकबा 0.253 हे. व गाटा संख्या 243 रकबा 0.063 हे. भूमि तालाब, नदी की भूमि में दर्ज है। जिसकी पैमाइश कराई गई। इसके बाद वाटर पार्क में बनाई गई वाहनों की पार्किंग के लिए बाउंड्रीवाल को भी जेसीबी से गिरवा दिया गया।



बख्शी का तालाब क्षेत्र में जलसमाधि करने जा रही महिलाओं को रोककर समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### हल्का दरोगा की टिप्पणी से महिलाएं भड़कीं

इटौंजा थाने में तैनात दरोगा धीरेंद्र राय ने गोमती नदी में जल समाधि लेने जा रहे लोगों से अभद्र टिप्पणी कर की। जिससे महिलाएं आक्रोशित हो गईं। महिलाओं ने बताया कि दरोगा ने कहा कि सभी लोग नाटक कर रहे हैं तो महिलाओं ने कहा कि भूखे पेट और प्यास का दर्द आप नहीं समझोगे। इसके बाद महिलाएं नदी में कूद गईं। जिससे पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए, लेकिन अधिकारियों के समझाने के बाद महिलाएं सकुशल बाहर निकल आईं।

### पट्टाधारक मर चुके, आश्रित लगा रहे चक्कर

किसान नेता व समाजसेवी तिरंगा महराज ने बताया कि सैकड़ों किसान जमीन और दस्तावेज पाने के लिए अधिकारियों के पास दौड़ रहे हैं। धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बहादुरपुर गांव निवासी मुन्नी देवी, बुद्धा, चंद्रिका, छोटकन्ने ने बताया कि वह मृतक चंद्रकली के वारिस हैं। सुल्तानपुर निवासी महिला मंगला ने बताया कि उनके पति राजाराम का पट्टा मिला था, लेकिन उनकी मौत हो गई है। बहादुरपुर गांव की मधुरानी, रामदेवी, रामगोपाल, लल्ला ने बताया कि पूर्व के चकबंदी अधिकारियों ने यह खेल किया था।

### वाटर पार्क मालिकों पर नदी की भूमि कब्जाने का आरोप

किसान नेता तिरंगा महराज ने बताया कि वाटर पार्क के मालिक द्वारा गोमती नदी की जलधारा को अवरुद्ध कर नदी में पक्की दीवार का निर्माण किया गया है। जो प्रकृति के साथ भी खिलवाड़ है। उनका आरोप है कि लगातार नदी में वाटर पार्क का दूषित पानी बहाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर वह लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## फंदा लगाकर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को फंदे से लटका कर जान से मारने की कोशिश की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक, पीड़िता कंचन की शादी इसी वर्ष 12 मार्च को शिव खेड़ा गांव निवासी महेश से हुई थी। ससुराल पहुंचते ही पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करने लगे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे पति नशे में धुत होकर आए और दहेज में तीन लाख रुपये, कूलर और सोने की चेन की कमांग की। मना करने पर पति, ननद रीतू, नीतू, सास कांती देवी, ससुर रामासरे ने उसे लातघूसों से पीटने के बाद गले में फंदा लगाकर लटकाने की कोशिश की। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकल कर पड़ोस के गांव में रहने वाले रिश्तेदारों के घर पहुंची। पीड़िता का कहना है कि वह गर्भवती भी है।

## वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार मां-बेटे की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बंथरा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां- बेटे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक, बंथरा के पहाड़पुर निवासी लवकुश (28) अपनी मां फूलमती (60) को शुक्रवार रात करीब 1 बजे बाइक से लेकर घर जा रहे था। रास्ते में बंथरा थाने के पास तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे मां- बेटे बाइक सहित उछलकर दूर जा गिरे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में दोनों को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि किसी धारदार वस्तु से युवक की गर्दन पूरी तरह कट गई। पुलिस ने शनिवार को शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया। एक ही परिवार में दो मौतों से परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। इस संबंध में अभी उनको परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है।

### शहीद पथ पर हादसे में गई बाइक सवार की जान

**अमृत विचार, लखनऊ:** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित शहीद पथ पर शुक्रवार रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। बस्ती के विक्रमजोत गांव निवासी ममेरे भाई मनीष ने बताया संतोष कुमार (21) कानपुर में एक निजी कंपनी में काम करता था। शुक्रवार को घर से संतोष बाइक से कानपुर जाने के लिए निकला था। रात में शहीद पथ पर मेदांता अस्पताल के पास वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। पुलिसकर्मियों ने उसे अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। संतोष के माता-पिता की कुछ वर्ष पहले बीमारी से मौत हो चुकी है।

# गुजरात की कंपनी के निदेशक पर 30 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ आशियाना क्षेत्र निवासी पीड़ित ने निदेशक समेत पांच पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** आशियाना क्षेत्र निवासी ठेकेदार के गुजरात की कंपनी के निदेशक ने कार्य कराने के बाद बकाया 30 लाख रुपये हड़प लिये। दबाव बनाने पर जान माल की धमकी दी। मामले में पीड़ित ने कंपनी के निदेशक समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य आरोप लगाते हुये रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक, कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी निवासी सुबोध पांडेय ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वह ठेकेदारी करते हैं। उनकी विबग्योर परामर्श नाम से फर्म है। वर्ष 2022-23 में गुजरात की क्रिएटिव एनवायरो कंट्रोल कंपनी के निदेशक विरंगी सूर्यकांत ने उनसे संपर्क कर उनकी फर्म को तीन काम दिए थे। पहला काम उनके प्लांट का मेंटेनेंस, इसके लिए 21.24 लाख रुपये, दूसरे कार्य के 22.51 लाख रुपये और तीसरे कार्य के 3.57 लाख रुपये हुएथे। सुबोध का आरोप है कि तीनों कार्य पूरे करा दिए। बिल करीब 46 लाख रुपये हुआ था। कंपनी की तरफ से फर्म को पूरी राशि भगुतान नहीं की गई। अभी करीब 30 लाख रुपये फर्म का गुजरात की कंपनी पर बकाया है। बार-बार कहने के बाद भी बकाया रुपये का भुगतान नहीं कर रहे हैं। दबाव बनाने पर धमकी दी जा रही है।

पीड़ित ने रुपये दिलाने की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर ने बताया मामले में कंपनी डायरेक्टर समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# ससुरालीजनों की पिटाई से आहत होकर जान दी

## पत्नी समेत पांच के खिलाफ एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ मड़ियांव क्षेत्र स्थित ससुराल आया था, थाने में भी करा दिया था बंद, आहत होकर खाया जहर

**अमृत विचारः** मड़ियांव में बीकेटी निवासी शुभम को ससुरालीजनों ने पड़ोसियों के साथ पीटने के बाद थाने में बंद करा दिया। घटना से खुद को अपमानित महसूस कर रहे युवक ने घर पहुंच कर जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। परिवारीजन को वह गंभीर हालत में कार में मिला। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने शुभम को मृत घोषित कर दिया।

बीकेटी अहलादपुर निवासी अशोक कुमार शुक्ला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि उनके पुत्र शुभम शुक्ला को ससुरालीजन मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। शुभम की ससुराल मड़ियांव क्षेत्र में है। 3 जून की रात वह पत्नी की विदाई कराने ससुराल गया था, जहां ससुरालीजनों ने उसके साथ विवाद कर मारपीट की। इसके बाद डायल 112 के पुलिसकर्मियों को बुलाकर रात में मड़ियांव थाने में बंद करा दिया। इससे वह खुद को अपमानित महसूस कर रहा था। अगले दिन वह घर आ गया।

सात जून को पत्नी से बातचीत करने के बाद दोपहर करीब तीन बजे उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। काफी देर नहीं दिखने पर तलाश की तो गंभीर हालत में इजीनियरिंग कालेज पेट्रोल पंप के पास कार में गंभीर हालत में पड़ा मिला। आननफानन उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान शुभम की मौत हो गई।

पिता अशोक ने साले रजनीश तिवारी, अंकित सिंह, प्रदीप पांडेय व पड़ोसी पीहू समेत अन्य ने उसे जमकर पीटा था। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से गला भी दबाया था। इस्पेक्टर शिवानंद ने बताया कि शुभम की पत्नी और साले समेत पांच लोगों के आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भाई को वीडियो कॉल कर होटल के सुपरवाइजर ने लगाया गले में फंदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकाला बाहर

**अमृत विचारः** मदेयगंज क्षेत्र में किराये के कमरे में रहने वाले होटल के सुपरवाइजर ने भाई को वीडियो कॉल कर कहा- जीवन तंग आ चुका हूं और फंदा लगा लिया।।

पुलिस के मुताबिक रायबरेली के महाराजगंज के गुरमान सिंह का पुरवा निवासी आशीष यादव (26) मदेयगंज थाने के मशालची टोला में किराए के मकान में अकेले रह रहे थे। वह इन्दिरानगर सेक्टर-पांच स्थित एक होटल में सुपरवाइजर थे। भाई अरविंद ने बताया कि शुक्रवार शाम को आशीष ने उन्हें वीडियो कॉल कर कहा कि वह जीवन से तंग आ चुका है। कहा फंदा लगाकर जान देने जा रहा है। अरविंद ने समझाने का प्रयास किया तो जीने की इच्छा न होने की बात बोल कर उसके सामने ही फंदे से लटक गया। अरविंद ने फोन काट कर मकान मालिक को मामला बताया। मकान मालिक पहुंचे तो दरवाजा बंद था। कई आवाज देने के बाद भी जवाब नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो आशीष पंखे के कुंडे से गमछे के फंदे से लटका मिला। पुलिसकर्मियों ने फंदे से उतार कर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि आशीष अविवाहित और तीन भाइयों में वह सबसे छोटा था।

### चाय विक्रेता ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर क्षेत्र में शुक्रवार को चाय विक्रेता ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। अमौसी चिल्लावा निवासी भाई अजीत के मुताबिक, सुजीत प्रजापति (20) अमौसी एयरपोर्ट के पास चाय दुकान चलाते थे। शुक्रवार शाम सुजीत घर पर अकेले थे। परिवार के अन्य लोग काम पर गए थे। शाम को परिवार वाले घर पहुंचे तो सुजीत की हालत गंभीर थी। पूछने पर बताया कि उसने कीटनाशक पी लिया है। उसे ट्रामा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर शैलेन्द्र गिरि ने बताया आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है।

### बाग में फंदे से लटका मिला चालक का शव

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल थाना क्षेत्र निवासी युवक का शव बाग में फंदे से लटका मिला। सालेहनगर पंचायत के हरिहरपुर चुकंडिया गांव निवासी डीसीएम चालक मुकेश शाहू (26) का घर गांव से कुछ दूरी पर बाग में बना है। शुक्रवार रात करीब आठ बजे बड़े भाई राजेश शाहू घर की तरफ पहुंचे तो मुकेश का शव पेड़ में फंदे से लटका मिला। परिजन ने बताया मुकेश दिल्ली में रहकर डीसीएम चलता था। चार माह पहले मुकेश से डीसीएम पलट गयी थी। इसके बाद से मुकेश दिल्ली से गांव वापस आ गया था। वह पांच भाइयों में चौथे नम्बर का और अविवाहित था।



**सख्ती** अटल चौराहे पर पकड़े गए ई रिक्शा चालकों को चेतावनी देकर छोड़ते यातायात पुलिसकर्मी।

## आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने पर एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ बेतवा अपार्टमेंट समिति के पूर्व अध्यक्ष पर लगा आरोप

**अमृत विचार :** बेतवा अपार्टमेंट के अध्यक्ष ने पूर्व अध्यक्ष पर छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उनके खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने का आरोप लगाया है। गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी के मुताबिक, क्षेत्र के सेक्टर चार बेतवा अपार्टमेंट निवासी दिनेश प्रताप सिंह ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उन्हें बेलवा अपार्टमेंट में समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसको लेकर रंजिश में पूर्व अध्यक्ष अनुराग सिंह रंजिश मानते हैं। वह 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण नहीं कर सके थे। इनके खिलाफ वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाकर कमेटी अविश्वास प्रस्ताव लाकर हटाने की तैयारी में थी।

**रहस्य बरकरार** | पुलिस कर रही तलाश, मायके के लिए निकली थी विवाहिता, बाग में मिला था शव

# पति मिले तो पता चले, पल्लवी की हत्या क्यों की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** औरैया के एक बाग में मिली लखनऊ की विवाहिता पल्लवी की हत्या का गुत्थी उलझ गई है। पुलिस उसके पति को तलाश रही है जो वारदात के बाद से लापता है। माना जा रहा है कि उसी ने हत्या की लेकिन क्यों? इसका जवाब अभी किसी के पास नहीं है। कारण जानने के लिए पुलिस ने पल्लवी के ससुरालवालों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

नाका क्षेत्र के मोतीनगर निवासी राम शंकर शनिवार शाम को औरैया से पुत्री पल्लवी का शव लेकर घर पहुंचे। रोते-बिलखते परिवार को पड़ोसी व रिश्तेदार ढांढस बंधाने पहुंच गए। इस दौरान राम शंकर यह बोलते रहे कि पल्लवी हमेशा सबकी मदद करती थी। हमेशा उसका कहा माना, लेकिन इस तरह से छोड़कर चली जाएगी, पता नहीं था।

पिता ने बताया, पल्लवी तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। छह महीने पहले उसने औरैया निवासी सुमित से शादी करने की बात कही। पुत्री की बात मानकर सुमित से शादी करवा दी, लेकिन यह नहीं पता था कि यह फैसला गलत साबित होगा। शादी के बाद दोनों में विवाद होने लगा। ससुरालीजन पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। फोन पर रोजाना बात करती थी, लेकिन विवाद के बारे में ज्यादा नहीं बताती थी। बातों से परेशान लगने पर जब भी पूछा जाता था तो हमेशा बात को टाल देती थी। उसके साथ क्या हो रहा था किसी को नहीं पता था। जरा सी भनक होती तो पुत्री को घर ले आता। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह शव का अंतिम संस्कार होगा। घटना के बाद औरैया पुलिस ने पूरी मदद की। रात में ही आरोपी ससुराल वालों को हिरासत में ले लिया था।

**क्या है मामला :** मोती नगर निवासी राम शंकर की पुत्री पल्लवी का विवाह इसी वर्ष फरवरी माह में औरैया सहायल के गांव बरुं निवासी सुमित के साथ हुआ था। 5 जून को सुमित पत्नी को लेकर लखनऊ जाने की बात कहकर घर से निकला था। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे पल्लवी का शव संदिग्ध हालात में गांव से करीब एक किलोमीटर दूर असैनी स्थित राम बल्लभ तिवारी के आम के बाग में पड़ा मिला था।

## एक नजर

### लखनऊ फुटबॉल टीम के गठन को चयन ट्रायल कल

**अमृत विचार, लखनऊ** : प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता मऊ और बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता सहारनपुर में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता 19 से 26 जून तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल की टीम हिस्सा लेगी। लखनऊ टीम के गठन को जिला स्तरीय पर बालकों और बालिकाओं के चयन ट्रायल 10 जून को सुबह 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे। मंडल स्तर पर बालकों और बालिकाओं के चयन ट्रायल 12 जून को आयोजित होंगे।

### रात 12 बजे तक विद्युत उपकेंद्रों पर रहें जेई

**अमृत विचार, लखनऊ** : सिसगोमती मुख्य अभियंता जत जुनेजा ने शनिवार को नादरगंज और कानपुर रोड के बिजली उपकेंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में सप्लाई ज्यादा बाधित हो रही है उन इलाको में सभी ट्रांसफार्मर, जम्फर, पेटीफ्यूज को चेक करने के लिए कहा है। इसके अलावा उपकेंद्र पर सभी कर्मचारियों को फॉल्ट को ठीक करते समय सुरक्षा उपकरणों को पहनकर ही काम करने के लिए निर्देशित किया है। एसडीओ और जेई को उपभोक्ताओं की समस्या के निवारण के लिए रात 12 बजे तक उपकेंद्र पर मौजूद रहने के लिए निर्देश फिर दिए है।

### ललितपुर के पांच गांव सौर ऊर्जा से हुए रोशन

**अमृत विचार, लखनऊ** : बुंदेलखंड के ललितपुर में सौर ऊर्जा से पांच गांव रौशन किये गये हैं, जबकि यहां पूरे शहर को सौर ऊर्जा से रोशन करने के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र को सौर ऊर्जा का हब बनाने के लिए प्रदेश सरकार सोलर पार्क विकसित कर रही है। झांसी, ललितपुर व चित्रकूट में सबसे बड़े सोलर पार्क को नौ हजार एकड़ में विकसित किया जा रहा है। यहां दो हजार मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इससे प्रति वर्ष 4700 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। इसके लिए लक्षित भूमि को लीज पर लेने की प्रक्रिया जारी है।

# 18 करोड़ खर्च फिर भी सूखा पड़ा केडी सिंह स्टेडियम का तरणताल

## खेल विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे शहर के तैराक और गोताखोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** केडी सिंह बाबू स्टेडियम को तरणताल के नवीनीकरण के नाम पर पिछले दो वर्षों में 18 करोड़ रुपये खर्च कर दिया गया। आलम यह है कि विभागीय लापरवाही के चलते आज भी यह तरणताल सूखा पड़ा हुआ है।

खेल विभाग के कर्मचारियों के अनुसार यह तरणताल पिछले वर्ष पूरा किया जाना था, लेकिन अभी तक इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इस मामले में विभागीय अधिकारी अब कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के छात्रावास के खिलाड़ी भी अब इसके खुलने की उम्मीद छोड़ चुके हैं।

**कोरोना से पहले शुरू हुआ था नवीनीकरण का काम**

विभागीय अधिकारियों के अनुसार कोरोना काल से पहले से इस तरणताल को कवर्ड किए जाने के साथ इसके नवीनीकरण का काम शुरू किया गया। लेकिन कोरोना संक्रमण के चलते दो वर्ष काम बंद रहा। उसके बाद पुरातत्व विभाग ने यहां पर काम रोका। सभी विभागों से मंजूरी मिलने के बाद तकरीबन दो वर्ष पूर्व काम शुरू हुआ।

**सबसे पहले 10 करोड़ था बजट**

1970 बने इस पूल को ठीक करने लिए पहले 10 करोड़ रुपये का बजट दिया गया। बाद में काम प्रभावित होने और अन्य सुविधाओं को बढ़ाने के नाम पर 8 करोड़ से अधिक का बजट स्वीकृत किया गया। खेल विभाग ब तक 18 करोड़ रुपये का बजट निर्माणाधीन संस्था को दे चुका है।

**पिछले वर्ष पूरा होना था काम**

पिछले वर्ष 2023 में इसका निर्माण कार्य पूरा होना था। वर्ष 2024 के भी पांच महीने बीत चुके हैं और अभी भी इस तरणताल के खुलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

**ढाई करोड़ में बनाया ऑलवेदर**

विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि वर्ष 2005 में इसमें आलवेदर बनाए जाने की घोषणा हुई। उस समय इस पर 2 करोड़ 60 लाख खर्च किया गया। लेकिन ठंड के एक भी सीजन में यह तरणताल नहीं खुला।



केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सूखा पड़ा तरणताल। अमृत विचार

> निदेशक को भेज कर उसकी रिपोर्ट मंगवाई जाएगी। उसकी कमियां देखी जाएंगी। जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> –गिरीश चंद्र यादव, खेल मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार

## ओलंपिक डे रन 23 जून को

**अमृत विचार, लखनऊ:** ओलंपिक डे रन 23 जून को आयोजित की जाएगी। 10 किमी की दौड़ में शहर के सभी प्रतिष्ठित एथलीट हिस्सा लेंगे।

उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव आनंदेश्वर पाण्डेय ने बताया कि इस दिन बालक और बालिका हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी ने बताया कि हॉकी के साथ बैडमिंटन और ताइक्वांडो के मुकाबले भी आयोजित किए जाएंगे।

# उत्तर प्रदेश की जीत में आकर्ष की हैट्रिक

## राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर 14 वर्ग में मध्य प्रदेश को पांच गोल से हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आकर्ष की हैट्रिक के साथ ही राम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। कैंट के दिलकुशा मैदान पर शनिवार को खेले गए बालक अंडर-14 आयु वर्ग के मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने मध्य प्रदेश को 5-0 से हरा दिया।

शुरुआत से उत्तर प्रदेश ने आक्रामक रुख अपना लिया और मध्य प्रदेश पर दबाव बनाए रखा। प्रथम मध्यांतर में ही उत्तर प्रदेश के आकर्ष ने 9वें मिनट में पहला गोल दाग कर टीम को 1-0 की बढ़त बनाई। धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए आकर्ष ने 11वें और 12वें मिनट में फिर दो गोल किए। इसके साथ ही जहां आकर्ष ने अपनी हैट्रिक पूरी की, वहीं उत्तर प्रदेश को 3-0 की बढ़त दिला दी।

मैच में वापसी करने को मध्य प्रदेश ने रणनीत बदली लेकिन उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के सामने उनकी एक नहीं चली। उत्तर प्रदेश के राम ने 23वें और 27वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त 5-0 कर दी जो कि अंत तक कायम रही। अंडर-14 बालक वर्ग के एक अन्य मुकाबले में झारखंड ने मध्यप्रदेश को 3-2 से हरा दिया।

**खुशी ने दिलाई उत्तर प्रदेश को जीत :** प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश ने मध्य प्रदेश को हरा दिया। इस मुकाबले में उत्तर प्रदेश की लड़कियों ने दमदार खेल दिखाया और 2-0 से जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश की ओर से दोनों गोल खुशी ने पहले और दूसरे मध्यांतर में किए।



दिलकुशा मैदान में प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभाग करती पश्चिमी बंगाल टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

**अंडर-17 आयु वर्ग में झारखंड से मिली हार**

● अंडर-17 आयु वर्ग के मुकाबले में उत्तर प्रदेश को आज हार का सामना करना पड़ा। झारखंड ने उत्तर प्रदेश को 2-0 से हरा दिया। झारखंड की ओर से आशीष और आकाश ने गोल कर टीम को जीत दिलाई। इसी आयु वर्ग के एक अन्य मुकाबले में झारखंड ने पं. बंगाल को हराया। झारखंड की ओर से सुजीत ने 27वें और प्रिंस ने 29वें मिनट में गोल कर टीम को जीत दिलाई।

## मेरठ की एथलीटों ने 800 मीटर में किया क्लीन स्वीप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर स्थित साई सेंटर में शनिवार से शुरू हुई राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेरठ के एथलीटों ने पांच स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता।

महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में मेरठ के एथलीटों नेन स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। घुटने की चोट के बाद चार साल बाद राखी ने ट्रैक पर वापसी की। राखी ने 2 मिनट 7.54 सेकंड का समय लेकर 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। रजत पदक तन्वी मलिक ने और कांस्य पदक साधना चौधरी ने जीता।

पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में मेरठ के आर्यन त्यागी ने 17.80 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में विधि चौधरी ने गोला फेंक प्रतियोगिता में 16 मीटर के साथ में स्वर्ण पदक हासिल किया। शिवानी ने डिस्कस थ्रो की प्रतियोगिता में 48 मीटर के साथ में स्वर्ण पदक जीता। 100 मीटर की तेज दौड़ में आदित्य ने 10.93 सेकंड के साथ में रजत पदक जीता।

## पवन की गेंदबाजी से अखिल इंफ्रा क्लब फाइनल में पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सीएएल डेकाथलन एफएलएक्स कप के सेमीफाइनल में शैला देवी क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हराया

**अमृत विचार :** मैन ऑफ द मैच पवन सिंह की गेंदबाजी की बदौलत अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने सीएएल डेकाथलन एफएलएक्स कप के लिए खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। सेठ आनंदराम जयपुरिया खेल मैदान पर शनिवार को खेले गए मुकाबले में अखिल इंफ्रा ने शैला देवी क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हरा दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए शैला देवी स्पोर्ट्स क्लब ने 19.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 66 रन बनाए। अखिल इंफ्रा के गेंदबाजों की आंधी में शैला देवी के बल्लेबाज जल्द ही बिखर गए। राहुल कुमार (10 रन) और अभिनव सिंह (10 रन) ही दहाई के अंक तक पहुंच सके। अखिल इंफ्रा की ओर से पवन और संदीप यादव ने 2-2 विकेट चटकाए। शिवम शर्मा, विपिन चंद्र, सत्यम सिंह और अजीत वर्मा को 1-1 विकेट मिला।



पवन सिंह

जवाब में अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने 14.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 67 रन बनाए और जीत दर्ज की। हर्षित यादव ने नाबाद 25 और अजीत वर्मा ने 19 रनों की पारी खेली। शैला देवी की ओर से विशाल कुमार, विकास मीना और अभिनव सिंह को 1-1 विकेट मिला।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओ.टी./09/2024 दि.07.06.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं 1:– कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल के अंतर्गत विद्युत सामान्य परिसंपत्तियों–जल पम्प, प्लेटफार्म (30–70 प्रतिशत) प्रकाश व्यवस्था, लिफ्ट, एस्केलेटर, स्ट्रीट लाइटिंग और सब स्टेशनों जैसी विद्युत सामान्य संपत्तियों की निगरानी और नियंत्रण (भारतीय रेलवे नेटिव इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई.ओ.टी.) आधारित यील्ड विश्लेषण टेलीमेट्री, रिकॉर्डिंग और नियंत्रण–आई.आर.–नियंत्रक) के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई.ओ.टी.) डिवाइस/इंटेलिजेंट फील्ड डिवाइस (आई एफ.डी.) का प्रावधान। **अनुमानित लागत रू में:** ₹ 3,96,60,123.16, **धरोहर राशि रू में:** ₹ 3,48,400.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू में: शुन्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 02.07.2024, 11.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः छः माह।

इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड की दिया गया है। निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई–टेण्डरिंग में भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय अपलोड किये जाने चाहिय।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सा./**
**मुजाधि/विद्युत–60 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# राजधानी की लड़कियों का जीत से आगाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चौथी राज्य रग्बी चैंपियनशिप में मुजफ्फरनगर टीम को 20-0 से हराया

▸▸ राज्य की 16 टीमों से तकरीबन 350 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी ने लिया हिस्सा

**अमृत विचारः** लखनऊ के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में शनिवार से शुरू हुई चौथी राज्य रग्बी चैंपियनशिप में जीत के साथ आगाज किया। उसने अंडर-18 बालिका वर्ग में मुजफ्फरनगर को एकतरफा मुकाबले में 20-0 अंकों से हराया। चैंपियनशिप का उद्घाटन उत्तर प्रदेश रग्बी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश पाल और उपाध्यक्ष अमिक कुमार डे ने किया।

इस चैंपियनशिप में राज्य की 16 बेहतरीन टीमें हिस्सा ले रही है, जिनमें तकरीबन 350 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। इस चैंपियनशिप के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य रग्बी टीमों का गठन किया जाना है। ऐसे में सभी खिलाड़ी पूरा दमखम दिखा रहे हैं।

अंडर-18 बालिका वर्ग के मुकाबले में राजधानी की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अनामिका के 10 अंकों की मदद से लखनऊ ने मुजफ्फरनगर पर शानदार जीत दर्ज की। दमदार प्रदर्शन के बाद अनामिका ने बताया कि लखनऊ में अभी हमारे लिए कोई ऐसा इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है जहां, रग्बी के नियमित मैच खेले जा सके। यहां पर स्कूली स्तर पर इस खेल का आयोजन ही नहीं होता है। ऐसा नहीं है कि यहां पर इस खेल के खिलाड़ियों की कमी है या होनहार खिलाड़ी नहीं है, जरूरत है इस खेल को बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताओं की। प्रायोजक मिल जाए, तो यहां से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकलेंगे।

बालिका अंडर-18 के एक अन्य मुकाबले में सहारनपुर ने सीतापुर को 22-0 गोलों से पराजित किया। इस मैच की स्टार रही अल्हमा ने 12 अंक जुटाए। बालकों के अंडर-18 मुकाबले में शामली ने मुजफ्फरनगर को 27-0 अंकों से हराया। शामली के अभिषेक ने सात अंक जुटाए। सीनियर पुरुषों में वाराणसी ने गाजीपुर को 29-0 अंकों से हराया। रविवार को भी मुकाबले होंगे।

## प्रिंट मीडिया वितरण केन्द्र के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह का निधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईटी सेंटर निरालानगर प्रिंट मीडिया वितरण केन्द्र के अध्यक्ष और कोटिल्य पब्लिक स्कूल कुर्सी रोड के संस्थापक शेखुपुरा कालोनी विकास नगर निवासी रुद्र प्रताप सिंह (सुल्तान सिंह) (42) का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी सुनीता, पुत्री अंशिका और पुत्र पार्थ व शिवांश छोड़ गए हैं। वे काफी दिनों से लीवर सिरोसिस से पीड़ित थे। शनिवार को प्रात तीन बजे उनका निधन हो गया। दोपहर तीन बजे बैकुंठ धाम पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



# महिलाओं को दी सिलाई मशीन किट

संवाददाता, निगोहां

**अमृत विचारः** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत निगोहां में 210 महिलाओं को सिलाई -कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर सिलाई मशीन एवं किट वितरित की गई।

सोसायटी फॉर वालेंट्री एक्शन एंड रिसर्च के सहयोग से इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के रिफाइनरी डिवीजन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रक्षा मंत्रालय के संयुक्त निदेशक योगेश मिश्र रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की प्रतिभा को निखारने का यह प्रयास अच्छा है। विशिष्ट अतिथि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के रिफाइनरी डिवीजन के उपमहाप्रबंधक सुनील दत्त ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली लाभार्थियों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण एवं सिलाई मशीन व किट माध्यम से अपने को आर्थिक रूप से सक्षम बनाकर समाज में एक अलग स्थान बनाने का प्रयास करें ताकि अन्य महिलाओं के लिए उदाहरण बन सके।

विशिष्ट अतिथि निगोहां के प्रधान अभय दीक्षित ने आयोजकों का आभार जताया। इस अवसर पर निजी सचिव कृषि मंत्री धर्मेश तिवारी, संस्था के अध्यक्ष मनोज शुक्ला, परियोजना निदेशक नितेश यादव, अर्जुन पुरस्कार प्राप्त रचना गोयल और सुरेंद्र दीक्षित उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान महिला को सिलाई मशीन वितरित करती अतिथि। अमृत विचार

# गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव का 418वां शहीदी दिवस 9 व 10 जून को गुरुद्वारा नाका हिंडोला में श्रद्धा व सत्कार से मनाया जाएगा।

गुरुद्वारा नाका हिंडोला की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा ने बताया कि गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर 9 जून की शाम साढ़े छह बजे दीवान शुरू होगा जो रात 10 बजे तक चलेगा। 10 जून को सुबह पांच बजे दीवान सजाया जाएगा।

सचिव सतपाल सिंह मीत ने बताया कि गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर दरबार साहिब अमृतसर के प्रसिद्ध पंथ प्रचारक ज्ञानी मान सिंह विशेष रूप से लखनऊ आ रहे हैं। वह गुरुद्वारा नाका हिंडोला में विशेष व्याख्यान देंगे। पटियाला के रागी प्रिंस पाल सिंह गुरु अर्जुन देव द्वारा रचित गुरबानी का गायन करेंगे।

# चारबाग से बसंतकुंज मेट्रो के लिए अभी करें इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीआईबी की आपत्तियों के निस्तारण के बाद अक्टूबर तक काम शुरू होने की उम्मीद

**अमृत विचार :** चारबाग से वसंतकुंज तक मेट्रो से सफर करने के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। दूसरे फेज में कार्य के लिए राज्य सरकार की अनुमति के बाद डीपीआर केंद्र को भेजने के निर्देश दिए गए थे।

अभी तक पब्लिक इनवेस्टमेंट बोर्ड (पीआईबी) की आपत्तियों पर जवाब नहीं भेजा गया है। पीआईबी से आपत्तियों के निस्तारण और केंद्र की हरी झंडी मिलने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।

चारबाग से बसंतकुंज की दूरी 11.16 किलोमीटर है। इस रूट पर 4.28 किलोमीटर की एलिवेटेड और 6.87 किलोमीटर का भूमिगत ट्रैक बनाया जाना है। चारबाग से निवाजगंज भूमिगत ट्रैक 6.879 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। इसमें गौतम बुद्ध नगर, अमीनाबाद, पांडे गंज, सिटी रेलवे स्टेशन, मेडिकल कॉलेज चौराहा और निवाजगंज में स्टेशन बनेंगे। इसी महीने पीआईबी की बैठक प्रस्तावित है। जिसमें आपत्तियों के निस्तारण होने की उम्मीद है। इसके बाद ही केंद्र सरकार की मंजूरी मिलेगी।

इन सब में दो से तीन महीने का वक्त लग जाएगा। पीआईबी की बैठक को लेकर अभी कोई तारीख नहीं तय की गई है। यूपीएमआरसी के प्रवक्ता पंचानन मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। अन्य औपचारिकता को पूरा कर जल्द ही दूसरे फेज के लिए निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

**टेन्डर नोटिस बिक्री आम फसल वर्ष 2024**

**सूचना**

साधन सहकारी समिति लि0 भौदरी विकास खण्ड मोहनलालगंज जनपद लखनऊ स्थित ग्राम धनवारा में 12 बीघा आम बाग की फसल वर्ष 2024 की बिक्री हेतु खरीददारो से सील बन्द टेन्डर दिनांक 11/06/2024 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय साधन सहकारी समिति लि0 भौदरी ग्राम धनवारा विकास खण्ड मोहनलालगंज जिला लखनऊ में आमंत्रित किये जाते है तथा टेन्डर उसी दिन तत्काल बाद खोले जायेंगे। टेन्डर से सम्बन्धित सभी शर्ते टेन्डर फार्म पर छपी है जो की समिति कार्यालय भौदरी स्थित ग्राम धनवारा मे उपलब्ध है। जिसे समिति कार्यालय से दिनांक 10/06/2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में 100 रू एक सौ रू मात्र जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। कोई भी टेन्डर समिति फसल के मूल्यांकन की धनराशि से कम धनराशि का स्वीकार नही किया जायेगा। इच्छुक टेन्डर दाता समिति के सचिव से सम्पर्क करें।

**रमेश चन्द्र**
**सचिव/सदस्य संयोजक**
**(बी–पैक्स) लि0 भौदरी**

**देशपाल सिंह**
**अध्यक्ष**
**(बी–पैक्स) लि0 भौदरी**
**धनवारा, मोहनलालगंज, लखनऊ**

**क्रिकेट को क्रेज** | भारत–पाक महामुकाबला देखने को तैयार लखनऊ, बिजली जाने पर इनवर्टर–जनरेटर तक के किए गए इंतजाम

# महामुकाबले के दौरान बिजली न हो जाए गुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः टी-20 विश्वकप में भारत और पाकिस्तान का महामुकाबला रविवार को होगा। इस हाईवोल्टेज मुकाबले को देखने के लिए लखनऊ के लोग उतावले हैं। सभी को एक ही चिंता सता रही है कि कहीं इस रोमांचक मुकाबले के दौरान बिजली न गुल हो जाए।

इस मैच की एक भी गेंद को देखने से वह चूकना नहीं चाहते हैं। इसके लिए जहां लोगों ने अपने कई प्लान आगे बढ़ा दिए हैं तो इनवर्टर और जनरेटर की व्यवस्था भी की जा रही है। साथ ही शहर के होटलों में भी इस मुकाबले के सजीव प्रसारण की तैयारी की जा रही है।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के खिलाड़ियों के अनुसार, भारत-पाक मैच भले ही 12 हजार किलोमीटर दूर हो रहा है लेकिन इस मैच के हर पल को यादगार बनाने की तैयारी में शहर के लोग जुटे हैं। दोनों के बीच पिछले वर्ष 14 अक्टूबर को मैच खेला गया था। अहमदाबाद में विश्वकप के दौरान दोनों के बीच मुकाबला हुआ। अब टी-20 विश्वकप में दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला रात 8 बजे से खेला जाएगा। सभी को इस बात की चिंता है कि बिजली गुल हो गई तो इस रोमांचक मुकाबले का मजा किरकिरा हो जाएगा। दरअसल गर्मी के इस मौसम में राजधानी में बिजली की आवाजाही बढ़ गई है। घंटों बिजली गुल होने से लोग परेशान है। इसी के चलते कई लोगों ने अपने टेलिविजन का कनेक्शन इनवर्टर से करा दिया है।



**रेस्टोरेंट में भी मैच के लिए बड़ी स्क्रीन का किया गया इंतजाम**

इस रोमांचक मुकाबले के सजीव प्रसारण के लिए गोमती नगर और चारबाग होटल में बड़ी स्क्रीन लगाई गई है। यहां क्रिकेट प्रेमियों को लजीज पकवान परोसे जाएंगे। इस दिन यहां पर डिनर पर आने वालों को बिल में छूट भी दी जाएगी। वृंदावन और महानगर में स्थित एक रेस्टोरेंट ने भी मैच के लिए बड़ी स्क्रीन का इंतजाम किया गया है। कई जगहों पर रेस्टोरेंट ने स्क्रीन के आस-पास टेबल बढ़वा दी है।

**भारत बनाम पाकिस्तान मैच का रोमांच कुछ अलग ही**

लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव केएम खान ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले का रोमांच ही कुछ अलग है। भले ही कोई मैच छूट जाए लेकिन भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच की हर एक गेंद पर क्रिकेट प्रेमियों की नजर रहती है।

**इनवर्टर का भी किया इंतजाम**

अलीगंज के गोपाल सिंह, चौक स्टेडियम के आसिफ के साथ ही तमाम खेल प्रेमियों ने इस मुकाबले को देखने के लिए इनवर्टर और जनरेटर तक के इंतजाम किए हैं। ताकि पावर कट से मैच का मजा किरकिरा न हो।

**राजर्षि दशरथ स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या**

**उत्तर प्रदेश में रिक्ति के लिए विज्ञापन**

आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के सभी स्तरों पर रेड ट्राइएज रोगियों (समय संवेदनशील और अन्ध आपातकालीन) के बीच गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिए सुविधा– आधारित आपातकालीन देखभाल प्रणाली को मजबूत करने के लिए अनुकूली मॉडल नामक परियोजना में रिक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। **विवरण नीचे उल्लिखित हैं।**

| पद | पदों की संख्या | योग्यता | आयु सीमा | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| प्रोजेक्ट नर्स III | 5 | आवश्यक: न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए चार वर्षीय नर्सिंग पाठ्यक्रम<br>वांछनीय: आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी। | 35 साल | ICMR के अनुसार स्टाफ नर्स III रु. 28,000/+ 2,520 (9% HRA) मासिक |
| प्रोजेक्ट नर्स II | 1 | आवश्यक: न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या समकक्ष CGPA के साथ तीन वर्षीय जनरल नर्सिंग और मिडवाइफ (GNM) कोर्स।<br>वांछनीय: आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी। | 30 साल | ICMR के अनुसार परियोजना नर्स II रु. 20,000/+ 1,800 (9% HRA) मासिक |
| परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक (चिकित्सा) | 1 | आवश्यक: MBBS/BDS<br>वांछनीय: आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में एक वर्ष का क्लीनिकल/अनुसंधान अनुभव की प्राथमिकता दी जाएगी। | 35 साल | ICMR के अनुसार वैज्ञानिक I रु. 67,000/ 6,030 (9% HRA) मासिक |

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22th June 2024 शाम 5:00 बजे तक है। केवल लघु–सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
चयनित उम्मीदवार से तत्काल ज्वाइनिंग का अनुरोध किया जाता है।
आप जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक पर अपना बायोडाटा जमा कर सकते है.
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSeRntbhj50aUtgkKZClesNneYLajqKIOp09dmvoXt&oYlgeDA/viewform?usp=sf_link

**डॉ. सत्यजीत वर्मा**
**साइट प्रधान अनवेषक प्रोफेसर एवं एचओडी**
**सर्जरी विभाग आरडीएएसएमसी अयोध्या, उत्तर प्रदेश**

# लखनऊ से मोहनलालगंज और निगोहां के लिए चलेंगी नई बसें

## राज्य परिवहन प्राधिकरण ने दी मंजूरी : नगराम, भवरेश्वरधाम, बीकेटी और चंद्रिकादेवी रूट पर भी बसें बढ़ाई जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ 13 रूटों पर बसें बढ़ाने की अनुमति मिली, 10 हजार से अधिक लोग कर सकेंगे यात्रा**

**अमृत विचार:** लखनऊ से मोहनलालगंज, निगोहा, नगराम, भवरेश्वरधाम, बीकेटी, चंद्रिकादेवी और माल समेत 13 रूटों पर रोडवेज नई बसें चलाएगा। इससे रोजाना 10 हजार से अधिक लोग यात्रा कर सकेंगी। इन बसों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों से लखनऊ नौकरी, सरकारी काम और इलाज के लिए आने जाने वालों को सुविधा हो जाएगी। राज्य परिवहन प्राधिकरण ने चारबाग व कैसरबाग डिपो से बसें चलाने की मंजूरी दे दी है। परमिट मिलने के साथ इसी महीने से बसों के संचालन की उम्मीद है।

राज्य परिवहन प्राधिकरण ने प्रदेश भर में बसें बढ़ाने के लिए 1540 नए रूट तय किए हैं। इनमें 13 रूट लखनऊ परिक्षेत्र में हैं। चारबाग से मोहनलालगंज के लिए दो, चारबाग से वाया गंगागंज और नगराम तक दो, चारबाग वाया निगोहा, नगराम लिंक मार्ग तक दो बसें चलेंगे। इसी तरह चारबाग से असरेंदा लिंक मार्ग व चारबाग से भवरेश्वरधाम तक एक-एक और कैसरबाग से माल तक भी एक बस चलाई जाएंगी।

बसों की समय सारिणी तय करने की जिममेदारी चारबाग डिपो को दी गई है। लखनऊ परिक्षेत्र के प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने कहा कि इन रूटों पर साधारण बसों के संचालन के लिए परमिट की मंजूरी मांगी गई है। परमिट के लिए प्रस्ताव परिवहन विभाग को भेजा गया है। परमिट मिलते ही इसी महीने से सभी रूटों पर बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बसों की समय सारणी सुबह, दोपहर, शाम और रात्रिकालीन अंतिम सेवा के रूप में बनाई जाएगी। बसें दोनों तरह से प्रतिदिन चार चक्कर लगाएंगी। चालक और परिचालक की ड्यूटी रोस्टर के आधार पर लगाई जाएगी। नई बसों से 8 से 10 हजार यात्री प्रतिदिन सफर कर सकेंगे।

### किस रूट पर, किस नंबर की बस चलेगी

**बस नंबर कहां से कहां तक**

यूपी 33 एटी 4761 चारबाग से मोहनलालगंज, गोसाईगंज।
यूपी 33 एटी 9569 चारबाग से मोहनलालगंज।
यूपी 33 एटी 5496 चारबाग से गंगागंज और नगराम।
यूपी 33 एटी 5497 नगराम से गंगागंज से चारबाग तक।
यूपी 33 एटी 5495 चारबाग से निगोहा, नगराम लिंक मार्ग।
यूपी 33 एटी 5498 चारबाग से सुदौली, असरेंदा लिंक मार्ग।
यूपी 33 एटी 4760 चारबाग से सुदौली मोड़, भवरेश्वरधाम।
यूपी 33 टी 9641 कैसरबाग से बीकेटी, चंद्रिकादेवी, माल।

# थाने के सामने लूटा मंगलसूत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नाका थाने के सामने से शनिवार देर रात बाइक सवार बदमाशों ने मंगलसूत्र लूट लिया। महिला के पति ने पीछा करना चाहा लेकिन बाइक सवार बदमाश पलक झपकते ही फरार हो गए। पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की।

इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, अलीगंज निवासी काजल देर रात पति के साथ सरोजनीनगर क्षेत्र से घर लौट रहीं थी।

नाका थाने के सामने पहुंचकर दुकान से कुछ खरीदारी करने लगीं। इसी दौरान पीछे से आए बदमाशों ने मंगलसूत्र और चेन पर

झपट्टा मारा। इंस्पेक्टर ने बताया कि चेन तो गले में छूट गई, लेकिन मंगलसूत्र लेकर बदमाश फरार हो गए। पीड़िता ने सुबह प्रार्थना-पत्र देने की बात कही है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### हेड कांस्टेबल से दरोगा बने 643 पुलिसकर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनाव आचार सहिंता खत्म होते ही प्रदेश सरकार कार्मिकों का लगातार प्रमोशन कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षकों की प्रोन्नति के बाद अब 643 हेड कांस्टेबल से दरोगा के पद पर प्रोन्नति का तोहफा मिला है। डीआईजी स्तापना प्रभाकर चौधरी ने पुलिस कर्मियों के प्रोन्नति की लिस्ट जारी की है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज क्षेत्र में अतरौली रेलवे क्रासिंग के पास ट्रैक पर शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने बताया शव मोर्च्युरी में रखवाया गया है। 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### किसान गुट ने समाधान दिवस पर किया हंगामा

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** के पुरसेनी में जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण रोकने और किसानों को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में शनिवार को थाना समाधान दिवस पर हंगामा हो गया। पीजीआई के बाबूखेड़ा निवासी सर्वेश कुमार ने बताया कि जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण कर रहे थे। प्रापर्टी डीलर ने साथियों के साथ काम रुकवा दिया। बंदूक लगाकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शनिवार को काफी संख्या में भाकियू गुट के किसान मोहनलालगंज थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करने को लेकर हंगामा करने लगे।

# आज और कल 10 ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

## वाराणसी मंडल में होना है ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** वाराणसी मंडल के गोरखपुर कैंट-भटनी खंड के कुसम्ही सरदार नगर-चौरी चौरा स्टेशनों के बीच ऑटोमेटिक सिग्नलिंग के कमीशनिंग का काम होना है। ऐसे में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते लखनऊ-बरौनी, राजधानी स्पेशल सहित 10 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान 9 और 10 जून को ट्रेनें बदले मार्ग सीवान, कप्तानगंज, गोरखपुर कैंट के बीच होते हुए चलेंगी। चार ट्रेनें कम दूरी से चलाई जाएंगी।

**गोरखपुर की जगह भटनी से चलेंगी ये ट्रेनें :** अहमदाबाद से 9 जून को ट्रेन नंबर 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर की जगह भटनी में यात्रा खत्म करेगी। इसी तरह गोरखपुर से 9-10 जून को 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस गोरखपुर की जगह भटनी से चलेगी। लखनऊ जं. से 9 जून को 15008 कृषक एक्सप्रेस वाराणसी के बजाय गोरखपुर में यात्रा समाप्त करेगी। वाराणसी सिटी से 9-10 जून को ट्रेन नंबर 15007 कृषक एक्सप्रेस वाराणसी सिटी की जगह गोरखपुर से चलाई जाएगी।

### ये ट्रेनें दो दिन सीवान-कप्तानगंज, गोरखपुर के रास्ते चलेंगी

- 9 जून को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल
- 9 व 10 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल
- 9 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 02564 नई दिल्ली-बरौनी स्पेशल
- 9 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 15204 लखनऊ जं. बरौनी एक्सप्रेस
- 9 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर15909 अवध-आसाम एक्सप्रेस
- 10 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर14673 शहीद एक्सप्रेस
- 10 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 12203 गरीब रथ एक्सप्रेस
- 9 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 15910 अवध-आसाम एक्सप्रेस

### जुलाई से स्पेशल में बदल जाएंगी विशेष ट्रेनें

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग सहित कई अन्य स्टेशनों से संचालित की जा रही विशेष ट्रेनों को जुलाई से पैसेंजर बना कर चलाया जायेगा। रेलवे के अनुसार एक जुलाई से पैसेंजर बनकर चलने वाली ट्रेनों से यात्रियों को खासी राहत मिलेगी। लखनऊ मंडल में ऐसी 13 ट्रेनें हैं, जिन्हें पैसेंजर बना कर चलाया जाएगा। इसकी समय सारणी में बदलाव किए जाने के साथ किराया भी कम किया जाएगा।

मुरादाबाद और अंबाला डिवीजन में 53-53 पैसेंजर ट्रेनों के नंबर बदले जाएंगे। इस संबंध में रेलवे बोर्ड की ओर से भेजे दिशा निर्देश पर रेलवे प्रशासन काम करना शुरू कर दिया है। कोरोना काल के दौरान कई पैसेंजर ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद इन ट्रेनों बहाली की गई लेकिन इन्हें विशेष ट्रेन बना कर चलाया गया। ऐसे में इन पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इनकी टिकट दर अधिक होने से यात्रियों ने विरोध भी किया। उत्तर रेलवे के लखनऊ, मुरादाबाद के साथ अंबाला मंडल में तकरीबन 119 ट्रेनें हैं, जो स्पेशल नंबर के साथ पैसेंजर ट्रेनों के रूप में चलाई जा रहीं हैं।

### सर्राफ की दुकान से 17 लाख के जेवर चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर थाने में बद्री प्रसाद गोपाल जी ज्वैलर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर ने नौकर पर 17 लाख रुपये के गहने चोरी का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। गहनों का मिलान करने पर चोरी की जानकारी हुई।

पुलिस के मुताबिक, महानगर सेक्टर -सी निवासी नन्दनी केशरवानी की पत्रकारपुरम स्थित आनंद प्लाजा में बद्री प्रसाद गोपालजी के नाम से ज्वैलर्स की दुकान हैं। उनकी दुकान पर अमेठी के मुसाफिरखाना मदोली बाजार निवासी शिव प्रसाद पाण्डेय कार्यरत था।। आरोप है कि 5 अप्रैल को स्टाक की गिनती करने को कहा गया तो वह टाल मटोल करने लगा। इसके बाद गहनों का मिलान किया गया तो 504 नग कम मिले। जिनकी कीमत 17 लाख रुपए के ऊपर है।

### नौकरी का झांसा देकर हड़पे नौ लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर थाने में रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर नौ लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर दीपक पांडेय के मुताबिक, हुसड़िया निवासी आशीष मौर्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। कुछ समय पहले दोस्त अभिषेक कुशवाहा ने बताया कि उसका परिचित किसान जमीन बेच रहा है। आशीष ने जमीन खरीदने के लिए डेढ़ लाख रुपये नगद और साढ़े सात लाख रुपये किसान के खाते में जमा करा दिए, लेकिन जमीन उनके नाम बैनामा नहीं कराई। टालमटोल पर आशीष ने रुपये वापस मांगे तो अभिषेक ने रेलवे में नियुक्ति कराने की बात कही। । इंस्पेक्टर ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### बंद मकान से लाखों के गहने पार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट क्षेत्र में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के गहने व नगदी पार कर दी। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

मटियारी के कंचनपुर राजनगर निवासी सौरभ कुमार गुप्ता अजामगढ़ में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया पत्नी बच्चों के साथ 13 मई को वह मायके चली गयी थी। 5 जून को सौरभ मकान घर पहुंचे, तब उन्हें चोरी होने की जानकारी हुई। बताया कि चोर मकान का ताला तोड़कर सोने की अंगूठी, नेकलेस, पायजेब समेत करीब 10 लाख के गहने और 15 हजार नगद समेट ले गये। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि मामला दर्ज किया है।



सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के गेट पर आयोजित भण्डारे से प्रसाद ग्रहण करते राहगीर। अमृत विचार



गोमती नगर विपुल खंड में भंडारे के सफल आयोजन के बाद प्रसन्न मुद्रा में आयोजक। फोटो : अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# ज्येष्ठ माह के दूसरे शनिवार को लगे भंडारे, गूंजा सुंदरकांड का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के दूसरे शनिवार को राजधानी में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। भंडारों में पूड़ी-सब्जी अधिकांश नजर आई लेकिन मौसमगंज रामलीला समिति के भंडारे में पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल, आइसक्रीम और पना भी वितरित किया गया।

मौसमगंज रामलीला समिति के संरक्षक तेज प्रकाश गुप्ता के परिवार की ओर से ज्येष्ठ माह के दूसरे शनिवार को भंडारे का आयोजन मौसमगंज रामलीला मैदान में किया गया। भंडारे से पहले यहां सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया। ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा के बाद भंडारा शुरू हुआ। भंडारे में आये बच्चों और महिलाओं को आइसक्रीम सबसे ज्यादा पसंद आई। लू के मौसम में पना भी लोगों ने पसंद किया। भंडारे में रामशंकर जायसवाल, विनय नाग, गिरीश गुप्ता, राजेश, अनूप और विशाल आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

छतर मंजिल के गेट पर लगे भंडारे में भी दिन भर भीड़ रही। पूड़ी-सब्जी के अलावा यहां ठंडे पानी का इंतजाम किया गया। सूचना विभाग के गेट के पास लगे भंडारे में दोपहर से शाम तक हनुमान भक्तों का रेला लगा रहा।

गोमती नगर विपुल खंड में शनिवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में लोगों की काफी भीड़ जुटी। भंडारे के आयोजक मुख्य रूप से ऋतुजा सिंह बघेल, निहारिका सिंह, अर्चना सिंह, स्मिता सिंह रागिनी सिंह राठौड़, रेखा तिवारी, मनीषा सिंह मनु चौहान, अरुण सिंह बघेल, अनुराग सिंह राठौड़, कर्मेंद्र प्रताप सिंह, अनिल तिवारी प्रकाश भदोरिया व आदित्य बघेल रहे। इस दौरान पूड़ी सब्जी हलवा व शरबत का वितरण किया गया।

तालकटोरा :ज्येष्ठ मास के तीसरे शनिवार को विक्रमनगर डीआरएम पुलिया के पास खुशी बिहार विकास समिति की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे में पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल, बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर समिति सचिव राजेश कुमार उपाध्याय, भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय चौधरी, डा महेंद्र राय, प्रवीण कुमार मिश्र, अरविंद त्रिपाठी, शादाब आलम, माजिद खान, संतोष तिवारी, ज्ञानेंद्र यादव, राजीव गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद थे।



आलामबाग में आयोजित भण्डारे में प्रसाद लेने के लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार



जानकीपुरम में लोगों को भंडारे का प्रसाद बांटते पूर्व वायु सैनिक संघ के सदस्य।

### पूर्व वायु सैनिक संघ की ओर से लगाया गया भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व वायु सैनिक संघ जानकीपुरम ने शनिवार को जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-एक में विशाल भंडारे का आयोजन कराया। भंडारे में छोला-चावल, पूड़ी-सब्जी, बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रंजीत सिंह, केपी पांडेय, एमएनएस सिंह, एपी सिंह, एएन पांडेय, विवेक शुक्ला, शम्भू शरण, जेपी मिश्रा, रंजीत कुमार, राधेश्याम, एनके नियोगी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



तालकटोरा के विक्रमनगर डीआरएम पुलिया के पास खुशी बिहार विकास समिति द्वारा लगाए गए भंडारे में प्रसाद वितरित करते लोग।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# प्रतापगढ़ में मौलाना की धारदार हथियार से हत्या

## आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों के घर पर किया पथराव, बेकाबू भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

संवाददाता, प्रतापगढ़

**जमीन विवाद**



मो.फारूक (फाइल फोटो)



आरोपियों के घर पर धावा बोलने पर आक्रोशित लोगों को रोकते एसपी सतपाल अंतिल। अमृत विचार

- **डीएम, एडीजी और आईजी पहुंचे घटनास्थल पर, मामले को कराया शांत**
- **मृतक के बेटे की तहरीर पर दंपति,उनके दो बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**अमृत विचार :** जमीन विवाद में धारदार हथियार से मौलाना फारूक अहमद(65) की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर पर पथराव किया और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके उग्र भीड़ को खदेड़ा। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने गांव के दंपति, उनके दो बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज प्रेम गौतम घटना स्थल पहुंचे। डीएम संजीव रंजन,एसपी सतपाल अंतिल, सतपाल अंतिल,एएसपी पश्चिमी संजय राय,सीओ सदर अमर नाथ गुप्ता के साथ में घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतक के परिजनों से बात कर पूरे मामले को शांत कराया।

पुलिस के अनुसार जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव के मौलाना फारूक अहमद (65) सोनपुर मदरसा के संस्थापक और कादीपुर मदरसा के संचालक के साथ-साथ जमीयत उलमा हिंद-प्रतापगढ़ के महासचिव थे। कादीपुर गांव में फारूक ने चंद्रमणि तिवारी को जमीन खरीदने के लिए पैसे दिए थे। तिवारी ने वह प्लॉट किसी और को बेच दिया। शनिवार सुबह जब फारूक सोनपुर गांव में तिवारी के घर गया तो उस पर हमला कर दिया गया और उसके सिर पर लोहे की रॉड, फावड़ा व कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में आक्रोश फैल गया। सूचना पर भारी तादाद में पुलिस फोर्स पहुंची। इलाके में तनाव को देखते हुए डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल मौके पर पहुंचे। ग्रामीण पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए शव उठाने नहीं दे रहे थे। एसपी और ग्रामीणों से नोकझोंक भी हुई। आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर पर पथराव शुरू कर दिया और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। एसपी सतपाल अंतिल ने काफी रोकने का प्रयास किया,बावजूद इसके आक्रोश न थमने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके उग्र भीड़ को खदेड़ा। मृतक के बेटे मो. असद की तहरीर पर गांव के चन्द्रमणि तिवारी पुत्र शिव लखन तिवारी, चन्द्रमणि की पत्नी सीमा तिवारी, बेटे सागर तिवारी, वैभव तिवारी एवं देवी प्रसाद के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया।

### डीएम-एसपी के आश्वासन पर माने परिजन

50 लाख रुपए मुआवजा, एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी, शस्त्र लाइसेंस और तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी पर की मांग पूरी करने के डीएम संजीव रंजन एवं एसपी सतपाल अंतिल के आश्वासन पर परिजन शव को पोस्टमार्टम कराने पर तैयार हुए। एसपी ने कहा कि शासन स्तर से भी सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# नृत्यगोपाल दास के जन्मोत्सव में लगेगा संतों का जमावड़ा

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के 10 दिवसीय जन्मोत्सव में कई राज्यों के मुख्यमंत्री के अलावा संत-धर्माचार्यों का अयोध्या में जमावड़ा लगेगा। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने बताया कि 12 से 21 जून तक जन्मोत्सव का कार्यक्रम चलेगा। इन 10 दिनों के बीच श्री रामचरितमानस का अष्टोत्तर शतपाठ, श्रीराम महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा और फूल बंगले की झांकी सजाई जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए पूरे देश के संतों को आमंत्रित किया है। कार्यक्रम के अंतिम दिन देश अलग-अलग हिस्सों से आये साधु-संतों के साथ चिंतन करेंगे। कहा कि हमारा मुख्य विषय राष्ट्र है।

### सीएम योगी समेत आरएसएस के पदाधिकारी होंगे शामिल

देशभर से लगभग 500 से अधिक जगद्गुरु, पीठाधीश्वर, धर्माचार्य, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साई समेत संघ और विश्व हिंदू परिषद के बड़े पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

## एक नजर

### शुभम हत्याकांड : एक और आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ एसटीएफ ने तारुन थाना क्षेत्र के ऐमीघाट पुल के पास हुई सुल्तानपुर जनपद निवासी युवक शुभम यादव के मामले में एक और आरोपी आदित्य प्रताप सिंह उर्फ विक्की निवासी ग्राम रौधरी थाना हैदरगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

### मकान का छज्जा गिरा दबकर दो लोगों की मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर के निराला नगर वार्ड के घसियारी मंडी मोहल्ले में नवनिर्मित मकान का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। छज्जे के मलबे की चपेट में आकर चार लोग घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के समय मालती वर्मा (80) व राम लखन वर्मा (38) की मौत हो गई। एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ केजीएमयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। एक का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।

### खेत की रखवाली कर रहे किसान की पीटकर हत्या

**लखीमपुर, अमृत विचार :** थाना पढुआ क्षेत्र के गांव चंदैयापुर निवासी किसान हरिनाम वर्मा (58) को उधार नमकीन न देने की कीमत जान देकर गंवानी पड़ी। दो आरोपियों ने शुक्रवार की रात खेत की रखवाली कर रहे किसान की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी है। इस पर भी गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उसके पैर पकड़कर खेत में कुछ दूर तक घसीटा और फिर उसे छोड़कर भाग निकले। दोनों आरोपी शातिर अपराधी बताए जाते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### पुरी शंकराचार्य बोले- जनादेश से मोदी-योगी को संभलने की है जरूरत

**झूंसी, प्रयागराज, अमृत विचार :** गोवर्धन मठ पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में पूरे देश से भाजपा को मिले जनादेश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वह प्रदेश के सीएम योगी को संभलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं इसके पीछे उनका अहंकार है। पुरी शंकराचार्य ने कहा कि अगर अभी ये न संभाले तो इनका अहंकार इन्हें और गिरा देगा। कहा कि इस वक्त दोनों में अहंकार की पराकाष्ठा है। पुरी शंकराचार्य ने यह बातें शनिवार को अपने झूंसी के शिवगंगा आश्रम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं।

# पेड़ की टहनियों के सहारे बिछाया तार, करंट से बुजुर्ग की मौत

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बुजुर्ग की जान चली गई। एक सूखे पेड़ की टहनियों पर इंसुलेटर बांधकर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन दौड़ा दी गई। शुक्रवार को इंसुलेटर पर बंधा तार नीचे आ गया, जिसकी चपेट में आने से बुजुर्ग की जान चली गई थी।

शनिवार को सोशल मीडिया पर सूखे पेड़ की टहनियों में बंधे तार की फोटो वायरल हुई तो बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ गई। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारी संविदाकर्मियों की लापरवाही बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। साथ ही पेड़ से तारों को हटा लिया है। यह भी कहा कि परिवार को शासन से मुआवजा दिया जाएगा। मामला मितौली बिजली सब स्टेशन अंतर्गत गांव डहर का है। बिजली विभाग के जिम्मेदारों ने एक सूखे पेड़ की तीन डालों पर इंसुलेटर बांधकर 11 हजार वोल्ट की लाइन दौड़ा दी। शुक्रवार की तड़के आई आंधी से इं लाइन नीचे आ गई। सुबह डहर गांव के मजरा बहोरी पुरवा निवासी रामपाल भार्गव (60) खेत गए थे। वह इस लाइन की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। गांव वालों संग परिजनों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की थी। इधर शनिवार को सूखे पेड़ की तीन डालों पर बंधे इंसुलेटर से निकाली गई बिजली लाइन की तस्वीर वायरल हुई तो हर कोई हैरान रह गया। सोसल मीडिया पर इंसुलेटर बंधा ये पेड़ खूब ट्रेंड हो रहा है।



टहनियों पर बंधे इंसुलेटर और हाईटेंशन लाइन।

> यह सब संविदा कर्मियों की लापरवाही से हुआ है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच अधिशासी अभियंता ग्रामीण अमित कुमार को सौंप दी है। उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-राम शबद,** अधीक्षण अभियंता

# कार ने राहगीरों को रौंदा, दो की मौत

**मितौली, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार।** बेकाबू कार ने अलग-अलग वाहन सवार कई लोगों को रौंद दिया है। जिसमें पांच लोग घायल हो गए है। जिला अस्पताल में श्याम नारायण व प्रिंस की मौत हो गयी। दो घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। हादसा देर शाम लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर कस्ता के पास हुआ। लखीमपुर शहर के हाथीपुर कोठार निवासी चौमी कश्यप बेटी और दामाद को कार से लेकर कस्ता से लखीमपुर जा रहा था। चालक ने पहले कस्ता भट्ठे के पास पहले दवा लेकर अस्पताल से वापस जा रहे थाना नीमगांव के गांव बह्मनाबाद निवासी जगजीवन राम की साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि चालक नशे में है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# रामलला व बीजेपी का संबंध वोट से नहीं : डॉ. हिमंत



रामलला के दर्शन के बाद असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा, प्रदेश के मंत्री सतीश शर्मा और ट्रस्ट महासचिव चंपत राय। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में जीत के बाद असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा भाजपा के 11 नवनिर्वाचित सांसदों के साथ शनिवार को रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचे। कई विधायक भी उनके साथ थे। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा ने लोकसभा चुनाव में अयोध्या सीट हार के बाद सोशल मीडिया पर ट्रोल को लेकर कहा यह सही नहीं है। लोग यह ना समझें रामलला और बीजेपी का संबंध वोट से हैं। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रदेश के मंत्री सतीश शर्मा, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शपथ लेंगे और नए युग का निर्माण होगा। तीन बार देश में प्रधानमंत्री बनने का बहुत बड़ा सम्मान मोदी को मिला है। उन्होंने कहा कि कअसम के एक लाख लोग रामलला का दर्शन करने के लिए सरकारी खर्च पर आएंगे।

# ड्रग्स माफिया से मुठभेड़ बाल-बाल बचे इंस्पेक्टर

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर, अमृत विचार।** युवक का अपहरण कर हत्या का प्रयास करने वाले ड्रग्स माफिया की शनिवार रात शिव नारायण टंडन सेतु के नीचे रेलबाजार पुलिस से मुठभेड़ हो गई। माफिया ने फायरिंग कर दी, गोली रेलबाजार इंस्पेक्टर के सीने में लगी। बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण वह बच गए। कार्रवाई में माफिया के पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौके से पिस्टल व बाइक बरामद की। चकेरी निवासी छोटू बीते बुधवार रात मां का इलाज कराने कांशीराम अस्पताल आया था। छोटू दवा लेने बाहर निकला था। वापस न आने पर उसकी भाभी मंजू बाहर निकली तो देखा कि पांच-छह लोगों ने उसे पीटा और वैन में बैठा लिया। दो घंटे बाद छोटू ड्रग माफिया के घर के पास पड़ा मिला था। शनिवार को रेलबाजार पुलिस ने घेराबंदी की। बलराम ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बलराम के पैर में गोली लगी।

# अपराधियों के विरुद्ध पैरवी तेज कर दिलाएं सजा : दिनेश कुमार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले व प्रदेश के टॉप टेन अपराधियों के विरुद्ध न्यायालय में पैरवी में तेजी लाकर उन्हें शीघ्रता के साथ सजा दिलायें। ये बातें शनिवार को एसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन के सभागार में जिले के सभी थानों के पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर मॉनिटरिंग सेल व माफिया सेल के साथ गोष्ठी में कहीं।

एसपी ने पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर से न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों में समय से गवाहों के लिए सम्मन व वारंट भेज कर हत्या , पाक्सो एक्ट महिला हिंसा, गोकशी, गोतस्करी, गैंगस्टर व मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में तेजी दिखाते हुए गवाहों को पेश करने व ज्यादा से ज्यादा मामलों में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए निर्देशित किया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि पुलिस स्तर से न्यायालय में अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसपी ने कहा कि मॉनिटरिंग सेल के पोर्टल पर फीड मुकदमों के आरोप पत्र न्यायालय में लगने के बाद गवाही करा कर सजा दिलाने में तेजी होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सीएन सिन्हा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.अखिलेश नारायण सिंह आदि थे।

# लखीमपुर के मुर्गहा में आग से 30 घर जले, सिलेंडर फटा

**निघासन, अमृत विचार :** गांव मुर्गहा में शनिवार की दोपहर उस वक्त आग लग गई, जब तेज हवा चल रही थी। आग इतनी विकराल थी कि लोग अपने घरों से जरूरत का सामान भी नहीं निकाल पाए। अग्निकांड में जहां तीन पशु जिंदा जल गए। वहीं सिलेंडर फटने से भगदड़ मच गई। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन घरों में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई। मुर्गहा निवासी सूरजपाल के घर में बिजली के तारों में स्पार्किंग हो गई। इससे आग भड़क उठी। परिजन जब तक आग बुझाने की कोशिश करते। इससे पहले ही तेज हवा के कारण आग पल भर में विकराल हो गई। आग की चपेट में आए रमाकांत, मुनिज व रामजी के घर में रखे गैस सिलेंडरों को लोग लुढका कर खाली स्थान पर ले जा रहे थे। इसी बीच सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गए। इससे मौके पर भगदड़ मच गई। बेकाबू हुई आग को देखकर लोगों ने इसकी सूचना फायर बिग्रेड को देने की कोशिश की तो फायर बिग्रेड का फोन नहीं रिसीव हुआ। इसके बाद पुलिस और राजस्व विभाग को सूचना दी गई। तब फायर बिग्रेड की चार गाड़ियां और पुलिस मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने घंटों कड़ी मशक्कत की। तब आग पर काबू पाया जा सका।

### विधायक पर युवक को गाली देने व पीटने का आरोप

**उन्नाव, अमृत विचार।** उन्नाव के एक विधायक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह एक युवक को गाली देने के साथ उसे थप्पड़ मारते दिख रहे हैं। वह पास में खड़ी महिलाओं को भी अभद्र भाषा बोलते नजर आ रहे हैं। अमृत विचार इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। विधायक का सोशल मीडिया पर कथित रूप से 24 सेकेंड का एक वीडियो शनिवार को वायरल हुआ। इसमें वह एक आम के बाग में बाइक पर बैठे युवक को थप्पड़ों से पीटते व गालियां देते दिख रहे हैं। आरोप है कि विधायक अपने भाई की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। कथित वीडियो के संबंध में विधायक से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। घटना के बारे में विधायक की तरफ से एक वीडियो जारी कर बताया गया है कि उनके भतीजे ने उनके बाग से अमिया तोड़ी थी। वह पहुंचे और भतीजे को डांट रहे थे। किसी ने चालाकी से घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है।



सदर बाजार में आयोजित भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**लखनऊ, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के तीसरे शनिवार को सदर बाजार स्थित अग्रवाल सभा भवन में श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से इस कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आशीष पाण्डेय, शिवम वैश्य, प्रशांत शुक्ला, प्रतुल गौड़, अंकुर दीक्षित, अम्बेश मिश्रा, पंकज वर्मा, मनीष गुप्ता, रितेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, राजेश केसरवानी, अभिनव श्रीवास्तव, विकास गुप्ता, अभय गुप्ता, आकाश गुप्ता, नवनीत सिंह, विकास श्रीवास्तव, अतुल गुप्ता, रमेश गुप्ता, अनुराग केसरवानी, धीरज गुप्ता, शिवम पेंटर, अक्षय शुक्ला, अभिजीत श्रीवास्तव, अभिषेक केसरवानी, अभिषेक गुप्ता, राकेश गुप्ता, राम छबीले पाण्डेय, श्याम शुक्ला और अर्चित गुप्ता आदि शामिल रहे।


## वर्ग पहेली-95

**बाएं से दाएं**

1. 1. काटा हुआ 2. निरस्त किया हुआ, रद्द
2. क्रिकेट (खेल) का डंडा जो बल्लेबाज़ के ठीक पीछे (तीन की संख्या में) खड़ा होता है।
4. देवता से संबंधित
5. 1. विचारशील, सोचने-विचारने वाला 2. चिंतन की क्षमता वाला 3. आचार-विचार वाला, सोच-विचारकर चलने वाला।
7. एक प्रकार का अलंकार।
8. वह वस्त्र जो किसी राजा की ओर से सम्मानपूर्वक दिया जाता है, ख़िलअत।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. सोचने की क्रिया या भाव, अनुभूति 2. कल्पना, विचारण 3. परीक्षण 4. तर्क 5. (साहित्य) वह स्थिति जिसमें कविता या नाटक के पात्र के साथ पाठक या दर्शक का तादात्म्य होता है।
3. सोच-विचार करने में सक्षम, बुद्धिमान, चिंतनशील, समझदार।
4. 1. देवताओं के रहने का स्थान, स्वर्ग 2. मंदिर, देवालय।
6. 1. दुर्गा, पार्वती 2. (संगीत) बिलावल ठाठ की एक रागिनी।



### वर्ग पहेली -94 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 सं | सु | का | री | |
| 2 वि | | क | | | | 3 धू |
| भा | | ट | | 4 रे | | म |
| 5 ज | ग | म | गा | ह | ट | |
| न | | य | | न | | 6 फे |
| का | | | | ना | | र |
| री | | 7 ब | न | मा | ली | |

## सुडोकू-8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 7 | | 2 | | | 5 |
| | 6 | 1 | | 8 | | 2 | | |
| | | | 3 | | 1 | | | 8 |
| | | | | 2 | | | 9 | 3 |
| | | 7 | 5 | | 4 | 6 | | |
| 4 | 8 | | | 1 | | | | |
| 2 | | | 1 | | 6 | | | |
| | | 8 | | 5 | | 1 | 4 | |
| 9 | | | 4 | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 7 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 8 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20 .20 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज का दिन किसी विशेष घटना से आपको अवगत कराएगा। कारोबार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रभावित रहेंगे।

**वृष** — आज अहंकारी व्यवहार के कारण कुछ नजदीकी लोग आपसे दूरी बनाने की कोशिश करेंगे। शाम के समय आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखद और सौहार्दपूर्ण रहेगा। कड़े और मजबूत निर्णय आप ले सकते हैं।

**मिथुन** — आज विदेशों में जॉब के इच्छुक लोगों के लिए दिन काफी अनुकूल है। परिजनों के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। फिल्म और अन्य ललित कलाओं से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है।

**कर्क** — आज व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम न मिलने से थोड़े मायूस हो सकते हैं,लेकिन इस बीच आप नया कुछ जानने की भी चेष्टा करते रहेंगे। मित्रों से आप अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। संभव है की आपको परेशानियों का समाधान मिल जाए।

**सिंह** — आज किसी कार्यक्रम में सम्मिलित भी हो सकते हैं। भविष्य को लेकर भय उत्पन्न होने की संभावना है। आपको अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना पड़ सकता है। जल्दबाजी में किए गए कार्य खराब हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**कन्या** — आज व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक ग्राहकों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विरोध करने लोग भी आपके अनुकूल हो जाएंगे। सभी काम अच्छी गति से होते रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला** — आज मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। स्वतंत्र होकर काम करना पसंद करेंगे। सामाजिक हितों के कार्यों में आप भाग लेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। आप अपने काम को बदलने का भी विचार कर सकते हैं। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ धन को लेकर मतभेद हो सकते हैं।

**धनु** — आज परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। परिजनों के साथ कहीं घूमने की भी योजना बना सकते हैं,किंतु रात के समय वाहन चलाने से आपको बचना चाहिए। आप घर में काफी अच्छा समय बिताएंगे। प्रेमी जन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मकर** — आज आंखों में दर्द की शिकायत हो सकती है। शोध कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। घर में साधु-संतों का आगमन हो सकता है। किसी कानूनी मामले का बातचीत से समाधान निकल सकता है। जीवनसाथी आपकी काफी मदद करेगा।

**कुंभ** — आज ऐसे लोगों के सामने अपनी बात न रखें जो आपका सम्मान न करते हैं। लोग आपका अपमान कर सकते हैं। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कमीशन से जुड़े व्यवसाय में अच्छा लाभ हो सकता है। घर के रख-रखाव में धन खर्च होगा।

**मीन** — आज आप किसी अनावश्यक बात को लेकर परेशान रहेंगे। धार्मिक विषयों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। छात्रों को पढ़ाई में बाधा का सामना करना पड़ेगा। आप आराम करने के मूड में रहेंगे। बिगड़े रिश्तों को सुधारने पर काम कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | फर्ज | दोपहर : 12 .00 |
| B4U Movies | मेला | रात : 07 .39 |
| &pictures | खिलाड़ी 786 | सुबह : 10 .58 |
| &pictures | गली बॉय | रात : 08 .00 |
| Sony Pix | ग्रैन टूरिस्मो | सुबह : 10 .38 |
| Sony Pix | इफ चैप्टर टू | रात : 08 .45 |
| Zee Cinema | त्रिशूल | सुबह : 09 .50 |
| Zee Cinema | सारांश | रात : 07 .45 |
| Colors Cineplex | द रिर्टन ऑफ रिबेल | सुबह : 08 .26 |
| Colors Cineplex | पुलिसवाला गुंडा 2 | शाम : 05 .03 |

### आज की सुपरहिट फिल्म






एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है, बताओ मैं कैसी लग रही हूं?
पति - कसम से दिल कर रहा है कि तुम्हें उठाकर पाकिस्तान फेंक आऊं
पत्नी - क्या मतलब ?
पति-मतलब कि तुम बम लग रही हो बम...

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई।
दुकानदार- बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊ?
औरत- मेरी सास,जेठानी,नंद,पड़ोसन सब देखकर जल जाएं ऐसी साड़ी दिखाओ।

# विकसित भारत का स्वप्न


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> 2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था।

विकसित भारत का स्वप्न संकल्प पूरा होने की गारंटी है। यह संकल्प प्रधानमंत्री मोदी का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में तीन बार का कार्यकाल केवल नेहरू को मिला था। मोदी जी ने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में तमाम चमत्कारिक काम किए हैं। भारतीय जन गण मन उन्हें प्यार और आदर देता है। उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई इबारत लिखी गई है। भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद-370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असंभव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे,लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में राम कथा चली। दुबई के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में मंदिर का लोकार्पण किया। सेकुलरपंथी मंदिर के नाम पर बेजा टिप्पणियां करते हैं,लेकिन मोदी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। करतारपुर साहिब में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा बहाल कराई। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्री अव्यवस्था से पीड़ित थे। चीन में होने के कारण इसकी व्यवस्था कठिन थी। मोदी जी के नेतृत्व में कैलाश मानसरोवर की यात्रा आसान हो गई। भारतीय धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिक नहीं है। मंदिर जाना, दर्शन करना भी सांप्रदायिकता नहीं है।

मोदी जी की सरकार के समय भारत के प्रत्येक जन के हृदय में उमंग और उल्लास रहा है। किसानों और गरीबों को हर तरह से समृद्ध बनाने के फैसले किए गए। मोदी ने राष्ट्रीय समृद्धि का संकल्प लिया। देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प लिए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय ब्रिटिश राजनेता भारत की शासन करने की क्षमता का मजाक उड़ाते थे। ब्रिटिश विद्वान भारतीय दर्शन को भाववादी बताकर उपहास उड़ाते थे। इंग्लैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि, "भारत जाति पंथ में विभाजित समाज है। वे शासन नहीं चला पाएंगे।" बात-बात में यूरोप की प्रशंसा करने वाले टिप्पणीकार शर्मिंदा होंगे कि शासन न चला पाने की भारतवासियों की क्षमता वाली बात झूठ निकली। भारत में 78 वर्ष से स्वशासन और सुशासन की धारा का प्रवाह है। हम 18वीं लोकसभा चुन चुके हैं। इस बीच भारत ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक उन्नति की है। कृषि वैज्ञानिक एम.एस.स्वामीनाथन के नेतृत्व में हुई हरित क्रांति याद किए जाने योग्य है। राजग सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में स्वामीनाथन को भारत रत्न दिया है।

भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सारी दुनिया के विद्वान आकर्षित होते रहे हैं। इस ज्ञान परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता और योग्यता को प्रत्येक दृष्टि से संपन्न बनाने का ध्येय सर्वविदित है। दरअसल पश्चिम से आयातित सेकुलर विचार के विद्वानों ने भारतीय परंपरा को लगातार अपमानित किया है। मोदी जी ने भारत के स्वाभाविक विचार प्रवाह को प्रोत्साहन दिया। सांस्कृतिक प्रतीक स्वाभिमान के विषय थे और हमेशा रहेंगे। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम में श्रेष्ठ भारत का स्वप्न रखा। इस कार्यक्रम से कथित प्रगतिशील सेकुलर मोदी पर योजना बनाकर हमलावर हुए। कथित ज्ञानी वर्ग ने प्रधानमंत्री के काशी कार्यक्रम को संविधान की भावना का अपमान बताया। आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अच्छा नहीं किया। लेकिन मोदी जी ने ऐसी टिप्पणियों की परवाह नहीं की।

2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था। आयातित सेकुलर पंथ का दुष्प्रभाव था। राजनैतिक वातावरण भी उत्साहवर्धक नहीं था। अब सब साथ-साथ हैं। परस्पर मैत्री और मिलजुलकर काम करने का वातावरण प्रत्यक्ष है। उन्होंने 'सबका साथ और सबका विकास' के नारे को सही सिद्ध कर दिया है। उनके संकल्प में देश का विश्वास है।


योग भारत का प्राचीन विज्ञान और दर्शन है। यह विश्व को भारतीय साधना का अद्वितीय उपहार है। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग की मान्यता का प्रस्ताव किया। मोदी के प्रस्ताव को 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने अयोध्या के श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के शिलान्यास में हिस्सा लिया। श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी वे उपस्थित रहे। यह मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था। स्वप्न सच हो रहा है। उन्होंने केदारनाथ मंदिर में 15 घंटे साधना की। वे हाल ही में कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे ध्यानरत रहे। वे भारत के सांस्कृतिक प्रतीकों की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं। इस प्राचीन देश की मूल चेतना को प्रतिनिधित्व देते हैं। वे बांग्लादेश की यात्रा में ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे। देवी की उपासना की। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर गए। पूजा और उपासना की। धर्म संस्कृति के प्रति सेकुलरों द्वारा बढ़ाया गया हीन भाव समाप्त हो रहा है। लोक में प्राचीन संस्कृति के प्रति आदर व आत्मविश्वास बढ़ा है।

10 साल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण ने सिद्ध कर दिया है कि धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिकता नहीं है। मंदिर जाना रूढ़िवादिता नहीं है। गंगा जैसी पवित्र नदियों को प्रणाम करना पिछड़ापन नहीं है। श्रीराम, श्रीकृष्ण और शिव की प्रत्यक्ष उपासना रूढ़िवादिता नहीं है। वातावरण बदल चुका है। भारत की जीवन शैली और सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान बढ़ा है। अब हिन्दू और हिन्दुत्व की उपेक्षा संभव नहीं है। सेकुलर राजनीति में सक्रिय वरिष्ठ महानुभाव भी हिन्दू प्रतीकों से जुड़ रहे हैं। हिन्दुत्व पर सबकी सर्वानुमति है।

मनभावन अमृत काल का अंतर्संगीत मोहक है। हिन्दू मान्यताएं सर्वमान्य हो रही हैं। भारतीय विचार के विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय हो चुकी है। कला, काव्य शिल्प के क्षेत्र में भी सांस्कृतिक जागरण का जादू है। भारत का वातावरण प्रेममय हो गया है। संस्कृति तत्व लोकमान्य हो चुके हैं। नई तरह का नवजागरण है। इस राष्ट्र जागरण में भारत की रीति की प्रतिष्ठा है। भारत की प्रीति का अभिनन्दन है। यह सब काम आसान नहीं था। पहले हिन्दू होना पीड़ादाई था। अब हिन्दू होना सौभाग्यशाली होना है। यह नामुमकिन था,लेकिन मोदी के कारण मुमकिन हो चुका है। समूचा विश्व भारत की लगातार बढ़ रही प्रतिष्ठा को ध्यान से देख रहा है। मोदी के पांच प्रण-'2047 तक विकसित भारत', 'गुलामी के अहसास से आजादी', 'विरासत पर गर्व', 'एकता व एकजुटता पर जोर' व 'नागरिकों का कर्तव्य'-भारत के प्रण संकल्प हैं। राष्ट्र इनसे प्रतिबद्ध है। तीसरे कार्यकाल में ढेर सारी संभावनाएं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में सामर्थ्य की बढ़ोतरी होगी। भारत की विश्व प्रतिष्ठा और बढ़ेगी।

# अयोध्या में चुनावी हार की अनर्गल व्याख्या अनुचित

> प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी।


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव के बाद ढेरों प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इन प्रतिक्रियाओं से सोशल मीडिया पटा हुआ है। प्रतिक्रियाएं तो चुनावों के बाद आती ही हैं,लेकिन स्वस्थ प्रतिक्रियाओं के लिए खुद की कमी की तलाश की जाती है। चूंकि सोशल साइट पर जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, वह व्यक्तिगत स्तर की हैं और किसी व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने से नहीं रोका जा सकता,लेकिन किसी को यह छूट भी नहीं दी जानी चाहिए जो विधिक तौर-तरीके की प्रतिक्रिया न हो। उत्तर प्रदेश में आशा के अनुरूप के अनुरूप परिणाम न आने पर व्यक्त की जा रही हैं,इनमें एनडीए जिसकी मुख्य लगाम भाजपा की है तो उसे चाहिए कि वह अपने समर्थकों को परिपत्र जारी कर मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के संबंध में व्यक्त की जा रही प्रतिक्रियाओं से विरत रहने के निर्देश दे तथा सोशल साइट से उसे हटाने के लिए निर्देशित करे।

पहली प्रतिक्रिया अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी की हार के एवज में कहा जा रहा है कि 'जिस तरह अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी हार गया,उसे देखते हुए तो समझ में अब रहा है कि क्यों भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों से ताले में बंद थे?' दूसरी प्रतिक्रिया यह है कि'अयोध्या की जनता जब राजा से संतुष्ट नहीं थी तो भाजपा प्रत्याशी किस खेत की मूली हैं'?

इन दोनों प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी। जब उन्हें राजगद्दी की जगह वनवास के लिए कह दिया गया था तब अयोध्या की जनता श्रीराम के पक्ष में थी और वनवास सुनकर वहां की जनता ने अन्न-जल त्याग दिया था। अब सवाल उठता है कि भाजपा प्रत्याशी की हार के चलते पांच सौ साल ताले में बंद रहने को जस्टिफाइड करना उस पूरे राम आंदोलन पर ही प्रश्न उठाना है जिसके लिए कितनों ने धरना प्रदर्शन, जेल,मौत को गले लगा लिया था। साथ ही लंबी कानूनी कार्रवाई के बाद बड़े धूम-धड़ाके से मूर्ति स्थापित हुई और उस स्थापना दिवस को दीवाली पर्व की संज्ञा दी गई।

इसके साथ एक प्रतिक्रिया माता सीता के लिए है कि अयोध्या की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। इस संदर्भ में गहराई से देखा जाए तो एक रजक की पत्नी के कहने पर सीता को श्रीराम ने निर्वासित कर दिया था। इस प्रसंग को चुनाव से ही जोड़कर देखा जाए तो श्रीराम ने यहां यह संदेश दिया है कि शासक को त्याग भाव में रहना चाहिए। इसके लिए वह व्यक्ति या स्थिति न देखे।

यदि अयोध्या की जनता ने जीत के लायक वोट नहीं दिया तो यह भी प्रतिक्रिया होनी चाहिए कि किसी कार्य में गैरविधिक तरीका अपना लेने पर अयोध्या की जनता उसे मान्यता नहीं देती। तथ्यों को तोड़-मरोड़कर परिभाषित करना धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है। इसे स्वीकृति नहीं मिलनी चाहिए। आम जनता में किसी ऐतिहासिक आराध्य के लिए आस्था बनी है तो उसकी तुलना निहायत संकुचित तरीके से किया जाने लगेगा तो वेद-पुराण से लेकर अनगिनत धर्मग्रंथों का उपहास उड़ाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा जो सनातन संस्कृति के प्रतिकूल ही है।

# पलायन का दंश झेलते उत्तराखंड के गांव


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं।

उत्तराखंड राज्य को बने हुए 24 साल होने जा रहे हैं, लेकिन इस पहाड़ी राज्य में पलायन एक ऐसी समस्या है जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं खोजा गया है। भले ही पिछले कुछ सालों में सरकार ने गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ कदम अवश्य उठाए हैं,लेकिन बदली परिस्थितियों में लंबा रास्ता तय करना अभी बाकी है। वर्तमान की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने वीरान होते गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ योजनाएं बनाई हैं,लेकिन फिलहाल उनका कोई असर होता नहीं दिख रहा है। बीते वर्षों तक उत्तराखंड के गांव से निरंतर हो रहे पलायन का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं था। लंबी प्रतीक्षा के बाद वर्ष 2018 में ग्रामीण विकास एवं पलायन आयोग (अब पलायन निवारण आयोग) अस्तित्व में आया।

गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन का सबसे अधिक असर अल्मोड़ा, टिहरी, पौड़ी और नैनीताल जिलों में देखा गया है। उधमसिंह नगर और देहरादून के गांव से अन्य जिलों की अपेक्षा कम स्थाई पलायन हुआ है। पिछले दिनों इस मुझे अपने ससुराल पक्ष के गांव 'देवनौला' जो अल्मोड़ा जनपद में लमगड़ा कस्बे से छह किलोमीटर आगे स्थित है,वहां एक पूजा में जाने का अवसर मिला। हालांकि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत गांव के पास तक सड़क पहुंच गई है,लेकिन इसके बावजूद यहां बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। गांव के अधिकांश घर खाली हो चुके हैं। विरान पड़े यह घर खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। कुछ घरों में तो तीन-चार सदस्य ही रह गए हैं तो कहीं केवल अकेली महिला ही घर में रहकर पहाड़ जैसी जिंदगी से जूझ रही है। उत्तराखंड के अधिकांश पहाड़ी गांव का यही सच है। गांव के युवा या तो फौज में हैं या फिर रोजगार की तलाश में हल्द्वानी, देहरादून, लखनऊ, दिल्ली आदि बड़े शहरों की ओर कूच कर गए हैं,जो गांव छोड़कर शहर को गया वह फिर शहर का ही होकर रह गया।

इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं। अवसर या तो किसी पूजा का होता है या शादी विवाह का। कुछ लोगों ने तो जैसे अपने गांव को भूला ही दिया है। वे सालों से अपने घरों को लौटे ही नहीं है। शहरों की ओर पलायन कर गए लोगों के इन खाली पड़े पुश्तैनी घरों की देखभाल गांव में रह गए उनके पड़ोसी या नाते रिश्तेदार ही करते हैं। पलायन हो भी क्यों न। गांव में अब न खेती-बाड़ी बची है और नहीं रोजगार के कोई साधन हैं। सरकार के विकास के पहिए शहरों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। अधिकांश गांव पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सीढ़ीदार खेतों की फसले मौसम पर ही निर्भर है,क्योंकि इनकी सिंचाई के लिए आने वाला पानी सूख चुका है। खेतों में अगर थोड़ी बहुत फसल या सब्जी होती भी है तो वह जंगली जानवरों की भेंट चढ़ जाती है। पहाड़ में भले ही नदी नीचे बहती हो,लेकिन नदी के ऊपर के गांव प्यासे हैं। इसीलिए उत्तराखंड में एक कहावत प्रसिद्ध है कि 'पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी' पहाड़ पर नहीं टिकता।

देवनौला में सत्तर वर्षीय जगदीश सनवाल बताते हैं कि उनके गांव में न कभी कोई प्रशासनिक अधिकारी आता है और न ही चुनाव के दौरान नेता वोट मांगने आते हैं। जब जिम्मेदार लोग गांव की ओर रुख करेंगे ही नहीं तो गांव का विकास कैसे होगा? यही नहीं गांव के मूल निवासी जो शहरों में जाकर बड़े पदों पर कार्यरत हैं,उन्होंने भी गांव के विकास के बारे में कभी नहीं सोचा जबकि वह चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे। गांव में रोजगार के स्थाई साधन तो कुछ नहीं हैं, शिक्षा के हाल भी अच्छे नहीं हैं। विद्यालय है तो शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी है। किसी विद्यालय में एक शिक्षक है तो कई विद्यालय छात्र संख्या कम होने के कारण बंद हो चुके हैं। सरकार ने भले ही हर गांव में प्राइमरी स्कूल खोल दिए हैं,लेकिन आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को कई किलोमीटर दूर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। गांव के निवासी कहते हैं कि ऐसी परिस्थितियों में पलायन करना लोगों की मजबूरी है। रोजी-रोटी की तलाश में युवा शहरों की ओर रुख करते हैं और फिर उस शहर को ही हमेशा के लिए अपना स्थाई निवास बना लेते हैं। शहरों के बिल्डर और प्रॉपर्टी डीलर गांव छोड़ चुके इन लोगों की जमीनों को सस्ते दामों में खरीद कर वहां रिसोर्ट, भवन बनाकर बेच रहे हैं। यह एक खतरनाक स्थिति है,जो लोगों को अपनी मूल जड़ों से अलग कर रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2018 से 2022 तक 3 लाख से अधिक लोग राज्य के विभिन्न हिस्सों से शहरों की ओर पलायन कर गए हैं। 2011 तक उत्तराखंड में 1034 निर्जन गांव थे और 2011 से 2018 तक इनकी संख्या में 734 की वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 से 2022 के मध्य 24 गांव वीरान हुए और राज्य में वीरान गांवों की संख्या 1792 तक पहुंच गई है। आंकड़ों से पता चलता है कि टिहरी में नौ गांव,चंपावत में पांच, पौड़ी और पिथौरागढ़ में तीन-तीन और अल्मोड़ा तथा चमोली में दो-दो गांव ऐसे हैं जिनमें कोई आबादी नहीं है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि देवभूमि कहलाए जाने वाले उत्तराखंड राज्य में घोस्ट विलेजों की संख्या लगातार बढ़ रही है । यह सही है कि इस बढ़ रहे पलायन को एकदम से नहीं थामा जा सकता है,लेकिन इसे रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम करने की आवश्यकता है। असल में गांव से पलायन करना लोगों की विवशता है। यदि गांव में मूलभूत सुविधाओं के साथ शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य तथा रोजगार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए,तो कोई अपनी जड़ों को छोड़कर क्यों जाएगा। गांवों के विकास और वहां रोजगार- स्वरोजगार के दृष्टिगत एकीकृत कार्ययोजना का खाका तैयार किया जाना चाहिए। विकास की दीर्घकालिक योजनाओं को आगे बढ़ाने की जरूरत है और यह सभी योजनाएं गांव केंद्रित होनी चाहिए।

# राजनीतिक उक्तियां जो झूठी साबित हुईं


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राजनीतिक गलियारों में कुछ उक्तियां और बड़े नेताओं के कथन/ वचन प्रचलित थे, वे इस बार के जनादेश और तत्परिणामी घटनाचक्र में गलत साबित हुए हैं। कहा जाता था कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है। अब की बार यह सही नहीं निकला। इसकी दो सकरी और कंकरीली पगडंडियां निकली हैं, एक आंध्रप्रदेश से और दूसरी बिहार से चली। इन पर नंगे पैर चलना भी कठिन होगा। मजबूत जूता पहनना होगा। एक और उक्ति बहुत प्रचलित थी, 'जो राम को लाए हैं, राम उन्हें लाएंगे'। यह भी हास्यास्पद निकली। स्वयं राम की नगरी में ही गलत साबित हुई।

पूरे देश में भी रामजी ने तो उन्हें बहुमत नहीं दिया, दो वे नेता उन्हें ला रहे हैं जिनका राम से सीधा संबंध नहीं था। वे कथित सेकुलर हैं और हाल के रामोत्सव में दर्शन करने भी नहीं गए। चन्द्रबाबू नायडू 2018 में मोदी सरकार के विरुद्ध लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाए थे, अब उन्हें मोदी में विश्वास हो गया यानी पहली उक्ति झूठी हो गई। थोड़ा पहले की अमित शाह की उक्ति थी कि 'अब नायडू के लिए एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यह भी झूठ निकला। दरवाजा खुला और लाल कॉरपेट भी बिछाई गई। नीतीश का कभी उद्गोष था कि मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। वे भी बहुत लचीले निकले। मोदी के पैर छुए और सत्ता का केक साझे में काटेंगे। प्राचीन नीतियों में एक श्लोक की एक पंक्ति याद आ रही है। "श्वासाना शरीराणां वाचानां महीपति"। यानी जैसे शरीर के लिए श्वास अपरिहार्य है, वैसे ही राजाओं के लिए वचन, किंतु आज के राजपुरुषों की कथनी क्या है और करनी क्या है, यह सामने है। तुलसीदास जी ने भी कहा है "प्राण जाय पर वचन न जाय"।

एक अन्य उक्ति बहु प्रचलित थी, 'मोदी है तो मुमकिन है'। अर्थात् मोदी असंभव को संभव बना सकते हैं, किंतु अबकी बार चुनाव में यह गलत सिद्ध हो गई। वे काम चलाऊ बहुमत भी नहीं दिला सके। मोदी का यह वाक्य बहुत प्रचारित था 'कांग्रेस मुक्त भारत'। यह भी अब दम तोड़ रहा है। कांग्रेस तो बढ़ रही है। कहीं 'मुक्त' की बजाय 'युक्त'(सत्तायुक्त) न हो जाए। अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव हेतु भी पीएम पद के लिए प्रोजेक्ट कर चुके हैं। इसे अभी झूठ या सच कहना जल्दी होगी, हालांकि ऐसा कहकर शाह खुद बहुत जल्दी किए हैं। पार्टी के गिरते ग्राफ के चलते क्या पता 2029 में इसकी जरूरत भी पड़ेगी या नहीं। फिलहाल इस समय तो यह उक्ति हवा हवाई ही कही जाएगी।

# एक अच्छी पहल


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वित्त मंत्रालय ने बैंकों से महिला उद्यमियों के लिए कुछ नई योजनाएं शुरू करने को कहा है। एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस(ईएएसई 7.0) रिफार्म एजेंडा के अंतर्गत यह योजनाएं लागू की जानी हैं। महिलाओं द्वारा विभिन्न उद्योगों में उत्साहजनक परिमाण दिए गए हैं,जो देश की तरक्की के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। हाल के लोकसभा चुनावों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही है।

आंकड़े बताते हैं कि लगभग 31.50 करोड़ महिलाओं ने इस चुनाव में वोट किया था। माना जा रहा है कि महिलाओं का बड़ी संख्या में वोट एनडीए को गया है जिसके कारण वित्त मंत्रालय महिला उद्यमियों के लिए बैंकों के माध्यम से लोन की नई योजनाएं लाने जा रहा है जिसके लिए बैंकों से लोन मेले लगाने का भी आवाहन किया गया है।

आगे चलकर बैंक कैंप लगाकर महिलाओं को वित्त पोषण में जानकारी और सहायता देंगे ताकि महिलाओं को नई-नई तकनीकी आधारित जानकारियां प्राप्त हो सके। बैंकों से अपेक्षा की गई है कि अपनी महिला ग्राहकों को सहयोग कर उनको वित्त पोषित किया जाए। महिला उद्यमियों में पर्याप्त संभावना को देखते हुए वित्त मंत्रालय की पहल से बैंक अपनी महिला ग्राहकों को किस स्तर तक वित्त पोषित कर सकेंगे यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। फिलहाल इसे एक अच्छी पहल तो माना जाना चाहिए।

# हंगामा है क्यों बरपा


शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अट्ठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार भी बनने जा रही है। बावजूद इसके इस बार के परिणामों को लेकर जितना बहस मुबाहिसा चल रहा है, सामान्यतया इससे पहले नहीं देखा गया। ये कुछ-कुछ ऐसा है कि अपने फेल होने का दुःख कम हो, पर दोस्त फर्स्ट आ जाए तो इसका दुःख ज्यादा होता है। क्या इस हंगामे की वजह बीजेपी की सीटों में कमी आना है या इंडिया गठबंधन की अच्छी परफॉर्मेंस? या अयोध्या के चौंकाने वाले परिणाम? चौंकाने वाले इसलिए, क्योंकि बीजेपी ने राम मंदिर की जबरदस्त मार्केटिंग की थी। कई सौ करोड़ रुपए पानी की तरह बहाए।

मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए इतना प्रोपेगंडा हुआ कि एक बार को लगा कि जनता इस चकाचौंध के पार देखने में असमर्थ है, लेकिन ऐसा नहीं था। जनता जमीनी हकीकत साफ-साफ देख पाई। शायद अयोध्यावासियों को अपने घरों के बदले मंदिर तो चाहिए था, पर मंदिर के नाम पर विश्वस्तरीय मॉलनुमा कॉरिडोर नहीं। उत्तर प्रदेश को गोबर पट्टी कहकर मजाक उड़ाने वालों को प्रदेशवासियों ने यह बता दिया कि देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री देने वाले प्रदेश को लोकतंत्र के मायने मालूम हैं। इस चुनाव का जनादेश भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देता है। भले ही एनडीए को बहुमत मिला हो, लेकिन परिणामों से प्रतिपक्ष को संजीवनी भी मिली है। पिछले लोकसभा चुनावों ने जनता ने बीजेपी को सफलता के शिखर पर पहुंचाया था जिसने पार्टी को अहंकारी और अधिनायकवादी बना दिया।

दरसअल पिछले चुनाव में विपक्ष एकदम निचले स्तर पर था जिससे नीचे जाने की जगह नहीं थी और बीजेपी अपने शिखर पर थी जिससे ऊपर जाना संभव नहीं था। बीजेपी चार सौ पार का नारा देती रही और विपक्ष हर हाल में एकजुटता दिखाता रहा। बीजेपी को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा। यहां राम मंदिर का जादू नहीं चला और न ही सांप्रदायिक विभाजन काम आया। लोग बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार को भूल नहीं पाए। नड्डा के बयानों ने रही सही कसर पूरी कर दी। उनका ये कहना कि पार्टी को आरएसएस की जरूरत नहीं और बिहार में उन्होंने कहा कि छोटे और क्षेत्रीय दलों का कोई भविष्य नहीं है, एनडीए में शामिल छोटे दलों को बीजेपी से दूर करने में सहायक हुए। बहरहाल नतीजा हमारे सामने है एक लंगड़ी सरकार दो बैसाखियों पर चलकर सरकार कैसी चलाएगी इसका अनुमान लगाना बहुत आसान है।

# दुनिया को समझने की कोशिश


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

प्रश्न यह है कि शिक्षा के माध्यम से क्या हम दुनिया को जान सकते हैं? शिक्षा विविध भाषाओं से हमारी जान-पहचान कराती है,जानकारियों का पुलिंदा हमारे सामने पेश करती है,हमें जोड़-घटाना, गुणा-भाग करना सिखाती है,ज्ञान-विज्ञान से जोड़ती है। समझदारी विकसित करती है और आपसी प्रतिस्पर्धा का भाव रोपती है। सफल होने पर खुश होना सिखाती है और असफल होने पर पुनः प्रयास करने की उत्तेजना पैदा करती है।

चूंकि आदि काल से वर्तमान तक पढ़ाई सामूहिक क्रिया रही है। इसलिए यह हमें समाज के विभिन्न समूहों से जोड़ती है और दूसरों के साथ तालमेल करके जीना सिखाती है। दुनिया के साथ चलना और सहयोग करना और विपरीत विचारों का सम्मान करना सिखाती है,तो क्या दुनिया को अनुभव से जाना जा सकता है? अनुभव हमारे जीवन में हुई घटनाओं की स्मृतियां हैं। किसी एक क्रिया की प्रतिक्रिया अनेक ढंग से हो सकती है। हम किसी को देखकर मुस्कुराएं तो उत्तर में मुस्कराहट वापस आ सकती है, 'कोई जवाब नहीं' वापस आ सकता है,उपेक्षा वापस आ सकती है या नाराजगी भी। इस स्थिति में मुस्कुराने की प्रतिक्रिया में भी भ्रम की स्थिति है। इसलिए मुस्कराहट का उपयोग सोच-समझकर किया जाता है। जब मुस्कराहट जैसा मधुर व्यवहार अलग-अलग ढंग परिणाम देता है तो दुनिया को कैसे जाना जाए? यह समस्या केवल अहमद जैसे विद्यार्थी की ही नहीं है,प्रत्येक जिज्ञासु की है,जो शिक्षा से जुड़कर दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है तो क्या शिक्षा हमें दुनियादारी नहीं सिखाती?

सिखाती है, दुनियादारी सिखाती है,लेकिन दुनिया के रहस्य नहीं बताती,बल्कि उन रहस्यों को जानने की राह बताती है,लेकिन रास्ता इतना लंबा है कि मंजिल नजर ही नहीं आती। बस, चलते रहो, चलते रहो। अहमद ने तय किया कि वह भी पढ़ाई में मन लगाएगा। प्रभुदत्त और अहमद मिलजुल कर बातें करते और पढ़ते भी। समय बीतता गया और वे दोनों चौथी कक्षा पास हो गए। आगे की पढ़ाई झंग में संभव नहीं थी इसलिए प्रभुदत्त का झंग से पांच मील दूर मिघियाना के स्कूल में दाखिला करवा दिया गया,लेकिन अहमद झंग में ही रह गया,क्योंकि उसके अब्बा उसे झंग से बाहर जाकर पढ़ने के खिलाफ थे। अहमद ने अपनी तरफ से बहुत कोशिश की,अम्मी से कहलवाया,लेकिन बात नहीं बनी और उसकी पढ़ाई झंग के स्कूल की चारदीवारी में कैद होकर रह गई। जिस दिन प्रभु झंग से जा रहा था, वह दिन दोनों दोस्तों के लिए बहुत भारी पड़ा। अहमद रो रहा था कि वह झंग से निकल नहीं पाया और प्रभु रो रहा था कि वह झंग से निकलकर अपने जिगरी दोस्त से बहुत दूर जा रहा था। क्या पता फिर मुलाकात हो, न हो!

## आपका पत्र

# लोकतंत्र की मजबूती

बड़े आश्चर्य की बात है कि एक सामान्य मतदाता के रूप में यदि कोई भी भारतीय नागरिक जेल में बंद होता है तो वह वोट डालने का अधिकारी नहीं है, वहीं दूसरी ओर जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़ सकता है। यह बहुत बड़ी विडंबना है इसको खत्म किए जाने की आवश्यकता है। जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़े और जीत जाए, अपराधी लोग संसद में आकर कानून बनाने और बिगड़ने का काम करें। यह अपने आप में किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता। देखने में आ रहा है कि इस प्रकार के विधायकों और सांसदों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हमारे संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर एवं उनकी टीम ने कभी नहीं सोचा होगा कि इस प्रकार के अपराधी लोग भी निर्वाचित होकर संसद में सदस्य बन सकते हैं। इसीलिए जरूरी है कि उचित संशोधन करके इस प्रकार के जेल में बंद अपराधियों के सांसद बनने पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस प्रकार बार-बार के चुनाव से बचने/ सरकारी मशीनरी और पैसे के दुरुपयोग को रोकने के लिए यह भी जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति केवल एक जगह से चुनाव लड़े। जब एक भारतीय मतदाता एक ही वोट डालने का अधिकारी है तो इस मतदाता को उम्मीदवार के रूप में दो जगह से चुनाव लड़ने पर भी रोक लगनी चाहिए, क्योंकि प्रायः यदि वह व्यक्ति दो जगह से चुनाव जीत जाता है तो एक जगह से उसे इस्तीफा देना होता है, ऐसी स्थिति में उस क्षेत्र में पुनः मतदान करवाया जाता है जिससे सरकारी संसाधनों की बर्बादी होती है। अतः जरूरी है संविधान में संशोधन किया जाए और अपराधी चरित्र के लोग न तो चुनाव लड़ पाए और न ही कोई भारतीय नागरिक केवल एक जगह से चुनाव लड़े तो इससे हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी।

**- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी**, बड़ा बाजार नैनीताल

## छात्र ने इमारत से कूदकर की आत्महत्या

**गुरुग्राम :** हरियाणा के सोहना में बीटेक के एक छात्र ने एक आवासीय सोसायटी की चौथी मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार का रहने वाला दीपांशु सोहना रोड स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था।

पुलिस ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार, दीपांशु ने सुबह करीब पांच बजे सोहना स्थित एक आवासीय सोसायटी के टावर की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। वह वहां किराएदार के तौर पर रहता था। पुलिस ने बताया कि कुछ लोग उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# भाजपा विधायक ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर पर लगाए गंभीर आरोप

**गाजियाबाद, एजेंसी**

**▸▸ अपराधियों के साथ मिलकर करा सकते हैं मेरी हत्या : गुर्जर**

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के लोनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पर लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी सुरक्षा हटाकर उनकी जान को खतरे में डालने तथा चुनाव प्रचार से दूर रखने का आरोप लगाया है।

उन्होंने जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल उठाए हैं तथा गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर पर विपक्ष से मिलीभगत करने तथा हत्या, रंगदारी और चोरी के मामलों में आरोपियों को सुरक्षाकर्मी मुहैया कराने का आरोप लगाया। विधायक गुर्जर ने उत्तर प्रदेश प्रशासन के अपर मुख्य सचिव (गृह) को संबोधित सात जून को भेजे गये शिकायती पत्र में कहा है कि चुनाव के दौरान पुलिस आयुक्त के आदेश पर उनके सुरक्षाकर्मी वापस ले लिए गए थे, ताकि मुझे चुनाव प्रचार से दूर रखा जा सके और लोनी के संवेदनशील क्षेत्र में भाजपा को संसदीय चुनाव में हार का सामना करना पड़े। गुर्जर ने पत्र में यह भी जिक्र किया है कि पुलिस आयुक्त ने उन्हें बताया कि उनकी सुरक्षा मुख्यमंत्री के निर्देश और अपर मुख्य सचिव गृह के आदेश पर हटाई गई है।

विधायक ने पत्र में यह आरोप भी लगाया कि पुलिस आयुक्त ने हत्या, अपहरण, रंगदारी और चोरी के मामलों में नामजद अपराधियों को सुरक्षा मुहैया कराई है, इससे साबित होता है कि पुलिस आयुक्त और उनके सहयोगी विपक्षियों से मिलकर मेरी हत्या करवाने में लगे हैं। उन्होंने क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर सवाल कर अपर मुख्य सचिव (गृह) से सलाह मांगते हुए लिखा कि आचार संहिता की आड़ में जिले की कानून व्यवस्था 1990 से भी अधिक चरमरा गई है। जिले में कानून व्यवस्था की ऐसी चरमराई स्थिति और असुरक्षित माहौल में मुझे यहीं रहना चाहिए या किसी दूसरे राज्य में शरण लेनी चाहिए? इस मामले में गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र ने अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। गाजियाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की है।

## सांबा : गोलीबारी में रसोइए की मौत

**सांबा/जम्मू, एजेंसी**

**▸▸ परिजन को सौंपा गया शव मुआवजा भी दिया गया**

गलत पहचान के एक मामले में, जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक अग्रिम चौकी के पास संदिग्ध गतिविधि दिखने पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों की गोलीबारी में 26 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान जम्मू जिला स्थित अखनूर इलाके के निवासी वासुदेव के रूप में हुई है। वह सीमा क्षेत्र में निर्माण कार्य में लगी एक कंपनी में रसोइया के रूप में काम करता था।

सांबा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरिंदर चौधरी ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार शुक्रवार देर रात सीमा चौकी रीगल पर एक अप्रिय घटना घटी, जब बीएसएफ कर्मियों ने कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी और चुनौती दिये जाने पर व्यक्ति भयभीत होकर भागने लगा, जिसके बाद जवानों ने गोलियां चला दीं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और आगे की जांच जारी है।

उन्होंने कहा कि शनिवार सुबह पोस्टमार्टम समेत सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मृतक का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया। वासुदेव के साथियों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब वह अपने तंबू से शौच के लिए बाहर गया था। अधिकारियों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद बीएसएफ और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। सांबा के अतिरिक्त उपायुक्त सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी गई है, जिसमें से चार लाख रुपये कंपनी की ओर से और एक लाख रुपये जिला प्रशासन की ओर से दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रम आयोग को भी सूचित कर दिया गया है और वे हिसाब लगाएंगे कि मृतक के परिवार को कितना मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार के एक सदस्य को पुलिस विभाग में विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के रूप में भी समायोजित किया जाएगा।

## हत्या के मामले में 16 अभियुक्तों को उम्रकैद

**औरंगाबाद, एजेंसी**

बिहार के औरंगाबाद जिले की एक अदालत ने वर्ष 2020 में तंत्र-मंत्र के चक्कर में 65 वर्षीय वृद्ध की हत्या के मामले में 16 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) संजय मिश्रा ने कुटुंबा थाने में दर्ज मामले की सुनवाई करते 16 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अपर लोक अभियोजक (एपीपी) राजाराम चौधरी ने शनिवार को बताया कि कुटुंबा थाना क्षेत्र के समदा इब्राहिमपुर गांव निवासी सोनू राम की पत्नी पुष्पा देवी ने 13 अगस्त 2020 को कुटुंबा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज करवा कर गांव के 16 लोगों पर आरोप लगाया था कि उन लोगों ने धारदार हथियारों से उनके ससुर जगदीश राम की हत्या कर दी है। प्राथमिकी के अनुसार गांव के ही भुवनेश्वर राम के पुत्र जुगल राम की 9 अगस्त 2020 को किसी बीमारी से मौत हो गई थी। सभी अभियुक्तों ने उनके ससुर पर तंत्रमंत्र करने का आरोप लगाकर उनकी हत्या कर दी थी।

**पेपर लीक मामला**

## तीन महिला एसआई सहित लोग गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) की टीम ने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 के प्रश्नपत्र लीक मामले में शनिवार को तीन महिला प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों (एसआई) समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

महिला प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) और जोधपुर के मंडोर प्रशिक्षण केंद्र से गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त महानिदेशक (एसओजी) वीके सिंह ने कहा कि परीक्षा देने वाली तीन प्रशिक्षु उप-निरीक्षकों मनीषा सिहाग, अंकिता गोदारा और प्रभा बिश्नोई को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कोटा की खुली जेल में बंदी को गोली मारी

**कोटा, एजेंसी**

**● पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में हुई रिकॉर्ड**

राजस्थान में कोटा की खुली जेल में एक बंदी को शनिवार को पांच बदमाश गोली मारकर और धारदार हथियारों से हमला करके गंभीर रूप से घायल करके फरार हो गये।

जानकारी के अनुसार कोटा की खुली जेल में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहा बंदी शानी नियामत अली रोज की तरह सुबह करीब साढ़े छह बजे कोटा खुली जेल से दुपहिया वाहन पर सवार होकर कोटा में दादाबाड़ी स्थित अपने निवास के लिये रवाना हुआ था। वह अपने घर के नजदीक मोटरसाइकिल खड़ी कर रहा था, तभी पहले से उसकी ताक में बैठे बदमाशों ने उसे गोली मार दी। बाद में दो ओर बदमाश धारदार हथियार लेकर आये और सिर पर वार किए। बाद में पांचों बदमाश मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। शानी नियामत अली वर्तमान में कोटा खुली जेल में हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और उसके अच्छे चाल-चलन को देखते हुए उसे कोटा खुली जेल में रखा गया था।

## दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा हरियाणा : आतिशी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**● बोलीं-यही स्थिति रही तो पूरी दिल्ली को पानी की कमी का सामना करना पड़ेगा**

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने शनिवार को आरोप लगाया कि हरियाणा मुनक नहर के माध्यम से दिल्ली को उसके हिस्से का 1,050 क्यूसेक पानी नहीं दे रहा है। आतिशी ने कहा कि गर्मियों के दौरान जब हरियाणा 1,050 क्यूसेक पानी छोड़ता है तो दिल्ली को लगभग 995 क्यूसेक पानी मिलता है।

उन्होंने कहा पिछले एक सप्ताह से दिल्ली को कम पानी मिल रहा है। दिल्ली को एक जून को 924 क्यूसेक, चार जून को 884 क्यूसेक, छह जून को 856 क्यूसेक और सात जून को 840 क्यूसेक पानी मिला। हर साल गर्मियों में वाष्पीकरण के कारण करीब 59 से 60 क्यूसेक पानी की हानि होती है। अगर 840 क्यूसेक पानी दिल्ली पहुंच रहा है तो इसका मतलब है कि हरियाणा मुनक नहर में पानी नहीं छोड़ रहा है। राष्ट्रीय राजधानी जल संकट से जूझ रही है। आतिशी ने हरियाणा को दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने के लिए जिम्मेदार ठहराया है। आतिशी ने कहा कि यदि यही स्थिति बरकरार रही तो आने वाले दो दिनों में पूरी दिल्ली को पानी की कमी का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले दिन में, आतिशी ने बवाना में मुनक नहर की दो उप-नहरों का दौरा किया। उन्होंने कहा, दिल्ली घरेलू इस्तेमाल के लिए पानी के लिए पूरी तरह यमुना पर निर्भर है। हम अपने घरों में जो पानी इस्तेमाल करते हैं, वह दिल्ली के सात शोधन संयंत्रों से आता है। इन शोधन संयंत्रों में पानी वजीराबाद बैराज और मुनक नहर की दो उप-नहरों से आता है। इन दो उप-नहरों से दिल्ली के सभी सात जल शोधन संयंत्रों में पानी जाता है।

## डी टू गैंग के सरगना अतीक की मौत

**आगरा :** कुख्यात गिरोह डी टू गैंग के सरगना एवं दो लाख रुपये के इनामी बदमाश अतीक पहलवान की आगरा के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। केंद्रीय कारागर के प्रभारी दीपांकर भारती ने बताया कि शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने पर पहलवान को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया कि कानपुर के अनवरगंज के कुली बाजार के निवासी पहलवान को 2007 में दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। अतीक पहलवान ने अपने भाई रफीक, शफीक, बिल्लू, बाले और अफजाल के साथ डी टू गैंग बनाया था। अंतरराज्यीय गैंग ने वर्ष 1985 से 2005 के बीच हत्या की कई वारदात को अंजाम दिया था।

## कड़ी सुरक्षा के बीच अब्बास अंसारी गाजीपुर के लिए रवाना

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**▸▸ मुख्तार अंसारी की प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए मिली है तीन दिन की पैरोल**

**अमृत विचार:** मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी को पैरोल पर गाजीपुर भेज दिया गया। शनिवार दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच उसे जिला जेल से रवाना किया गया। अब्बास अंसारी तीन दिन गाजीपुर में रहकर अपने पिता की प्रार्थना सभा में शामिल होगा। वहां से 12 जून को कांसगंज लाने के बाद अब्बास अंसारी को जिला जेल में दाखिल कर दिया जाएगा।

माफिया मुख्तार अंसारी का विधायक बेटा अब्बास अंसारी कासगंज जेल में निरुद्ध है। जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उसे नौ से 11 जून तक पैरोल मिली है। इसके लिए अब्बास अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी डाली थी, जो मंजूर हो गई। गाजीपुर में अब्बास अंसारी पिता मुख्तार अंसारी की प्रार्थना सभा में शामिल होगा। वकील केशव मिश्रा ने बताया शनिवार दोपहर एक बजे पुलिस अब्बास अंसारी को लेकर गाजीपुर के लिए रवाना हुई। तीन दिन तक अब्बास अंसारी गाजीपुर में रहेगा।




वाराणसी में शनिवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के बाहर नीट-यूजी 2024 के परिणामों के पुन : परीक्षण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करतीं छात्राएं। :एजेंसी

## बाहर से हटा, गुरुद्वारे में लगाया भिंडरावाला का पोस्टर

**संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)**

**● तहसीलदार ने गुरुद्वारे पहुंचकर कमेटी से वार्ता की तो फिर हटाया**

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा में भिंडरा वाला के पोस्टर को लेकर प्रशासन के साथ आंख-मिचौली थमने का नाम नहीं ले रही। शुक्रवार को गुरुद्वारा के बाहर से हटाए जाने के बाद पोस्टर गुरुद्वारा परिसर के अंदर लगा दिया गया। तहसीलदार मौके पर पहुंचे और कमेटी से वार्ता की। इसके बाद पोस्टर हटा दिया गया।

पूरनपुर-खुटार रोड पर स्थित रूरिया गुरुद्वारा के बाहर जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर लगा था। पुलिस ने पोस्टर हटाने को कहा था। निर्धारित समय में पोस्टर न हटाए जाने पर गुरुद्वारा के प्रधान सहित तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। बुधवार रात अज्ञात लोगों ने पोस्टर हटा दिया। इससे आक्रोशित सिख समाज के लोगों ने शुक्रवार को भिंडरावाला का दूसरा पोस्टर लगा दिया था। देर शाम पहुंचे एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने कमेटी से बातचीत की। उसके बाद पोस्टर हटा दिया गया। इसके बाद कमेटी ने पोस्टर को गुरुद्वारे के अंदर लगा दिया। शनिवार शाम तहसीलदार वीरेंद्र कुमार गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होंने कमेटी से बात की। सहमति के बाद अंदर से भी पोस्टर हटा दिया गया।

## नेहा सिंह राठौर की याचिका खारिज

**जबलपुर, एजेंसी**

**● पेशाब की घटना पर कार्टून बनाने का मामला**

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें राज्य में चर्चित पेशाब की घटना के बाद एक कार्टून साझा करने पर उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने की मांग की गई थी।

यह प्राथमिकी पिछले साल नौ जुलाई को छतरपुर के एक पुलिस थाने में एक कार्टून साझा करने पर दर्ज की गई। इस कार्टून में एक अर्धनग्न व्यक्ति दूसरे व्यक्ति पर पेशाब करता हुआ दिख रहा है, जबकि एक खाकी हाफ पैंट फर्श पर पड़ी हुई दिखाई दे रहा है और काली टोपी तथा सफेद शर्ट पहने हुए एक व्यक्ति भी दिखाई दे रहा है।

न्यायमूर्ति जी एस अहलूवालिया ने 15 मई के अपने आदेश में कहा, इस अदालत का विचार है कि हस्तक्षेप करने का कोई मामला नहीं बनता है। आवेदन को खारिज किया जाता है। उच्च न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि आवेदक द्वारा एक्स और इंस्टाग्राम खाते पर साझा किया गया कार्टून उस घटना के अनुरूप नहीं था और आवेदक ने अपनी मर्जी से कुछ अतिरिक्त चीजें जोड़ीं। अदालत के आदेश में कहा कि एक कलाकार को व्यंग्य के माध्यम से आलोचना करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, लेकिन कार्टून में किसी विशेष पोशाक को जोड़ना व्यंग्य नहीं कहा जा सकता है। राठौर ने यह कार्टून तब साझा किया था जब पुलिस ने सीधी निवासी प्रवेश शुक्ला को एक आदिवासी व्यक्ति पर कथित रूप से पेशाब करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर आक्रोश फैल गया था। विपक्षी कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि शुक्ला सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़ा हुआ है।

## जेल में बंद अमृतपाल से मिलने पहुंचे माता-पिता

**डिब्रूगढ़, एजेंसी**

जेल में बंद वारिस पंजाब दे के कार्यकर्ता अमृतपाल सिंह के माता-पिता हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में पंजाब के खडूर साहिब निर्वाचन क्षेत्र से उनके बेटे के निर्वाचित होने के बाद उनसे मिलने शनिवार को डिब्रूगढ़ पहुंचे।

पिता तरसेम सिंह ने कहा कि हम बहुत खुश हैं कि हमारा बेटा चुनाव जीत गया है। हम उससे मिलने आए हैं ताकि उसे भी खुशी हो कि लोगों ने उसे प्यार किया और इतने बड़े अंतर से उसे जीत दिलाई। सिंह ने कहा कि वे उससे (बेटे से) चुनाव जीतने पर उसकी प्रतिक्रिया के बारे में और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए उसके संदेश के बारे में पूछेंगे। उनकी मां जेल कर्मचारियों को मिठाई बांटती नजर आईं। उन्होंने कहा कि वह अपने बेटे के लिए नए कपड़े और जूते लेकर आईं हैं, जिनकी जरूरत उसे सांसद के रूप में शपथ लेने के समय होगी। अमृतपाल की पत्नी के साथ अधिवक्ता और पंजाब के पूर्व सांसद राजदेव सिंह खालसा भी थे।

## रेलवे स्टेशन पर ढाई माह के बच्चे की हत्या

**दमोह, एजेंसी**

**● बच्चे का इलाज कराने जा रहे थे माता-पिता**

मध्य प्रदेश के दमोह जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति ने आज सुबह ढाई महीने के एक बच्चे की हत्या कर दी। बच्चे के पिता लेखराम आदिवासी ने बताया कि शनिवार तड़के उसकी पत्नी रेलवे स्टेशन पर बच्चे को पानी पिला रही थी, उसी समय एक व्यक्ति अचानक वहां आया और उसने मासूम बच्चे को मारना शुरू कर दिया।

जैसे ही मां बच्चे को बचाने लगी, आरोपी ने महिला के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। इसके कुछ समय बाद बच्चे की मौत हो गई। युवक ने बताया कि वह परिवार के साथ दिल्ली से गोंडवाना एक्सप्रेस से दमोह आया था और उसे मडियादो गांव जाना था, लेकिन उसके बच्चे की रास्ते में तबीयत खराब हो जाने पर वह उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जा रहा था। इसी दौरान ये घटना हो गई। इस संबंध में शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) चौकी प्रभारी महेश कोरी का कहना है कि युवक और उसकी पत्नी बच्चे को पानी पिला रहे थे। बच्चा पहले से ही बीमार था। एक व्यक्ति ने आकर हाथापाई की, जिससे बच्चे की मौत हो गई। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### बीएसएफ जवान ने की आत्महत्या

**कांकेर :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में शनिवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपने शिविर में आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल की 162वीं बटालियन के आरक्षक मलय कर्माकर (36) का शव सुबह करीब 10.30 बजे रावघाट पुलिस थाना क्षेत्र में स्थित अपनी बटालियन के शौचालय की छत से फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। उन्होंने बताया कि कर्माकर पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के रहने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**उत्तराखंड**



देवीधुरा के मां बाराही धाम में शनिवार को विश्व कल्याण के लिए श्रीराम ज्ञान यज्ञ कथा शुरू हो गई। कथा के पहले दिन हनुमान मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए बाराही मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में मांगलिक परिधानों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। ● अमृत विचार

# नैनीताल में वीकेंड पर पार्किंग से लेकर होटल तक सब फुल

### शनिवार को सड़कों पर लगी वाहनों की लंबी कतार, जगह-जगह जाम लगने से पर्यटक व आम लोग परेशान

**पर्यटन**

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन चरम पर है। लोकसभा चुनाव के बाद हर दिन हजारों की संख्या में सैलानी नैनीताल, पंगोट, मुक्तेश्वर, भीमताल व सातताल सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे हैं। सैलानियों की भीड़ के कारण कई जगह सड़कों पर जाम भी लग रहा है। जिससे सैलानियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार को वीकेंड पर बड़ी संख्या में सैलानी सरोवर नगरी नैनीताल पहुंचे। सैलानियों की आमद से नगर की सभी पार्किंग और होटल पैक हो चुके हैं। जिसके चलते दिनभर सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली। सुबह से लेकर शाम तक वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे। जाम के कारण स्थानीय लोगों को भी भारी फजीहत उठानी पड़ी। शनिवार को सैलानियों ने नैनी झील में नौकायन का जमकर लुत्फ उठाया। साथ ही बारापत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का भी आनंद लिया। इसके अलावा हिमालय दर्शन, केप गार्डन, सरियाताल, लवर्स पॉइंट आदि पर्यटन क्षेत्रों से नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता को अपने कमरे में कैद किया। इधर, मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



नैनीताल में सैर-सपाटा करते पर्यटक। ● अमृत विचार

### सड़क किनारे खड़े वाहन बन रहे जाम का कारण

नैनीताल : नगर में सड़क किनारे पार्क वाहन इन दिनों जाम का कारण बन रहे हैं। शहर में चारों ओर सड़कों पर अवैध रूप से वाहनों को पार्क करने से राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मालरोड से लेकर तल्लीताल हल्द्वानी रोड, जेल गेट, पुराना कूड़ा घर, यूनिवर्सिटी गेट, बारापत्थर और नैनीताल-भवाली रोड में पार्किंग के नाम पर रोजाना सड़क किनारे वाहन पार्क किए जा रहे हैं। पर्यटक सीजन में सड़क किनारे पार्क वाहन यातायात प्रभावित कर रहे हैं। सड़क में जाम लगने व लोगों की शिकायत के बाद पुलिस की ओर से चालानी कार्रवाई की जा रही है, लेकिन फिर भी सड़क किनारे पार्क वाहन नहीं हटाए जा रहे हैं।

## अल्मोड़ा में एक करोड़ से बनेगा नक्षत्र भवन

**अल्मोड़ा :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डीडीहाट की सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डीडीहाट पिथौरागढ़ के प्राचार्य भास्करानंद पांडे, मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक जुकारिया, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हवालदार प्रसाद, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक तरुण पंत, नियोजन प्रभारी ममता खोलिया द्वारा वार्षिक कार्य योजना 2024-25 को प्रस्तुत किया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि डायट अल्मोड़ा में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से नक्षत्र भवन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जाना है।

# संशोधन के लिए नीट-यूजी ग्रेस मार्क्स की होगी जांच

## नीट परीक्षा विवादः गठित की गई समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंपेगी

नई दिल्ली, एजेंसी




राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक (ग्रेस मार्क्स) वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय एक समिति गठित की है। एनटीए ने कहा कि समिति फिर से जांच करके अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें पेश करेगी, जिससे नतीजों में संशोधन में किया जा सके।

एनटीए ने किसी भी अनियमितता का खंडन करते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव तथा परीक्षा केंद्र में समय जाया होने के लिए दिए गए कृपांक विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं। इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित अनियमितताओं की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पर्चा लीक, धांधली और भ्रष्टाचार कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गए हैं। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर युवाओं को धोखा देने और उनके भविष्य से खेलने का भी आरोप लगाया है। कई वर्गों से पुनः परीक्षा कराने की मांग की जा रही है और आरोप लगाया गया है कि छह परीक्षा केंद्रों पर वक्त जाया होने की भरपाई के लिए दिए गए कृपांक के कारण अंक बढ़ गए हैं जिससे अन्य अभ्यर्थियों के अवसर प्रभावित हुए हैं। ये केंद्र मेघालय, हरियाणा के बहादुरगढ़, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बालोद, गुजरात के सूरत और चंडीगढ़ में हैं। मेडिकल प्रवेश परीक्षा का परिणाम चार जून को घोषित किया गया था। परीक्षा में 67 अभ्यर्थियों ने पहला स्थान प्राप्त किया था, जिनमें से छह हरियाणा के एक ही केंद्र से थे। इस वर्ष परीक्षा के लिए रिकॉर्ड 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था।

एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा-1,500 से ज्यादा अभ्यर्थियों के नतीजों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति एक हफ्ते में अपनी सिफारिशें पेश करेगी और इन अभ्यर्थियों के नतीजों में संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा-कृपांक दिए जाने से परीक्षा के योग्यता मानदंड पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और प्रभावित अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा से प्रवेश प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### महाराष्ट्र सरकार ने नीट परीक्षा को रद करने की मांग की, राज्य के छात्रों के साथ अन्याय का आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने पिछले महीने हुई राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) को तत्काल रद करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि नतीजों में राज्य के छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। देश के 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा का आयोजन किया गया था और चार जून को इसका परिणाम जारी किया गया था, जिसके बाद अभ्यार्थियों ने परिणाम में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए बताया कि 67 अभ्यर्थियों को शीर्ष रैंक के साथ 720/720 अंक मिले हैं, जिसमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यार्थी शामिल हैं। महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को बात करते हुए कहा-शायद नीट की परीक्षाएं पैसे लेकर आयोजित की गई थीं। इसके परिणाम ऐसे हैं कि महाराष्ट्र के किसी भी छात्र को राज्य के सरकारी या निजी कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश नहीं मिलेगा।

## नीतीश के करीबी ने अध्यक्ष को पीएम पद की पेशकश संबंधी दावे को किया खारिज

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी समझे जाने वाले संजय झा ने शनिवार को अपनी पार्टी के प्रवक्ता के. सी. त्यागी के इस दावे को खारिज कर दिया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कुमार को प्रधानमंत्री पद की पेशकश की थी। इससे पहले त्यागी के इस दावे को लेकर राजनीतिक हलचल उत्पन्न हो गई थी कि कुमार को भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ने पर प्रधानमंत्री पद की पेशकश की गई थी। त्यागी ने कहा कि हालांकि जद (यू) ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और नरेन्द्र मोदी को अगले प्रधानमंत्री के रूप में समर्थन दिया। वहीं, त्यागी के बयान के कुछ घंटे बाद झा ने अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता के दावे को खारिज कर दिया।

## मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई नेतृत्व का अधिकार खो दिया: सोनिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- संसदीय दल की प्रमुख बनने के बाद कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर किया प्रहार



कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख फिर से चुने जाने के बाद सोनिया गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा प्रहार किया और कहा कि इस लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक एवं नैतिक हार हुई तथा उन्होंने अब नेतृत्व का अधिकार खो दिया है।

उन्होंने 'संविधान सदन' (पुरानी संसद) के केंद्रीय कक्ष में नवनिर्वाचित सांसदों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि विफलता की जिम्मेदारी लेने की बजाय प्रधानमंत्री रविवार को फिर से शपथ लेने का इरादा रखते हैं। सोनिया गांधी का कहना था, हम उनसे यह उम्मीद नहीं करते हैं कि वे अपने शासन की शैली को बदल देंगे, न ही (वह) लोगों की इच्छा का संज्ञान लेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के तीन सांसदों गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने अनुमोदन किया। सोनिया गांधी 1999 से लगातार पार्टी की संसदीय दल की प्रमुख की जिम्मेदारी निभाती आ रही हैं।

### एक नजर

#### दो आतंकियों की करोड़ों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे दो आतंकवादियों की करोड़ों रुपये की संपत्ति को कुर्क कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, बारामूला के तिलगाम निवासी जलील अहमद राठेर और मोहम्मद अशरफ मीर आतंकवादियों के आकाओं के तौर पर पिछले कुछ समय से पाकिस्तान से गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र न्यायालय से कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद पुलिस ने आठ कनाल और चार मरला जमीन कुर्क की।

#### पूर्वी दिल्ली में दो मंजिला इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार दोपहर एक मकान में आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। एक अधिकारी के अनुसार पूर्वी आजाद नगर में आग लगने की सूचना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मिली थी। उन्होंने बताया कि दो मंजिला इमारत के प्रथम तल पर आग लग गई थी, जिस पर दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से काबू पाया गया। अधिकारी ने बताया कि आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

## उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में लगाई आग

इंफाल, एजेंसी

**मणिपुर में फिर हिंसा**

- उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए एक कमांडो की टुकड़ी भेजी गई

मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों ने शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे बराक नदी के किनारे चोटोबेकरा इलाके में स्थित जिरी पुलिस चौकी को आग के हवाले कर दिया था। राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 220 किलोमीटर दूर स्थित जिले के मोधुपुर क्षेत्र के लामताई खुनौ में पहाड़ी क्षेत्र के संदिग्ध उग्रवादियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर कई हमले किए।

जिरीबाम के जिलाधिकारी ने बताया कि जिरीबाम के बाहरी इलाके के कई घरों में आग लगा दी गई, हालांकि अभी सटीक संख्या की पुष्टि नहीं की जा सकती। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए मणिपुर पुलिस की एक कमांडो टुकड़ी को शनिवार सुबह इंफाल से जिरीबाम भेजा गया। आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने राज्य सरकार से जिरीबाम जिले के लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने का आग्रह किया है। अकोईजाम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा-मैंने जिरीबाम के जिला अधिकारियों से बात की है। उन्होंने कहा कि वहां अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी पहुंच गए हैं। शहर में रहने वाले लोगों को भी सुरक्षा दी जा रही है, लेकिन शहर के सीमाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा रही है।

### हमले के बाद पुलिस अधीक्षक का तबादला

मणिपुर सरकार ने शनिवार को जिरीबाम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ए. घनश्याम शर्मा को संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा जिले में दो पुलिस चौकियों पर आगजनी और हमले की खबरों के बाद स्थानांतरित कर दिया। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिरीबाम के पुलिस अधीक्षक को मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज के अतिरिक्त निदेशक के पद पर तैनात किया गया है। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के अतिरिक्त निदेशक के रूप में कार्यरत एम प्रदीप सिंह, जिरीबाम जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

## पोंजी फर्म का निदेशक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

भुवनेश्वर, एजेंसी

**ओडिशा में 123 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला**

ओडिशा आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने निवेशकों से 123 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में एक कंपनी के निदेशक तुषार भांजो को पश्चिम बंगाल के हरिदेवपुर पुलिस थाने के अंतर्गत उसके आवास से गिरफ्तार किया है।

ईओडब्ल्यू सूत्रों ने कहा आरोपियों ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, असम, त्रिपुरा, महाराष्ट्र और यहां तक कि बंगलादेश के लगभग 34,000 निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की थी। आरोपी निदेशक भांजो को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आयकर अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पांच जून को एसीजेएम, अल्लीपुर, कोलकाता की कोर्ट में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड के आधार पर भुवनेश्वर लाया गया और शनिवार को कटक में अदालत के समक्ष पेश किया गया। कंपनी हरित कृषि निधि लि., मेसर्स ट्रांसविजन ड्रीम मल्टी ट्रेड प्रा. लि. और उसके निदेशक तुषार भांजों के खिलाफ शिकायतकर्ता मनमोहन डोरा के आरोप पर मामला दर्ज किया गया था।

## दिल्ली में 14 लड़कियों सहित 21 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त


**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस, जिला अधिकारियों और स्वैच्छिक संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के समन्वय से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से चलाए गए एक अभियान के तहत दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से 14 लड़कियों सहित लगभग 21 बच्चों को छुड़वाया गया। राष्ट्रीय राजधानी में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बीबीए की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने दिल्ली के उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी जिलों में 10 स्थानों पर छापेमारी की। बीबीए ने कहा-बच्चों को शिक्षा दिलाने का झांसा देकर तस्करी कर लाया गया था।

## एकतरफा कार्रवाई के विरोध में बीकेई ने निकाला रोष मार्च

सिरसा, एजेंसी

**कंगना रनौत हवाई अड्डा प्रकरण**

- बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा



पंजाब के मोहाली हवाई अड्डे पर हुए घटनाक्रम में महिला सीआईएसएफ कर्मचारी कुलविंदर कौर के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भारतीय किसान एकता (बीकेई) ने सिरसा में जोरदार रोष मार्च निकाला गया। रोष मार्च यहां नेहरू पार्क से शुरू होकर जनता भवन रोड से होते हुए सुभाष चौक, शहीद भगत सिंह चौक, सुरखाब चौक पर आकर संपन्न हुआ।

बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की फितरत बन चुकी है कि वह किसानों और उनके परिवारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत का विवादों के साथ पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर पिछले 16 सालों से अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रही हैं। शहीद भगत सिंह एयरपोर्ट पर पिछले ढाई साल से उसकी पोस्टिंग है। इतने लंबे समय में एक भी शिकायत उसके खिलाफ नहीं है। फिर कंगना रनौत के साथ ही ऐसा क्यों हुआ, यह भी जानने का विषय है। अलौख ने कहा कि प्रशासन कुलविंदर कौर द्वारा मोहाली हवाई अड्डे पर कंगना रनौत को थप्पड़ मारने की सच्चाई को छिपाकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहा है। सुश्री रनौत की शुरू से यह आदत रही है कि वह हमेशा भडक़ाऊ बयान देकर समाज में अराजकता फैलाती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भी देश को बांटने वाले और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़वाने वाले बयान देते रहते हैं।

### भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ मामला दर्ज हो : मजीठिया

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने शनिवार को मांग की कि फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ एक सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज होना चाहिए। श्री मजीठिया ने एक्स पर वीडियो संदेश जारी कर इस पर ऐतराज उठाया कि सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और रनौत के खिलाफ नहीं। उन्होंने पंजाब की भगवंत सिंह मान सरकार पर भारतीय जनता पार्टी के दबाव में कार्यवाही करने का आरोप लगाया और मामले की उच्च न्यायालय की निगरानी में जांच करने की मांग की।

### सुरक्षाकर्मियों को कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए : शबाना आजमी



**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने अभिनेत्री से नेता बनीं कंगना रनौत को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला कॉन्स्टेबल द्वारा कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना पर शनिवार को कहा कि सुरक्षाकर्मियों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान एक कॉन्स्टेबल ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

## भारत में अपनी कंपनियों के माध्यम से रोमांचक काम करने को उत्साहित : मस्क

### ईवी कंपनी टेस्ला के मालिक ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनाव में जीत की बधाई देते हुए कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों के माध्यम भारत में रोमांचक कार्य किए जाने को लेकर उत्साहित हैं। मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह उनका प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत पर नरेन्द्र मोदी को बधाई! भारत में मेरी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले रोमांचक काम को लेकर उत्साहित हूं।

इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इससे पहले अप्रैल में टेस्ला संबंधी भारी दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी। मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत दौरे पर रहने वाले थे। इस दौरान उनका प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम था। हालांकि, बाद में उन्होंने एक्स पर ही सूचित किया था कि वे इसी साल बाद में भारत दौरे पर आने के लिए उत्साहित हैं।

पिछले साल जून में मस्क ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वह 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की मस्क की शुभकामनाओं की सराहना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जवाब में एक पोस्ट में कहा कि एलन मस्क, आपकी शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की जनसांख्यिकी, पूर्वानुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति इसके सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी।

## बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आईपीओ के लिए दाखिल किए दस्तावेज


**नई दिल्ली।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 7,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। शेयर बिक्री भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों का पालन करने के लिए की जा रही है, जिसके अनुसार ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) को सितंबर, 2025 तक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना आवश्यक है।

## दूसरी उड़ान के लिए यात्रियों को चेक-इन नहीं ले जाना पड़ेगा अपना सामान

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों का सामान टर्मिनल-1 से सीधे टर्मिनल-3 पर पहुंचाने का प्रस्ताव



दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर उतरकर टर्मिनल-3 से दूसरी उड़ान में सवार होने वाले यात्रियों को जल्द ही अपना चेक-इन सामान नहीं ले जाना पड़ेगा। हवाई अड्डे का परिचालन करने वाली कंपनी डायल यात्रियों के सामान को अंदर ही हस्तांतरित करने की योजना बना रही है।

मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को इस संबंध में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की मंजूरी का इंतजार है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद टर्मिनल-1 से टर्मिनल-3 के बीच यात्रियों के चेक-इन सामान को अंदर ही हस्तांतरित किया जा सकेगा। अधिकारियों ने कहा कि इसी तरह, अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के यात्रियों के लिए टर्मिनल-3 से टर्मिनल-1 तक अंदर ही अंदर सामान के हस्तांतरण पर भी विचार किया जाएगा।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें टर्मिनल-3 से संचालित होती हैं। एक बार नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्रियों को टर्मिनल-3 से कनेक्टिंग फ्लाइट लेते समय अपना सामान साथ नहीं ले जाना होगा।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,400-54,600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 885 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 91,700। |

## पान मसाला और तंबाकू निर्माता कंपनियों को टैक्स चोरी में अब होगी मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

- जीएसटीएन ने तंबाकू निर्माताओं के लिए जारी किया नया फार्म

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कर चोरी रोकने के लिए पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के लिए एक नया फार्म जारी किया है। इस फार्म के जरिए निर्माता कच्चे माल और तैयार माल का ब्यौरा कर अधिकारियों को देंगे। यह नया फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 है।

जीएसटीएन ने इससे पहले ऐसे निर्माताओं की मशीनों के पंजीकरण के लिए जीएसटी एसआरएम-1 फॉर्म जारी किया था। जीएसटीएन ने सात जून को अपने करदाताओं को सूचित किया, फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 नामक दूसरा फॉर्म भी पोर्टल पर उपलब्ध है। पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण में शामिल करदाता अब संबंधित महीने के लिए खरीदे गए और खपत किए गए कच्चे माल और तैयार माल का विवरण बता सकते हैं। मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि नए फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 में कच्चे माल और तैयार माल का विस्तृत मासिक विवरण देना होगा।

## एसकेआरएयू के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

**बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 20वां दीक्षांत समारोह 11 जून को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र होंगे। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने शनिवार को बताया कि विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बी.आर.छींपा, दीक्षांत अतिथि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो.राम बदन सिंह होंगे।

## ब्रिटेन में निवेश करने में महाराष्ट्र-कर्नाटक व दिल्ली शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीआईआई और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार रिपोर्ट में किया गया खुलासा



ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य- महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

इस सप्ताह लंदन में पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों ने 2023 में ब्रिटेन में सबसे अधिक 20 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया। इसके बाद कर्नाटक (12 प्रतिशत) और दिल्ली (8.6 प्रतिशत) का स्थान है। शीर्ष 10 राज्यों में गुजरात (7.1 प्रतिशत), तमिलनाडु (6.7 प्रतिशत), तेलंगाना (6.5 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (5.9 प्रतिशत), हरियाणा (4.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (3.14 प्रतिशत) और केरल (3.05 प्रतिशत) शामिल हैं। यह भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई का 78 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने लंदन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा-भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साकार करेंगे। विश्लेषण में पाया गया कि कंपनियों और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से भारत से एफडीआई लाने वाला अग्रणी क्षेत्र आईटी और सॉफ्टवेयर है। अन्य निष्कर्षों में एक यह भी है कि पिछले वर्ष ब्रिटेन के छात्र वीजा में 5% की वृद्धि के साथ नए भारतीय छात्रों ने कुल मिलाकर ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अनुमानित 4.3 अरब पाउंड का योगदान दिया है।



# भारत-पाकिस्तान के मुकाबले में पिच पर रहेगी नजर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी-20 विश्व कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी जिसका मनोबल पहले ही मैच में मिली अप्रत्याशित हार ने तोड़ दिया है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा भीड़ खींचने वाला मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा। इस मैदान की पिच लगातार चर्चा में बनी हुई है। इसकी भारी आलोचना के बाद आईसीसी ने आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार किया। अब तक इस स्टेडियम पर हुए तीन मैचों की छह पारियों में दो बार ही टीमें सौ रन के पार पहुंच सकी है।

पूर्व क्रिकेटरों को तो यह भी लगता है कि कम स्कोर वाले मैचों से कैसे अमेरिकी बाजार में क्रिकेट का प्रचार प्रसार किया जायेगा। एडीलेड ओवल के मैदानकर्मी डेमियन हाउज के मार्गदर्शन में अप्रैल में यहां चार 'ड्रॉप इन' पिचें बिछाई गई जो अभी तक जम नहीं पाई हैं। पिच से मिल रहा असमान उछाल बल्लेबाजों की सुरक्षा पर सवालिया ऊंगली उठा रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। रोहित ने मैच के बाद कहा था कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि पिच से क्या अपेक्षा की जाये। हम हालात के अनुरूप तैयारी करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा। भारत के मैच के एक दिन बाद आईसीसी को पिच को लेकर तमाम आशंकाओं के निवारण के लिये बयान जारी करना पड़ा।



**मैच का समय : रात आठ बजे**

- नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच की आलोचना के बाद आईसीसी ने इसे स्वीकारा

## क्यूरेटर भी न्यूयॉर्क की पिचों को लेकर भ्रमित हैं : रोहित शर्मा


**न्यूयॉर्क।** नासाउ काउंटी मैदान के पिच के अप्रत्याशित बर्ताव से हैरान भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि उन्हें नहीं पता कि पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले में इससे क्या उम्मीद की जाए क्योंकि यहां की ड्रॉप-इन विकेट को लेकर क्यूरेटर भी भ्रमित हैं। ड्रॉप-इन पिचों को आयोजन स्थल से दूर तैयार करने के बाद मैदान में लगाया जाता है। न्यूयॉर्क में खेले गये मैचों में कम स्कोर बने हैं। इसमें आयरलैंड के खिलाफ भारत का पहला मैच भी शामिल है, जब आयरलैंड 100 से कम स्कोर पर आउट हो गया था। आईसीसी को भी पिच की खामियों को स्वीकार करते हुए एक बयान जारी करना पड़ा। रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि न्यूयॉर्क हमारा घरेलू मैदान नहीं है। हमने यहां दो मैच खेले हैं लेकिन हमें इसकी प्रकृति के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। यह अलग-अलग दिनों में अलग-अलग तरीके से व्यवहार करता है, इसलिए क्यूरेटर भी भ्रमित है। उन्होंने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि हमें किस तरह की सोच रखने की जरूरत है। हम नहीं जानते कि हम किस पिच पर पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं, इसलिए जो भी बेहतर क्रिकेट खेलेगा वह मैच जीतेगा। रोहित ने कहा कि आउटफील्ड धीमी होने से चिंताएं और बढ़ गयी हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि आउटफील्ड धीमी है। कुछ शॉट्स को मैदान पर बहुत अधिक उछाल मिलता है, और कुछ मैदानी शॉट में गति नहीं रहती है। ऐसे में विकेटों के बीच दौड़ना महत्वपूर्ण है। हमें परिस्थितियों के अनुसार खेलने की जरूरत है। रोहित ने कहा कि बेहतर क्रिकेट खेलकर ऐसे बाहरी कारकों को बेअसर किया जा सकता है और टीम के उनके साथी अक्सर कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**पाकिस्तान:** बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मो. रिजवान, नसीम शाह, सैम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।

# पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं कोहली और बुमराहः फवाद आलम

नई दिल्ली, एजेंसी



- एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित उनसे पार पाना होगा काफी मुश्किल

पाकिस्तान के ऑलराउंडर फवाद आलम ने कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को अगर रविवार को होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच में भारत को हराकर टी-20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ियों पर लगाम लगानी होगी। भारत ने जहां आयरलैंड के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शुरुआत की वहीं पाकिस्तान को मेजबान अमेरिका से सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा।

आलम ने कहा कि विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह अपने अनुभव और कौशल से भारत की तरफ से मैच में अपनी छाप छोड़ेंगे। वे बड़ी आसानी से पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित है और उनसे पार पाना वास्तव में बेहद मुश्किल होगा। पाकिस्तान की तरफ से 19 टेस्ट, 34 वन डे और 24 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले आलम ने कहा कि मोहम्मद आमिर को भारत के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन करना होगा जैसा कि उन्होंने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में किया था।

## पाकिस्तान के खिलाफ भारत की स्थिति मजबूत : क्रिस गेल



**न्यूयॉर्क।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भारत को जीत का प्रबल दावेदार करार दिया। गेल ने रविवार को खेले जाने वाले मैच को लेकर आईसीसी से कहा कि पाकिस्तानी टीम का मनोबल गिरा हुआ है और उलटफेर वाली हार के बाद सीधे भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलना चुनौती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 36 रन से हराया

## बल्लेबाज ट्रेविस हेड और डेविड वॉर्नर के बाद गेंदबाज कमिंस और जैम्पा का रहा जलवा

बारबाडोस, एजेंसी

टी-20 विश्वकप के मैंच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 36 रन से हरा दिया है। बारबाडोस के केनसिंगटन ओवल में खेले गए ग्रुप बी के इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए थे। लक्ष्य पाने उतरी इंग्लिश टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर मात्र 165 रन ही बना सकी। टी-20 विश्व कप के 17वें मैच में किसी टीम ने 200 रन का आंकड़ा छूआ है। अब ऑस्ट्रेलिया का सामना 11 जून को नामीबिया से और इंग्लैंड का सामना 13 जून को ओमान से होगा।

इस जीत से ऑस्ट्रेलियाई टीम ग्रुप-बी में दो मैचों में दो जीत और 4 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, स्कॉटलैंड 3 दूसरे स्थान पर है। नामीबिया तीसरे और इंग्लैंड चौथे स्थान पर है।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 201 रन बनाए। सबसे खास बात यह रही कि कोई भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज 40 का आंकड़ नहीं पार कर सका। ट्रेविस हेड और डेविड वॉर्नर ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई थी। दोनों ने 5 ओवर में 70 रन की साझेदारी की।

हेड 18 गेंद में 34 रन और डेविड वॉर्नर 16 गेंद में 39 रन बनाकर आउट हुए। हेड ने दो चौके और तीन छक्के लगाए, जबकि वॉर्नर ने दो चौके और चार छक्के लगाए। हेड को आर्चर ने और वॉर्नर को मोईन अली ने क्लीन बोल्ड किया। कप्तान मिचेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल के बीच 65 रन की साझेदारी हुई। लियाम लिविंगस्टोन ने मार्श को आउट किया। मार्श ने 35 रन बनाएं। आदिल रशीद ने मैक्सवेल (28 रन) को सॉल्ट के हाथों कैच कराया।

क्रिस जॉर्डन ने टिम डेविड को लिविंगस्टोन के हाथों कैच कराया। वह 11 रन बना सके। स्टोइनिस ने 17 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 30 रन की पारी खेली। जॉर्डन ने उन्हें आउट किया। वहीं, मैथ्यू वेड 17 रन बनाकर नाबाद रहे। जवाब में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और फिल सॉल्ट ने 43 गेंद में 73 रन जोड़ लिए थे। इसके बाद एडम जैम्पा ने फिल सॉल्ट और बटलर को पवेलियन भेजा। सॉल्ट 23 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 37 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, बटलर ने 28 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 42 रन की पारी खेली। इन दोनों के आउट होने के बाद इंग्लैंड की पारी धीमी पड़ गई और कोई भी बल्लेबाजी आक्रामक शॉट नहीं लगा पाया।



मैच जीतने के बाद जश्न मनाते आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी।

**स्कोर बोर्ड**

**ऑस्ट्रेलिया : 201/7**, ट्रैविस हेड 34, डेविड वॉर्नर 39, मिचेल मार्श 35, ग्लेन मैक्सवेल 28, मार्कस स्टॉयनिस 30 **गेंदबाज़ी :** मोईन अली 1, जोफ़्रा आर्चर 1, आदिल रशीद 1, क्रिस जॉर्डन 2, लियम लिविंगस्टन 1

**इंग्लैंड : 165/6** फ़िल सॉल्ट 37, जॉस बटलर 42, विल जैक्स 10, मोईन अली 25, हैरी ब्रूक 20*, लियम लिविंगस्टन 15 **गेंदबाज़ी :** जॉश हेज़लवुड 1, पैट कमिंस 2, मार्कस स्टॉयनिस 1, ऐडम ज़ैम्पा 2

# मिलर ने किया नीदरलैंड का शिकार दक्षिण अफ्रीका चार विकेट से जीता

न्यूयॉर्क, एजेंसी

ट्रिस्टन स्टब्स (33) के बाद डेविड मिलर (59*) के साहसिक प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के लो स्कोरिंग मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड्स को 7 गेंद शेष रहते 4 विकेट से हरा दिया।

नैसो काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर नीदरलैंड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 103 रन बनाए, दक्षिण अफ्रीका ने 18.5 ओवर में 6 विकेट पर 106 रन बना कर लक्ष्य हासिल किया। डेविड मिलर ने अपनी टीम को नीदरलैंड के खिलाफ तीसरी हार से बचा लिया। 104 रन के मामूली दिख रहे लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के 4 विकेट (क्विंटन डिकॉक, रीजा हैंड्रिक्स,एडन मार्करम और हेनरिच क्लासेन) 12 रन पर गिर गए। ऐसे समय में मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने टीम के स्कोर को 77 रन तक पहुंचाया। स्टब्स बास डि लीडी की गेंद पर आउट हो गए। मार्को जानसन (3) के तौर पर छठा विकेट गिरने के बाद मैच बराबरी का हो गया था। मिलर ने 19वें ओवर में ही डि लीडे को दो छक्के और एक चौका लगा कर सात गेंद शेष रहते जीत दिला दी। नीदरलैंड को जीत की उम्मीद जगाने में हालांकि गेंदबाजों ने कोई कोरकसर नहीं छोड़ी थी। बल्लेबाजी के बाद गेंद से भी बैन वीक ने प्रदर्शन किया और दो दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को पवेलियन की दिशा दिखायी वहीं विविआन किंगमा ने भी 12 रन देकर 2 अहम विकेट झटके। इससे पहले एंगलब्रेख्त और वैन बीक ने दक्षिण अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के समक्ष जुझारु खेल का प्रदर्शन करते हुये अपनी टीम को लड़ने की स्थिति में पहुंचाया।

ऑटनील बार्टमैन (11 रन पर 4 विकेट) और मार्को यानसन (20 रन पर 2 विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी के समक्ष नीदरलैंड्स के छह बल्लेबाज मात्र 48 रन पर पवेलियन वापस पहुंच चुके थे। ऐसे कठिन समय में वैन बीक क्रीज पर आये और एक छोर पर टिके एंगलब्रेख्त के साथ मिल कर टीम के स्कोर को तीन अंको तक पहुंचाया। नीदरलैंड्स के लिये सातवें विकेट के लिये यह सबसे अधिक रनो की साझीदारी रही। नीदरलैंड्स का स्कोर और ज्यादा हो सकता था मगर आखिरी ओवर में बार्टमैन ने दो रन खर्च कर एक के बाद एक तीन विकेट झटक लिये और नीदरलैंड्स को नौ विकेट पर 103 रनों पर सीमित कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिये अनरिख़ नॉर्खिये (19 रन पर दो विकेट) तीसरे सफल गेंदबाज रहे। हालांकि उनके लीड गेंदबाज कागिसो रबाडा विकेट चटकाने में असफल रहे।



मैच जीतने के बाद नीदरलैंड के माइकल लेविट से हाथ मिलाते डेविड मिलर।


**स्कोर बोर्ड**

**नीदरलैंड्स :** 103/9, विक्रमजीत सिंह 12, साइब्रैंड एंगलब्रेख्त 40, लोगन वैन बीक 23, **गेंदबाज़ी :** मार्को यानसन 2, ऑटनील बार्टमैन 4, अनरिख़ नॉर्खिये 2

**साउथ अफ़्रीका :** 106/6 (18 .5 ओवर) ट्रिस्टन स्टब्स 33, हाइनरिक क्लासन 4, डेविड मिलर 59*, मार्को यानसन 3 **गेंदबाज़ी :** विवियन किंगमा 2, लोगन वैन बीक 2, बास डलीडे 1

## खेल डायरी

### अंशु ने बुडापेस्ट में जीता रजत



**बुडापेस्ट।** भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक फाइनल में चीनी की केक्सिन होंग से पार पाने में नाकाम रही और उन्हें बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट के 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। अंशु को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 1-12 से हार झेलनी पड़ी। भारत की अंतिम पंघाल ने इससे पहले 53 किग्रा वर्ग में रजत जीता जबकि स्टार पहलवान विनेश फोगट 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की जियांग झू से 0-5 से हार गईं थीं। अंशु ने मोल्दोवा की अनास्तासिया निचिता के खिलाफ 6-5 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। उन्होंने विश्व चैंपियन झांग क्यूई की चुनौती को 2-1 से पार करके एक और चीनी खिलाड़ी से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सहरावत ने पहले दिन रजत जीता था।

### भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 2-4 से हारी



**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में 6 हार का क्रम शनिवार को जर्मनी के खिलाफ 2-4 से मैच गंवाकर रोकने में विफल रही। भारतीय टीम दो गोल की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी, जिससे उसे सातवीं हार मिली। सुनिलिता टोप्पो (नौवें मिनट) और दीपिका (15वें मिनट) ने शुरुआती क्वार्टर में गोल किए लेकिन जर्मनी की विक्टोरिया हस (23वें और 32वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया। स्टिन कुर्ज (51वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 55वें मिनट में जूल ब्लूएल ने मैदान गोल दाग कर जर्मनी की जीत पक्की कर दी। भारत पिछले महीने एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ सभी 4 मैच हार गया था। भारतीय टीम रविवार को इस दौरे का आखिरी मैच ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।

### अदिति एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त 51वें स्थान पर



**गैलोवे (अमेरिका)।** भारत की अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई तथा पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाने के बाद वह संयुक्त 51वें स्थान पर हैं। अदिति का इस सत्र में प्रदर्शन औसत रहा है। उन्होंने पहले 10 होल में चार बर्डी बनाईं, लेकिन उसके बाद दो शॉट गंवा दिए। थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने 10 अंडर 61 का कार्ड खेलकर एकल बढ़त हासिल की। उनके पास एक समय 59 का भी कार्ड खेलने का मौका था। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन और नारिन एन क्रमश : 63 और 64 का कार्ड खेल कर दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सात खिलाड़ियों ने 6 अंडर 65 का कार्ड खेला और वे संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

# बांग्लादेश ने श्रीलंका को 2 विकेट से हराया

डैलस, एजेंसी

श्रीलंका को बांग्लादेश ने शनिवार को रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हरा दिया। ग्रैंड प्रायरी स्टेडियम में श्रीलंका ने पहले खेलते हुए 9 विकेट पर 124 रन बनाए, जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 125 रनों का लक्ष्य 6 गेंद शेष रहते 8 विकेट के नुकसान पर हासिल किया।

ग्रुप डी के मुकाबले में श्रीलंका एक समय 4 विकेट पर 100 रन बनाकर मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ रहा था मगर रिशाद हुसैन (22 रन पर 3 विकेट) ने 15वें ओवर में दो गेंदों पर चरिथ असलंका (19) और कप्तान वानिंदु हसरंगा (0) का विकेट लिया। अगले ओवर में धनंजय डिसिल्वा (21) को चलता किया। इसके बाद श्रीलंका के 5 खिलाड़ी महज 24 रन ही बना सके। रिशाद हुसैन के अलावा मुस्तफ़िज़ुर रहमान (17 रन पर 3 विकेट) ने श्रीलंका को मौका नहीं दिया। तस्किन अहमद ने 2 विकेट लिए। पथुम निसंका (47) ने 28 गेंदो में 7 चौके और 1 छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश एक समय 3 विकेट खोकर मात्र 28 रनों पर संघर्षरत थी मगर तौहीद हृदोय (40) और लिटन दास (36) ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को धुना। तौहीद ने चार छक्के लगाए और हसरंगा की गेंद पर आउट हुए, वहीं, दास भी हसरंगा के 108वां शिकार बने। 18वें ओवर में नुवान तुषारा में रिशाद और तस्किन को आउट किया मगर जीत के लिए आखिरी दो ओवर में जरुरी 12 रनों को महमुदउल्लाह (16 नाबाद) ने बांग्लादेश की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया।



बांग्लादेश को जीत दिलाने के बाद महमुदउल्लाह।

# अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर किया बड़ा उलटफेर

जार्जटाउन, एजेंसी

कप्तान राशिद खान और फजलहक फारूकी की गेंदबाजी के बाद गुरबाज की बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने ग्रुप सी के मैच में न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर सुपर आठ चरण में प्रवेश का दावा पुख्ता कर दिया।

जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आल आउट हो गई जो उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है। फारूकी और राशिद दोनों ने 17-17 रन देकर 4-4 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी को आई अफगानिस्तान के गुरबाज और इब्राहिम जदरान में पहले विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी पर 6 विकेट पर 159 रन बनाए। गुरबाज ने 56 गेंद में 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। वहीं इब्राहिम 44 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान अब दो मैचों में 4 अंक लेकर शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज और युगांडा उसके बाद हैं जबकि पापुआ न्यू गिनी और न्यूजीलैंड ने खाता नहीं खोला है। अफगानिस्तान का सामना अब पापुआ न्यू गिनी से और न्यूजीलैंड की टक्कर वेस्टइंडीज से होगी। गुरबाज और इब्राहिम ने युगांडा पर पहले मैच में मिली 125 रन से जीत में 154 रन की साझेदारी की थी।



# कार्लसन ने जीता खिताब, प्रज्ञाननंदा से हारे नाकामूरा

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी


भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर अपने अभियान का अंत किया और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया।

विजेता बनने पर उन्हें 65000 डॉलर की इनामी राशि मिली। उन्होंने प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की। इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मगेडन दोनों शामिल हैं। नाकामुरा ने अंतिम दौर में हारने के बावजूद 15.5 अंक के साथ दूसरा स्थान पाया जबकि प्रज्ञाननंदा 14.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रज्ञाननंदा के लिए यह राहत की बात रही कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में विश्व के चोटी के तीन खिलाड़ियों को हराया।

**नॉर्वे शतरंज**



आर प्रज्ञाननंदा



मैग्नस कार्लसन

### महिला खिलाड़ियों ने भी अंक किए अर्जित

महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने 19 अंक लेकर पहले, अन्ना मुजीचुक 16 अंकों से दूसरे, बाद लेई (14 .5), भारत की आर वैशाली (12 .5) और कोनेरू हम्पी (10) तथा पिया क्रैमलिंग (8) का नंबर आता है।

# इगा स्वियातेक ने लगाई खिताबी हैट्रिक

पेरिस, एजेंसी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शनिवार को फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार महिला एकल का खिताब जीता। पोलैंड की स्वियातेक ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाने वाली पाओलिनी को 6-2, 6-1 से हराया।

स्वियातेक पहले सेट में 1-2 से पीछे चल रही थी, इसके बाद उन्होंने लगातार 10 गेम जीते। पाओलिनी ने दूसरे सेट के छठे गेम में अपनी सर्विस बचाई लेकिन स्वियातेक ने अपनी सर्विस पर आसानी से मैच अपने नाम किया। स्वियातेक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यह स्थान बहुत पसंद है। मैं हर साल यहां आने की प्रतीक्षा करती हूं। स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 21 मैच तक पहुंचा दिया है। रोला गैरां में अब उनका रिकॉर्ड 35-2 हो गया है। जस्टिन हेनिन के बाद पोलैंड की स्वियातेक पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन में लगातार तीन खिताब जीते। स्वियातेक ने 2020 में भी फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन में भी जीत हासिल की थी। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में उनका रिकॉर्ड 5-0 हो गया है। पाओलिनी ने कहा कि मैं आपको बधाई देती हूं इगा। मुझे लगता है कि आपके खिलाफ खेलना बड़ी चुनौती है। पाओलिनी के पास हालांकि महिला युगल का खिताब जीतने का मौका है, जिसमें उन्होंने सारा ईरानी के साथ जोड़ी बनाई है। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी से होगा।



महिला फाइनल में जीत के बाद ट्रॉफी के साथ पोलैंड की इगा स्विएटेक।

### कार्लोस अल्काराज का फाइनल में होगा अलेक्जेंडर ज्वेरेव से सामना

**पेरिस।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने चार घंटे नौ मिनट तक चले मैराथन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के यानिक सिनेर को हराकर फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। अल्काराज ने पहली बार रोलां गैरो पर फाइनल में जगह बनाई। अब वह क्लेकोर्ट पर फ्रेंच ओपन फाइनल खेलेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज का सामना चौथी वरीयता प्राप्त जर्मनी के ज्वेरेव से होगा जिन्होंने नॉर्वे के कैस्पर रूड को सेमीफाइनल में मात दी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

